श्री दौलतराम गौड़ प्रणीत

विधान प्रकाश पद्धति

भाषा-टीका

टीकाकार- अशोक कुमार गौड़

प्रकाशक :-

श्री ठाकुर प्रसाद पुस्तक भण्डार

कचौड़ीगली, वाराणसी

वेदाचार्य पं० दौलतराम गौड स्मारक ग्रन्थमाला की १८ वीं पुष्पलता

पं० दौलतराम गौड वेदाचार्य प्रणीत—

विधान-प्रकाश-पद्धतिः

'अशोकेन्दु हिन्दी टीका तथा हरि-पुष्प टिप्पणी से अंलकृत'

टीकाकार

वैदिक पं० अशोक कुमार गौड

अध्यक्ष-भारतीय कर्मकाण्ड मण्डल, वाराणसी

प्रकाशक :

श्री ठाकुर प्रसाद पुस्तक भण्डार

कचौड़ी गली, वाराणसी-२२१००१

द्वितीय संस्करण] सन् १९९८ ई. [मूल्य १००/- रुपये

समर्पित

जिनका चारों वेदों पर पूर्ण अधिकार था

व्याकरण, धर्मशास्त्र मीमांसा जिनकी जिह्वा पर थी

जो समस्त शास्त्रों के उद्भट्ट ज्ञाता थे

जो वैदिक वाङ्मय के जन्मसिद्ध अधिकारी थे

जो धर्म प्राण व सदैव सत्यव्रत निरत थे

ऐसे

साक्षात् वेद स्वरूप

मेरे पितामह

महामहोपाध्याय स्व० पं० विद्याधर जी शास्त्री गौड

पूर्व संकायाध्यक्ष—प्राच्यविद्या व धर्मविज्ञान विभाग

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

वाराणसी

के

कमनीय कर—कमलों में

सादर—समर्पित

अशोक कुमार गौड

श्रद्धा के प्रसून

वेदवल्ली विलूना सा, गता सौहार्दमाधुरी।
विधवा भारती भूता, गते विद्याधरे दिवम्॥
(म. म. पा. पं. हरिहर कृपालु जी द्विवेदी)

सर्वतन्त्र–स्वतन्त्र
महामहोपाध्याय पं० विद्याधर जी गौड शास्त्री अग्निहोत्री

यस्मिन् प्रशस्तमति-शालिनि गौड्धुर्ये
विद्याधरे सुफलिताऽखिलवेदविद्या।
तस्मिन् सुरेश्वरपदङ्गमितेऽत्र तस्याः,
सिंहासनं मुषितरत्नमिवाद्य जातम्॥
गोस्वामी श्री पं. दामोदर लाल जी

श्रद्धा के प्रसून

विधान–प्रकाश–पद्धतिः के प्रणेता

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित

स्व० पं० दौलतराम जी गौड वेदाचार्य

विधान–प्रकाश पद्धतिः–के टीकाकार

वैदिक पं० अशोक कुमार गौड

भूमिका

मुझे यह जानकर हार्दिक आह्लाद और परम संतुष्टिपूर्ण हर्ष हो रहा है कि वेदाचार्य पंडित दौलतराम जी गौड के सुपुत्र श्री अशोक कुमार गौड ने अपने वेद-विद्या-वर्चस्वी पिताजी के सुख्यात ग्रंथ 'विधान प्रकाश पद्धतिः' की अत्यन्त उपादेय और सरल हिन्दी-टीका करके उसे प्रकाशित करने का निश्चय किया है।

वैदिक कर्मकाण्ड और श्रौत-स्मार्त यज्ञ करनेवाले याज्ञिक-पंडितों के लिए तो, यह ग्रन्थ सहायक और पथ-प्रदर्शक होगा ही, साथ ही जो जिज्ञासु वैदिक आचार और यज्ञ-यागादि का मूल रहस्य और उसका सम्यक् विधान जानने के इच्छुक होंगे, उनकी भी सभी जिज्ञासाओं की तृप्ति इस ग्रन्थ से हो सकेगी।

वेदाचार्य पंडित दौलतराम गौड स्मारक ग्रन्थ माला की १८वीं पुष्पलता में प्रकाशनीय इस 'विधान-प्रकाश-पद्धतिः' नामक ग्रन्थ में तीन प्रकरण समाविष्ट है-

प्रथम प्रकरणमें-शिव, पार्थिव, सूर्य और लक्ष्मी के पूजन का सविस्तार विधान समझाकर काली, दुर्गा, लक्ष्मी, गणेश व हनुमत् के विग्रह की प्रतिष्ठा का भी पूर्ण कर्मकाण्ड दे दिया गया है।

द्वितीय प्रकरणमें-लक्ष्मीयाग, लक्ष्मीनारायणयाग, गणेशयाग, शिवशक्ति-याग तथा सभी प्रकार के यज्ञों में अनिवार्य रूप से संपादनीय गणेश आदि देवों के विधि पूर्वक अर्चन का व्यवस्थित विवरण दे चुकने के पश्चात् विष्णुयागस्वाहाकार, विश्वशांतियाग-स्वाहाकार, रुद्रयाग स्वाहाकार तथा गणेशयाग-स्वाहाकार तथा अन्य यज्ञों के स्वाहाकार के वैदिक मंत्रों का समावेश भी कर दिया गया है। साथ ही साथ सभी यज्ञों के न्यासों को भी टीकाकार ने सविधि प्रस्तुत किया है।

क्योंकि आजकल बहुत से वैदिक विद्वान् अनेक प्रकार के स्मार्तयज्ञ कराने तो लगे हैं किन्तु, उनमें किन-किन मंत्रों का कहाँ

किस प्रकार विनियोग होता है, इसका पूर्ण ज्ञान न होने से यज्ञ का पूर्णफल नहीं प्राप्त होता है। अत: यह प्रकरण सभी प्रकार के यज्ञ कराने वालों के लिए नितान्त आवश्यक रूप से ज्ञातव्य है।

तृतीय प्रकरणमें—विभिन्न प्रकार के यज्ञों के विविध-प्रकार के कुण्डों के निर्माण का प्रामाणिक विधान समझा कर दिया गया है। इसके साथ ही साथ ग्रहों के कुण्डों का भी समावेश किया गया है। क्योंकि कुण्ड-निर्माण तो सम्पूर्ण वैदिक कर्मकाण्ड की आत्मा है।

इस प्रकार यह ग्रन्थ सब प्रकार के प्रत्येक वैदिक कर्म के लिए महान् ज्ञान-प्रदीप बन गया है, जिसका सुलभ आलोक पाकर वैदिक कर्मकाण्डी, विद्वान् सुविधा पूर्वक, यज्ञ कर्म संपादित करा सकेगें। ५२० पृष्ठों में ही विद्वान् सम्पादक और टीकाकार ***श्री अशोक कुमार गौड*** ने इतनी सब सामग्री सन्निविष्ट करके गागर में सागर भरने का अपूर्व श्लाघनीय प्रयास किया है। मैं हृदय से उनके इस सात्विक आयाम का अभिनन्दन करते हुए, उन्हें बधाई देता हूँ और विश्वास करता हूँ कि, वैदिक समाज में इस ग्रन्थ का व्यापक समादर होगा।

—सीताराम चतुर्वेदी

वेदपाठी भवन
मुजफ्फनगर
उत्तरप्रदेश (भारत)

सम्मति

भारतीय संस्कृति के रक्षक, सनातनधर्म के प्रतिपालक, दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश *श्री विपिनचन्द्रा नन्द सरस्वती* (जज स्वामी) की सम्मति–

वेद व धर्मशास्त्र के मूर्द्धन्य विद्वान् श्री स्वर्गीय पण्डित दौलत राम जी गौड़ वेदाचार्य के सुपुत्र श्री अशोक कुमार गौड़ ने अपने पिता श्री के विख्यात ग्रन्थ 'विधान प्रकाश पद्धति:' की अत्यन्त सरल हिन्दी–टीका करके प्रकाशित करने का निश्चय किया है।

प्रस्तुत ग्रन्थ में तीन अंश समाविष्ट है। जिसमें क्रमश: पूजन, प्रतिष्ठा, यज्ञ, विविध प्रकार के यज्ञों के स्वाहाकार के वैदिक मंत्र व यज्ञों के न्यासादि तथा विविध प्रकार के कुण्डों के निर्माण की विधि भी प्रस्तुत की गई है।

ग्रन्थ को उपयोगी बनाने के हेतु परिशिष्ट भाग में अत्यन्त 'कर्मकाण्डोपयोगी' विषयों का समावेश, अद्वितीय रूप से किया गया है। विशिष्ट--परिशिष्ट में महत्वपूर्ण वैदिक विषयों पर विचार भी प्रस्तुत किया गया है। 'विधानप्रकाश पद्धति' नामक इस ग्रन्थ का आश्रय लेकर सम्पूर्ण कर्मकाण्ड विधिवत् कराया जा सकता है।

टीकाकार श्री अशोक कुमार गौड ने इस ग्रन्थ में उन सभी वैदिक व कर्मकाण्ड से सम्बन्धित विषयों का समावेश किया है, जिसकी आवश्यकता वैदिक, कर्मकाण्डी तथा वेद का अध्ययन करने वाले छात्रों व वेद व कर्मकाण्ड के जिज्ञासुओं को आज के समय में पड़ती है। इस ग्रन्थ में कर्मकाण्ड की गूढ़ और सूक्ष्म विधियों तथा रहस्यों का बड़ी कुशलता से उद्घाटन किया गया है।

मैं टीकाकार तथा सम्पादक ***श्री अशोक कुमार गौड*** को उनकी इस रचना तथा हिन्दी टीका करने के उपलक्ष में हार्दिक बधाई देते हुए, उनके आगामी सुन्दर भविष्य की कामना करता हूँ।

—*विपिनचन्द्रनन्द सरस्वती 'जज-स्वामी'*

सम्मति

उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित, वेद के अद्वितीय विद्वान् पूर्व वेद विभागाध्यक्ष 'गोयनका संस्कृत महाविद्यालय' वाराणसी के *श्री पंडित वंशीधर मिश्र वेदाचार्य* की सम्मति–

साहित्य के मूर्द्धन्य विद्वान् श्री पंडित सीताराम चतुर्वेदी जी ने इस ग्रन्थ की भूमिका में इस ग्रन्थ को 'अगाध ज्ञान प्रदीप' की संज्ञा से विभूषित किया है, जो वास्तव में इस ग्रन्थ के अनुरूप ही है, क्योंकि इस ग्रन्थ में पूजन, प्रतिष्ठा, यज्ञ, स्वाहाकार, कुण्ड निर्माणादि और परिशिष्टादि में विविध महत्वपूर्ण विषयों का चयन जिस क्रम से किया गया है, वह अत्युत्तम क्रम है, ऐसे ग्रन्थ की विशेष आवश्यकता भी थी।

इस ग्रन्थ के टीकाकार, *श्री अशोक कुमार गौड* ने जिस परिश्रम से ग्रन्थ का निर्माण कर अथ से इति पर्यन्त तक जिस शास्त्रीय परम्परा का निर्वाह किया है; वह वास्तविक रूप से प्रसंशनीय है।

इस महत्वपूर्ण ग्रन्थ का अवलोकन कर वैदिक, कर्मकाण्डी, विद्वत् वर्ग तथा अध्ययनरत संस्कृत के छात्र, टीकाकार के प्रति उपकृत होंगे।

शुभ कामनाओं सहित–

—वंशीधर मिश्र वेदाचार्य

डी. १५/२५ मान मन्दिर
वाराणसी–२२१००१

प्रस्तावना

समस्त हिन्दू जाँतिका प्राचीन धर्म ग्रन्थ वेद है, वेदों में कर्मकाण्ड, उपासनाकाण्ड व ज्ञानकाण्ड का विस्तृत वर्णन प्राप्त होता है। इन तीनों में सर्वप्रथम स्थान 'कर्मकाण्ड' को ही प्राप्त है। क्योंकि हमारे शास्त्रज्ञों व धर्माचार्यो ने स्वयं ही वेद की नित्यता को स्वीकार किया है।

क्योंकि मनुष्य के उत्पन्न होने से मृत्यु तक जो भी संस्कार किये जाते हैं, उनमें वैदिक मन्त्रों का आश्रय लिए बिना उनको कर्मकाण्डिक रीति से पूरा नहीं कराया जा सकता है।

प्रत्येक युग में कर्मकाण्ड के द्वारा ही पूजन, प्रतिष्ठा, यज्ञादि विविध प्रकार के वैदिक कर्मो को निष्पन्न किया गया है, जिनमें वैदिक मन्त्रों का ही प्रयोग होता था। क्योंकि–

अनन्तः वै वेदाः-अर्थात्–वेद तो अनन्त है।

इन्हीं वैदिक मन्त्रों के प्रयोग से कर्मकाण्ड के विविध वैदिक कर्मो को संपन्न कराया जाता है।

वेदाचार्य स्वर्गीय पंडित दौलतराम गौड़ स्मारक ग्रन्थ माला की १८वीं पुष्पलता 'विधान प्रकाश पद्धतिः' नामक यह ग्रन्थ मेरे पिताजी के द्वारा प्रणीत है, जिसकी अत्यन्त सरल हिन्दी–टीका करके आप सभी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

'विधान-प्रकाश-पद्धतिः' तीन अलग–अलग शब्दों से बना हुआ एक पूर्ण वाक्य है, जिसके नाम के उच्चारण करने मात्र से एक पूर्ण 'ग्रन्थ' का बोध होता है।

विधान–'वि' उपसर्ग पूर्वक 'डु' तथा 'ञ्' इत्संज्ञक धारण–पोषणार्थक 'धा' धातु से 'ल्युट्' प्रत्यय होने से 'विधान' शब्द बनता है।

प्रकाश–'प्र' उपसर्ग पूर्वक दीप्त्यर्थक ऋकार इत् संज्ञक 'काश' धातु से 'घञ्' प्रत्यय होने से प्रकाश शब्द बनता है।

पद्धति–इसमें चरणार्थक पद शब्द है तथा (हन्) धातु के 'क्तिन्' प्रत्यय करने से 'हति' शब्द बनता है। इन दोनों शब्दों को जोड़ने से ही 'पद्धति' शब्द बनता है।

यदि इस 'विधान प्रकाश पद्धतिः' को विशेष वैदिक कर्मो को प्रकाश में लाने की विधि कहा जाये, तो सम्भवतः यह अतिशयोक्ति न होगी।

वर्तमान समय में इस ग्रन्थ में तीन अंश समाविष्ट है तथा जिसमें उन्हीं विषयों का समावेश, जिसकी आवश्यकता आज के युग में प्रत्येक वैदिक व कर्मकाण्डी को पड़ती है।

कागज की बढ़ती हुई मूल्यवृद्धि को ध्यान में रखते हुए अधिकांश विषयों को संक्षिप्त तथा कुछ विषयों का समावेश नहीं कर सका, जिसका मुझे नितान्त दुःख भी है, अगले संस्करण में निःसंदेह उन विषयों का समावेश इस ग्रन्थ में करूँगा।

आज स्मृति ही जिनकी अवशेष बची है, उन सर्वतन्त्र-स्वतंन्त्र शिवस्वरूप अपने 'पितामह' *स्व० पं० विद्याधर जी शास्त्री* पूर्व अध्यक्ष–प्राच्य विद्या व धर्म विज्ञान संकायाध्यक्ष, काशीहिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के चरणकमलों में इस ग्रन्थ को श्रद्धा सहित समर्पित करता हूँ।

भारत विख्यात साहित्य के विद्वान् *श्री पं० सीताराम चतुर्वेदी* जी का मैं आभारी रहूँगा, जिन्होंने इस ग्रन्थ की भूमिका लिखी है। उन विद्वानों का भी मैं आभारी हूँ, जिन्होंने अपनी सम्मति तथा शुभकामना संदेश प्रदान कर ग्रन्थ की शोभा को बढ़ाया है।

मैं उन विद्वानों का आभारी हूँ जिन्होंने इस ग्रन्थ के विषय में अपने महत्वपूर्ण विचार अपनी उद्‌भट् लेखनी से व्यक्त किये हैं। साथ ही साथ अपने प्रिय बन्धु ***पं० शेषधर मिश्र*** जी का आभारी हूँ जिन्होंने संशोधन कार्य में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया।

मानवरूपी शरीर प्राप्त होने के कारणवश इस ग्रन्थ में कुछ कमियों एवं अशुद्धियों का होना स्वाभाविक ही है; अगले संस्करण में संशोधन करके उन कमियों व अशुद्धियों को दूर करने का पूर्ण प्रयास करूँगा।

भारतीय कर्मकाण्ड मण्डल
महामहोपाध्याय विद्याधर गौड लेन
डी ७/१४, संकरकन्दगली
वाराणसी–२२१००१
दूरभाष : ३२७१६०

भवदीय
अशोक कुमार गौड
विक्रम सं. २०५५

विषय—प्रवेश

अनुक्रमणिका　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　पृष्ठ संख्या

प्रथमअंश

१. शिव पूजनम्	१७
२. शांतिसारोक्त पार्थिव पूजनम्	४०
३. सूर्यपूजनम्	४३
४. महालक्ष्मी नित्यपूजा	६२
५. दुर्गा–प्रतिष्ठा	७५
६. लक्ष्मी–प्रतिष्ठा	६८
७. काली–प्रतिष्ठा	१०८
८. गणेश–प्रतिष्ठा	१३५
९. हनुमत–प्रतिष्ठा	१६०

द्वितीयअंश

१०. लक्ष्मी–याग	२११
११. होमात्मकोलक्ष्मीनारायणयाग	२६७
१२. गणेश–याग	२८६
१३. शिव–शक्तियाग	३१०
१४. यज्ञों में गणेशआदि का अर्चन प्रकार	३३४
१५. विष्णुयाग स्वाहाकार मंत्राः	३५६
१६. विश्वशान्तियाग स्वाहाकार मंत्राः	३६१
१७. रुद्रयाग स्वाहाकार मंत्राः	३६४
१८. गणेशयाग स्वाहाकार मंत्राः	३७८
१९. सूर्ययाग स्वाहाकार मंत्राः	३७९
२०. नवग्रहयाग स्वाहाकार मंत्राः	३८१
२१. लक्ष्मीयाग स्वाहाकार मंत्राः	३८५
२२. प्रजापतियाग स्वाहाकार मंत्राः	३८६

२३. विष्णुयाग मंत्र न्यास विधिः ३८८
२४. रुद्रयाग मंत्र न्यास विधिः ३९०
२५. लक्ष्मीयाग मंत्र न्यास विधिः ३९१
२६. गणेशयाग मंत्र न्यास विधिः ३९३
२७. विश्वशान्तियाग मंत्र न्यास विधिः ३९५
२८. नवग्रहयाग मंत्र न्यास विधिः ३९५

तृतीयअंश

२९. कुण्डनिर्माण में आवश्यक बातें ३९८
३०. विविधप्रकार के कुण्डों का निर्माण ४०६
३१. ग्रहों की आकृति बनाने का प्रकार ४३५
३२. प्रत्येक ग्रहों के कुण्ड बनाने का प्रकार ४४२
३३. ग्रहकुण्डों में योनि का स्थान निर्देश ४५५

परिशिष्ट

३४. एकवस्त्र स्नान प्रयोगः ४५८
३५. रुद्रस्नान प्रयोगः ४६४
३६. षड्ग्रहयोग शान्ति प्रयोगः ४६७
३७. हवनात्मक महारुद्र स्नान प्रयोगः ४७०
३८. विष्णवादिप्रतिष्ठादौ मूर्ति न्यासः ४८२

विशिष्ट परिशिष्ट

३९. विविध विषयों पर आवश्यक विचार ४९६
४०. विविध देवी-देवताओं के गायत्री मंत्र ५०३
४१. पूजन-सामग्री ५०४
४२. प्रतिष्ठा-सामग्री ५०५
४३. यज्ञ-सामग्री ५११
४४. यमुना-स्तोत्रम् ५१६
४५. त्रिपुरसुन्दरी स्तोत्रम् ५१८

विधान-प्रकाश-पद्धतिः

'भाषा-टीका सहित'

मङ्गलाचरणम्—

नत्वा वारं वारं श्रीमद्विश्वेश्वरं सपरिवारम्।
विधानप्रकाशाख्यं ग्रन्थं बहुविस्तरं कलये॥
श्रीविश्वेशमजस्त्रसेवनतया यः वेदविद्यानिधिं
साङ्गोपाङ्गमधीत्य विश्वविदितः ख्यातिं सदा लब्धवान्।
मीमांसा-बहुधर्मशास्त्रविषये यज्ञादिकार्ये तथा
नैपुण्यं निगदन्ति यस्य सुधियः तस्याऽस्ति रम्या कृतिः॥
श्रीमद्दौलतराम-संज्ञक-सुधीः तातो मम स्वर्गतः
दत्वाशीर्वचनं तदीय-कृपया शास्त्राण्यनेकान्यहम्।
बारम्बारमनन्यचिन्तनतया संचिन्त्य ग्रन्थं त्वमुं।
नूत्नैः सद्विषयैः विभूष्य तिलकं कुर्वे कनिष्ठात्मजः॥

अशोक कुमार गौड

शिव मृत्युंजय यंत्र

दो सौ वर्ष पूर्व की दुर्लभ कृति से उद्धृत–'शिव मृत्युंजय यंत्र'

विधान-प्रकाश-पद्धतिः

शिव[1] पूजनम्

पूजनकर्ता पूर्वाभिमुख शुद्ध कुशा अथवा कम्बलासन पर बैठ कर पूजन सामग्री एवं स्वंय को निम्न मंत्र के द्वारा जल छिड़कर पवित्र करे-

ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।

यः स्मरेत् पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः॥

ॐ पुण्डरीकाक्षः पुनातु, ॐ पुण्डरीकाक्षः पुनातु, ॐ पुण्डरीकाक्षः पुनातु।

तत्पश्चात् आचमन एवं प्राणायाम करे, तथा शिवपूजन के निमित्त यह संकल्प करे-

संकल्पः-ॐ विष्णु र्विष्णु र्विष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य विष्णोराज्ञया प्रवर्त्तमानस्य अद्य श्रीब्रह्मणोह्नि द्वितीय परार्द्धे श्री श्वेतवाराहकल्पे वैवस्वतमन्वतरे अष्टाविंशतितमे कलियुगे कलिप्रथमचरणे जम्बूद्वीपे भरतखण्डे आर्यावर्तैकदेशे अमुकमासे-अमुकपक्षे-अमुक तिथौ-अमुकवासरे-अमुकगोत्रः अमुक शर्माऽहं (अमुक

---

१. पुरुषार्थ चिन्तामणौ-

आरोग्यं ज्ञानमैश्वर्यं वर्धते सर्वदेहिनाम्।
रुद्राध्यायेन ये देवं स्नापयन्ति महेश्वरम्॥
तज्जलैः कुर्वते स्नानं ते मृत्यु सन्तरन्ति च।

वर्माऽहं अमुक गुप्तोऽहं) धर्मार्थकाममोक्षादिफल--प्राप्त्यर्थञ्च साम्बसदाशिवप्रीतिकामः अमुक लिङ्गोपरि पूजन पूर्वकं अमुक द्रव्येष रुद्राभिषेक (शिव पूजनं) कर्म करिष्ये॥

संकल्प के पश्चात् निम्न श्लोक एवं मंत्र के द्वारा शिवजी का आवाहन करे-

ध्यायेन्नित्यं महेशं रजगिरिनिभं चारुचन्द्रावतंसं
रत्नाकल्पोज्वलाङ्ग परशुमृगवराभीतिहस्तं प्रसन्नम्।
पद्मासीनं समन्तात्स्तुतममरगणैर्व्याघ्रकृत्तिं वसनं
विश्वाद्यं विश्ववन्द्यं निखिलभयहरं पञ्चवक्त्रं त्रिनेत्रम्॥
आयाहि हे चन्द्रकलाशिरोमणे गङ्गाधर त्र्यम्बक भूतिभूषण।
सान्निध्यमत्रास्तु जगन्निवासते पूजां ग्रहीतुं विधिवन्मयार्पिताम्॥
नमः शम्भ्वाय च मयोभवाय च नमः शङ्कराय च।
मयस्कराय च नमः शिवाय च शिवतरा च॥

श्रीभगवते साम्बसदाशिवाय नमः। साम्बसदाशिवमावाहयामि स्थापयामि।

आवाहन के पश्चात् निम्न मंत्र एवं श्लोक के द्वारा शिवजी को आचमन प्रदान करे-

ॐ मनो जूतिर्ज्जूषतामाज्ज्यस्य बृहस्पतिर्यज्ञमिमं तनोत्त्वरिष्टं यज्ञठं० समिमं दधातु। विश्वेदेवा स ऽइह मादयन्तामोऽ३ प्रतिष्ठ॥

सिंहासने कनकरत्नमणि प्रभास्वत् छत्रं ध्वजालसितचामरतोरणाढ्यम्।
बालार्ककोटिसदृशं कनकाम्बराढ्यं श्रीविश्वनाथमनसैव समर्पितं ते॥

ॐ या ते रुद्रशिवा तनूरघोरापापकाशिनी।
तया नस्तन्वा शन्तमया गिरिशन्ताभिचाकशीहि॥

श्रीभगवते साम्बससदाशिवाय आसनार्थे अक्षतान् समर्पयामि।

आसन प्रदान करने के पश्चात् निम्न श्लोक एवं मंत्र के द्वारा शिवजी को पाद्य जल प्रदान करे–

दूर्वांकुराम्बुजमनोहरपुष्पयुक्तं-शुद्धं जलं सुरभिचूर्णसमन्वितं च।
सौवर्णपात्रविलसत्पदयोर्विशुद्धं पाद्यं गृहाण जगदीश समर्पितं ते॥

ॐ यामिषुङ्गिरिशन्त हस्ते बिभर्ष्यस्तवे।
शिवाङ्गिरित्रतां कुरु मा हिꣳसीः पुरुषञ्जगत्॥

श्रीभगवते साम्बसदाशिवाय पादयोः पाद्यं समर्पयामि।

पाद्य जल प्रदान करने के पश्चात निम्न श्लोक एवं मंत्र के द्वारा शिवजी को अर्घ्य जल प्रदान करेः–

दूर्वाद्यवाक्षतसुगन्धिहिरण्यरत्नं दर्भाम्बुजत्रिपथगाजलपुष्पयुक्तम्।
सौवर्णपात्ररचितं फलयुक्तमर्घ्यं भो! विश्वनाथ मनसैव मयार्पितं ते॥

ॐ शिवेन वचसा त्वा गिरिशाच्छा वदामसि।
यथा नः सर्वमिज्जगदयक्ष्मꣳ सुमनाऽअसत्॥

श्रीभगवते साम्बसदाशिवाय हस्तयोरर्घ्यं समर्पयामि।

अर्घ्यजल प्रदान करने के पश्चात् निम्न श्लोक एवं मंत्र के द्वारा शिवजी को स्नान करावेः–

गंङ्गाजलैरमृतमाधुरतामुपेतैरेलालवङ्गशुभगन्धमनोभिरामम्।
गौरीपते कनकपात्रधृतं मया ते भक्त्यार्पितं रुचिरमाचमनं गृहाण॥

ॐ अध्यवोचदधिवक्ता प्रथमो दैव्योभिषक् ।
अहींश्च सर्वाञ्जम्भयन्त्सर्वाश्च्च यातुधान्यो धराचीः परासुव ॥

श्रीभगवते साम्बसदाशिवाय स्नानीयं समर्पयामि ।

पश्चात् निम्न क्रमानुसार, दुग्ध-दधि-घृत-मधु-शर्करा-शुद्धजल तथा पंचामृत से स्नान करावे :-

दुग्ध स्नानम् :-

दिव्यौषधिद्रवभवं नवनीतपूर्णक्षीराब्धि सम्भृतसुधाधिकधामधामम् ।
स्वर्धेनुसम्भवमपूर्वसुमिष्टमेतत्स्नानार्थमेवमुररी कुरु देव दुग्धम् ॥

ॐ पयः पृथिव्याम पय ऽओषधीषु पयो दिव्यन्तरिक्षे पयोधाः । पयस्वतीः प्रदिशः सन्तु मह्यम् ॥

श्रीभगवते साम्बसदाशिवाय पयस्नानं समर्पयामि । पयस्नानान्ते शुद्धोदक स्नानं समर्पयामि ।

दधि स्नानम् :-

कर्पूरकुन्दकुमुदेन्दुकरावदातं-मल्लीप्रफुल्लकुसुमाकरकान्तिकान्तम् ।
स्नानाय शुद्धरसराजसुकोमलार्चिस्निग्धं शुभं दधि निधाय समर्पितं ते ॥

ॐ दधिक्राव्णोऽ अकारिषञ्जिष्णोरश्वस्य वाजिनः ।
सुरभि नो मुखा करत्प्रणऽ आयूꣳषि तारिषत् ॥

श्रीभगवते साम्बसदाशिवाय दधिस्नानं समर्पयामि । स्नान्ते आचमनिय जलं समर्पयामि ।

घृतस्नानम् :-

तेजोमयेन तपनद्युतिपावितेन गव्येन भव्यविधिना परमन्त्रितेन ।
शम्भौ सृतेन रचयामि रसावृतेन भौमामृतेन च घृतेन तवाभिषेकम् ॥

ॐ घृतं मिमिक्षे घृतमस्य यो निर्घृते श्रितो घृतंवस्य धाम ।
अनुष्वधमावहमादयस्व स्वाहा कृतं वृषभवक्षि हव्यम् ॥

श्रीभगवते साम्बसदाशिवाय घृतस्नानं समर्पयामि। स्नानान्ते शु०।

मधु स्नानम्:-

नानाविधौषधिलतारससंभृतान्तर्माधुर्यमिष्टममृतप्रतिभं गुणेन।
माणिक्यपात्रसमपूरितभक्तिपूर्णमङ्गीकुरुष्व मधुदेव महेश शम्भो॥

ॐ मधु वाताऽऋतायते मधुक्षरन्ति सिन्धवः। माध्वीर्न्नः सन्त्वोषधीः। मधुनक्तमुतोषसो मधुमत्पार्थिवर्ठ० रजः॥ मधुद्यौरस्तु नः पिता॥ मधुमान्नो वनस्पतिर्मधुमाँ२॥ ऽअस्तु सूर्यः। माध्वीर्गावो भवन्तु नः॥

श्रीभगवते साम्बसदाशिवाय मधु स्नानं समर्पयामि। स्नानान्ते शु०।

शर्करा स्नानम्:-

पूर्णोक्षुसागरसमुद्भवयातनिम्नामुक्ताफलद्रवसुधाधिकया महिम्ना।
सर्वाङ्गशोधनविधौ वरयात्रिनेत्र सुस्नाहि सिद्धवर शर्करया महेश॥

ॐ अपार्ठ० रसमुद्वयसर्ठ० सूर्ये सन्तर्ठ० समाहितम्। अपार्ठ०रसस्य यो रसस्तं वो गृह्णाम्युत्तममुपयामगृहीतो सीन्द्रायत्त्वा जुष्टङ्गृह्णाम्येषते योनिरिन्द्रायत्त्वा जुष्टतमम्॥

श्रीभगवते साम्बसदाशिवाय शर्करास्नानं समर्पयामि। स्नानान्ते शु०।

शुद्धोदक स्नानम्:-

दिव्यद्रुमेन्धनसमिद्धहुताशनाप्तैः शुद्धोदकैः सुविमलैश्च समुद्धृतैश्च।
गौरीपते परिगृहाण यथासुखेन स्नानं मयैव विधिवद्धरते प्रदिष्टम्॥

ॐ शुद्धवालः सर्वशुद्धवालो मणिवालस्तऽ आश्विनाः श्येतः श्येताक्षोऽरुणस्ते रुद्राय पशुपतये कर्णा यामाऽ अवलिप्ता रौद्रा नभोरूपाः पार्जन्याः॥

श्रीभगवते साम्बसदाशिवाय शुद्धोदकस्नानं समर्पयामि। स्नानान्ते शु०।

पंचामृत स्नानम्:-

सर्पिस्सुदुग्धदधिमाक्षिकशर्कराद्यैर्भागैर्युतैः कनककुम्भभृतैः समन्त्रैः। कर्पूर केशरसुगन्धिभिरिन्दुमौले स्नानार्थमर्पितमिदं विधिवत् गृहाण॥

ॐ पञ्च नद्यः सरस्वतीमपि यन्ति सस्त्रोतसः।

सरस्वती तु पञ्चधा सो देशे ऽभवत्सरित्॥

श्रीभगवते साम्बसदाशिवाय पञ्चामृतस्नानं समर्पयामि। स्नानान्ते शु०।

पंचामृत स्नान के पश्चात् पुनः शिवजी को शुद्ध जल के द्वारा स्नान करावे, उसके पश्चात् चंदन-चावल के द्वारा पूजन कर अभिषेक पात्र में अभिषेक के लिए-गन्ध-पुष्प-दुग्ध-जल आदि डालकर भगवान् शंकर पर तिपाई अथवा अभिषेक पात्र लटका कर श्रृंगी को हाथ में लेकर जिससे निरन्तर धारा जगत का कल्याण करने वाले शिवजी पर पड़ती रहे, उसके पश्चात् वेदोक्त रौद्राध्याय से शिवजी का महाअभिषेक करे।

अभिषेक की समाप्ति के पश्चात् पूजनकर्त्ता निम्न श्लोक एवं मंत्र के द्वारा भगवान् शिव को वस्त्र एवं उपवस्त्र प्रदान करेः-

कौशेयवस्त्रयुगलं कनकैर्विचित्रंबालार्ककोटिसदृशं सुमनोभिरामम्। भक्त्या मयार्पितमिदं परिधाय शम्भोसिंहासने समुपविश्य गृहाण पूजाम्॥

ॐ असौ योवसर्पति नीलग्रीवो विलोहितः।

उतैनङ्गोपाऽ अदृश्रन्नदृश्रन्नुदहार्यः सदृष्टो मृडयाति नः॥

श्रीभगवते साम्बसदाशिवाय वस्त्रमुपवस्त्रं च समर्पयामि। वस्त्रोपवस्त्रान्ते आचमनिय समर्पयामि।

वस्त्र एवं उपवस्त्र के पश्चात् निम्न श्लोक एवं मंत्र के द्वारा शिवजी को यज्ञोपवित प्रदान करे:-

दत्तं मया सुमनसा वचसा करेण यद्ब्रह्मवर्चसमयं परमं पवित्रम्।
यद्धर्मकर्मनिलयं परमायुष्यञ्च यज्ञोपवीतमुररी कुरु दीनबन्धो॥

ॐ यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापतेर्यत्सहजं पुरस्तात्।
आयुष्यमग्रयं प्रतिमुञ्च शुभ्रं यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः॥
यज्ञोपवीतमसि यज्ञस्यत्वा यज्ञोपवीतेनोपनह्यामि।

श्रीभगवते साम्बसदाशिवाय यज्ञोपवितं आचमनियं जलं समर्पयामि।

यज्ञोपवित के पश्चात् भगवान् शिव को जल से आचमन करवा कर निम्न श्लोक एवं मंत्र के द्वारा चन्दनादि व गंध (लेपन) प्रदान करे:-

माणिक्यमौक्तिकसुविद्रुमपद्मराग हीरेन्द्रनीलमणि रत्नमनोहराणि।
नानाविधानि सुशुभाभरणानि शम्भोभक्त्या मया परिगृहाण निवेदितानि॥

ॐ हिरण्यगर्ब्भः समवर्त्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेकऽ आसीत्।
स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम॥

यच्छ्रेष्ठमस्ति मलयाचलचन्दनानां कर्पूरकेशरसुगन्धिरसेन घृष्टम्।
आमोदमानमनिशं मनसार्पितं ते तच्चन्दनं त्वमुररी कुरु दीनबन्धो॥

ॐ नमोऽस्तु नीलग्रीवाय सहस्त्राक्षाय मीढुषे।
अथो येऽ अस्य सत्त्वानो हस्तेब्भ्यो करन्नमः॥

श्रीभगवते साम्बसदाशिवाय कनिष्ठामूलगताङ्गुष्टयोगेन गन्धमुद्रां प्रदर्श्य अनामिकया गन्धानुलेपन समर्पयामि।

कनिष्ठीका अंगुली अथवा अगुँठे के अग्र भाग को मिला कर गन्ध-मुद्रा प्रदर्शित करते हुए अनामिका अंगुली के द्वारा शिवजी को चन्दन चढ़ावे।

तत्पश्चात् निम्न श्लोक एवं मंत्र के द्वारा शिवजी को भस्म प्रदान करें–

यदङ्गसंसर्गकृतावरेण्यं मौलौ निजे सङ्गमयन्ति देवाः।
देहे सदैवाहितविश्वभारे सारे जगत्या वितनोति भस्म॥

ॐ प्रसद्य भस्मना योनिमपश्च पृथिवीमग्ने।
सर्ठ० सृज्यमातृभिष्ट्वञ्ज्योतिष्मान्पुनरासदः॥

श्रीभगवते साम्बसदाशिवाय भस्मं समर्पयामि।

भस्म प्रदान करने के पश्चात् निम्न श्लोक एवं मंत्र के द्वारा शिवजी को अक्षत प्रदान करेः–

श्वेतैरखण्डितमनोहरशालिबीजैः संक्षालितैः शुचिजलैश्च सुगन्धिमिश्रैः।
त्वामर्चयामि भगवन्! मनसा सदाहं गौरीपते मयि निधेहि कृपाकटाक्षम्॥

ॐ प्रमुञ्च धन्वनस्त्वमुभयोरात्न्योर्ज्याम्।
याश्च ते हस्तऽ इषवः परा ता भगवो वप॥

श्रीभगवते साम्बसदाशिवाय। अक्षतान् समर्पयामि।

अक्षत प्रदान करने के पश्चात् निम्न श्लोक एवं मंत्र के द्वारा शिवजी को पुष्पमाला प्रदान करेः–

विल्वैश्च चम्पकमनोहरजातिपुष्पैः मन्दारपङ्कजजपाकुमुदैर्दलैश्च।
मालादिभिः कनकसूत्रसुग्रन्थितैश्च सम्पूजितो मयि निधेहि कृपाकटाक्षम्॥

ॐ ओषधीः प्रतिमोदध्वं पुष्पवतीः प्रसूवरीः।
अश्वा ऽइव सजित्वरीर्वीरुधः पारयिष्ण्वः॥

श्रीभगवते साम्बसदाशिवाय तर्जन्यङ्गुष्ठयोगेन पुष्पमाला समर्पयामि।

तर्जनी अंगुली एवं अंगुठे को मिलाकर ही जगत की रचना करने वाले शिवजी पर पुष्पमाला चढ़ावें–

मालूरवृक्षजनितानि मनोहराणि भक्त्या त्वदर्थमनिशं प्रतिपादितानि।
श्रीविल्वपत्रविपुलानि समर्पितानि गौरीपते परि गृहाण सुकोमलानि॥

ॐ नमो बिल्मिने च कवचिने च नमो वर्मिणे च वरूथिने च नमः। श्रुताय च श्रुतसेनाय च नमो दुन्दुभ्याय चाहनन्याय च।

श्रीभगवते साम्बसदाशिवाय बिल्वपत्राणि समर्पयामि।

पश्चात् भगवान् शिवजी के अनेका-नेक नाम मंत्रों से एक-एक बिल्वपत्र शिवजी पर चढ़ाते रहे, बिल्वपत्र चढ़ाने के लिए शिवजी के विभिन्न नाम क्रमशः इस प्रकार से हैं-

नाममंत्रों के द्वारा शिवजी पर बिल्व पत्र समर्पित करें-

ॐ साम्बसदाशिवाय नमः १ ॐ हिरण्यबाहवे नमः २ ॐ सेनान्ये नमः ३ ॐ दिशां च पतये नमः ४ ॐ वृक्षेभ्यो नमः ५ ॐ हरिकेशेभ्यो नमः ६ ॐ पशूनां पतये नमः ७ ॐ शष्पिञ्जराय नमः ८ ॐ त्विषीमते नमः ९ ॐ पथीनां पतये नमः १० ॐ हरिकेशाय नमः ११ ॐ उपवीतिने नमः १२ ॐ पुष्टानां पतये नमः १३ ॐ बभ्लूशाय नमः १४ ॐ व्याधिने नमः १५ ॐ अन्नानां पतये नमः १६ ॐ भवस्यहेत्यै नमः १७ ॐ जगतां पतये नमः १८ ॐ रुद्राय नमः १९ ॐ आततायिने नमः २० ॐ क्षेत्राणां पतये नमः २१ ॐ सूताय नमः २२ ॐ अहन्त्ये नमः २३ ॐ वनानां पतये नमः २४ ॐ रोहिताय नमः २५ ॐ स्थपतये नमः २६ ॐ वृक्षाणां पतये नमः २७ ॐ भुवन्तये नमः २८ ॐ वारिवस्कृताय नमः २९ ॐ ओषधीनां पतये नमः ३० ॐ मन्त्रिणे नमः ३१ ॐ वाणिजाय नमः ३२ ॐ कक्षाणां पतये नमः ३३ ॐ उच्चैर्घोषाय नमः ३४ ॐ आक्रन्दयते नमः ३५ ॐ पत्तीनां पतये नमः ३६ ॐ कृत्स्नायतयाधवते

नमः ३७ ॐ सत्वनांपतये नमः ३८ ॐ सहमानाय नमः ३६ ॐ निव्याधिने नमः ४० ॐ आव्याधिनीनां पतये नमः ४१ ॐ निषङ्गिणे नमः ४२ ॐ ककुभाय नमः ४३ ॐ स्तेनानां पतये नमः ४४ ॐ निचेरवे नमः ४५ ॐ परिचराय नमः ४६ ॐ अरण्यानां पतये नमः ४७ ॐ वञ्चते नमः ४८ ॐ परिवञ्चते नमः ४६ ॐ स्तायूनां पतये नमः ५० ॐ निषङ्गिणे नमः ५१ ॐ इषुधिमते नमः ५२ ॐ तस्कराणां पतये नमः ५३ ॐ सृकायिभ्यो नमः ५४ ॐ जिघार्ठ०सद्भ्यो नमः ५५ ॐ मुष्णतां पतये नमः ५६ ॐ असिमद्भ्यो नमः ५७ ॐ नक्तञ्चरद्भ्यो नमः ५८ ॐ विकृन्तानां पतये नमः ५६ ॐ उष्णीषिणे नमः ६० ॐ गिरिचराय नमः ६१ ॐ कुलुञ्चानां पतये नमः ६२ ॐ इषुमद्भ्यो नमः ६३ ॐ धन्वायिभ्यो नमः ६४ ॐ आतन्वानेभ्यो नमः ६५ ॐ प्रतिदधानेभ्यो नमः ६६ ॐ आयच्छद्भ्यो नमः ६७ ॐ अस्यद्भ्यो नमः ६८ ॐ बिसृजद्भ्यो नमः ६६ ॐ विद्यद्भ्यो नमः ७० ॐ स्वपद्भ्यो नमः ७१ ॐ जाग्रद्भ्यश्च वो नमः ७२ ॐ शयानेभ्यो नमः ७३ ॐ आसीनेभ्यश्च वो नमः ७४ ॐ तिष्ठद्भ्यो नमः ७५ ॐ घावद्भ्यश्च वो नमः ७६ ॐ सभाभ्यो नमः ७७ ॐ सभापतिभ्यश्च वो नमः ७८ ॐ अश्वेभ्यो नमः ७६ ॐ अश्वपतिभ्यश्च वो नमः ८० ॐ आव्याधिनीभ्यो नमः ८१ ॐ विविद्ध्यन्तीभ्यश्च वो नमः ८२ ॐ उमणाभ्यो नमः ८३ ॐ तृर्ठ० हतीभ्यश्च वो नमः ८४ ॐ गणेभ्यो नमः ८५ ॐ गणपतिभ्यश्च वो नमः ८६ ॐ व्रातेभ्यो नमः ८७ ॐ व्रातपतिभ्यश्च वो नमः ८८ ॐ गृत्सेभ्यो नमः ८६ ॐ गृत्सपतिभ्यश्च वो नमः ६० ॐ विरूपेभ्यो नमः ६१ ॐ विश्वरूपैभ्यश्च वो नमः ६२ ॐ सेनाभ्यो नमः ६३ ॐ सेनानिभ्यश्च वो नमः ६४ ॐ रथिभ्यो नमः ६५ ॐ अरथेभ्यश्च वो नमः ६६ ॐ क्षतृभ्यो नमः ६७ संगृहीतृभ्यश्च वो नमः ६८ ॐ महद्भ्यो नमः ६६ ॐ अभकेभ्यश्च वो नमः १०० ॐ तक्षभ्यो नमः १०१ ॐ रथकारेभ्यश्च वो नमः

१०२ ॐ कुलालेभ्यो नमः १०३ ॐ कर्मारिभ्यश्च वो नमः १०४ ॐ निषादेभ्यो नमः १०५ ॐ पुञ्जिष्ठेभ्यश्च वो नमः १०६ ॐ श्वनिभ्यो नमः १०७ ॐ मृगयुभ्यश्च वो नमः १०८ ॐ श्वभ्यो नमः १०९ ॐ श्वपतिभ्यश्च वो नमः ११० ॐ भवाय नमः १११ ॐ रुद्राय नमः ११२ ॐ शर्वाय नमः ११३ ॐ पशुपतये नमः ११४ ॐ नीलग्रीवाय नमः ११५ ॐ शितिकण्ठाय नमः ११६ ॐ कपर्दिने नमः ११७ ॐ व्युप्तकेशाय नमः ११८ ॐ सहस्राक्षाय नमः ११९ ॐ शतधन्वने नमः १२० ॐ गिरिशयाय नमः १२१ ॐ शिपिविष्टाय नमः १२२ ॐ मीढुष्टमाय नमः १२३ ॐ इषुमते नमः १२४ ॐ ह्रस्वाय नमः १२५ ॐ वामनाय नमः १२६ ॐ बृहते नमः १२७ ॐ वर्षीयसे नमः १२८ ॐ वृद्धाय नमः १२९ ॐ सवृधे नमः १३० ॐ अग्र्याय नमः १३१ ॐ प्रथमाय नमः १३२ ॐ आशवे नमः १३३ ॐ अजिराय नमः १३४ ॐ शीघ्र्याय नमः १३५ ॐ शीभ्याय नमः १३६ ॐ ऊर्म्याय नमः १३७ ॐ अवस्वन्याय नमः १३८ ॐ नादेयाय नमः १३९ ॐ द्वीप्याय नमः १४० ॐ ज्येष्ठाय नमः १४१ ॐ कनिष्ठाय नमः १४२ ॐ पूर्वजाय नमः १४३ ॐ अपरजाय नमः १४४ ॐ मध्यमाय नमः १४५ ॐ अपगल्भाय नमः १४६ ॐ जघन्याय नमः १४७ ॐ बुध्न्याय नमः १४८ ॐ सोभ्याय नमः १४९ ॐ प्रतिसर्याय नमः १५० ॐ याम्याय नमः १५१ ॐ क्षेम्याय नमः १५२ ॐ श्लोक्याय नमः १५३ ॐ अवसान्याय नमः १५४ ॐ उर्वर्याय नमः १५५ ॐ खल्याय नमः १५६ ॐ वन्याय नमः १५७ ॐ कक्षाय नमः १५८ ॐ श्रवाय नमः १५९ ॐ प्रतिश्रवाय नमः १६० ॐ आशुषेणाय नमः १६१ ॐ आसुरथाय नमः १६२ ॐ शूराय नमः १६३ ॐ अवभेदिने नमः १६४ ॐ बिल्मिने नमः १६५ ॐ कवचिने नमः १६६ ॐ वर्मिणे नमः १६७ ॐ वरूथिने नमः १६८ ॐ श्रुताय नमः १६९ ॐ श्रुतसेनाय नमः १७० ॐ दुन्दुभ्याय नमः १७१ ॐ

आहनन्याय नमः १७२ ॐ धृष्णवे नमः १७३ ॐ प्रमृशाय नमः १७४ ॐ निषङ्गिणे नमः १७५ ॐ इषुधिमते नमः १७६ ॐ तीक्ष्णेषवे नमः १७७ ॐ आयुधिने नमः १७८ ॐ स्वायुधाय नमः १७९ ॐ सुधन्वने नमः १८० ॐ स्रुत्याय नमः १८१ ॐ पथ्याय नमः १८२ ॐ काटचाय नमः १८३ ॐ नीप्याय नमः १८४ ॐ कुल्याय नमः १८५ ॐ सरस्याय नमः १८६ ॐ नादेयाय नमः १८७ ॐ वैशन्ताय नमः १८८ ॐ कूप्याय नमः १८९ ॐ अवटचाय नमः १९० ॐ बीघ्याय नमः १९१ ॐ आतप्याय नमः १९२ ॐ मेघ्याय नमः १९३ ॐ विद्युत्याय नमः १९४ ॐ वर्ष्याय नमः १९५ ॐ अवर्ष्याय नमः १९६ ॐ रेष्माय नमः १९७ ॐ वास्तव्याय नमः १९८ ॐ वास्तुपाय नमः १९९ ॐ सोमाय नमः २०० ॐ रुद्राय नमः २०१ ॐ ताम्राय नमः २०२ ॐ अरुणाय नमः २०३ ॐ शङ्गवे नमः २०४ ॐ पशुपतये नमः २०५ ॐ उग्राय नमः २०६ ॐ भीमाय नमः २०७ ॐ अग्रेवधाय नमः २०८ ॐ दूरेवधाय नमः २०९ ॐ हन्त्रे नमः २१० ॐ हनीयसे नमः २११ ॐ वृक्षेभ्यो नमः २१२ ॐ हरिकेशेभ्यो नमः २१३ ॐ ताराय नमः २१४ ॐ शम्भवाय नमः २१५ ॐ मयोभवाय नमः २१६ ॐ शङ्कराय नमः २१७ ॐ मयस्कराय नमः २१८ ॐ शिवाय नमः २१९ ॐ शिवतराय नमः २२० ॐ पार्याय नमः २२१ ॐ अवार्याय नमः २२२ ॐ प्रतरणाय नमः २२३ ॐ उत्तरणाय नमः २२४ ॐ तीर्थाय नमः २२५ ॐ कल्याय नमः २२६ ॐ शष्प्याय नमः २२७ ॐ फेन्याय नमः २२८ ॐ सिकत्याय नमः २२९ ॐ प्रवह्याय नमः २३० ॐ किर्ठ० शिलाय नमः २३१ ॐ क्षयणाय नमः २३२ ॐ कपर्दिने नमः २३३ ॐ पुलस्तये नमः २३४ ॐ इरिण्याय नमः २३५ ॐ प्रपथ्याय नमः २३६ ॐ व्रज्याय नमः २३७ ॐ गोष्ठचाय नमः २३८ ॐ तल्प्याय नमः २३९ ॐ गेह्याय नमः २४० ॐ हृदय्याय नमः २४१ ॐ निवेष्प्याय नमः २४२ ॐ काटचाय

नमः २४३ ॐ गह्वरेष्ठाय नमः २४४ ॐ शुष्क्याय नमः २४५ ॐ हरित्याय नमः २४६ ॐ पा॑ठं० सव्याय नमः २४७ ॐ रजस्याय नमः २४८ ॐ लोप्याय नमः २४९ ॐ उलुप्याय नमः २५० ॐ ऊर्व्याय नमः २५१ ॐ सूर्व्याय नमः २५२ ॐ पर्णाय नमः २५३ ॐ पर्णसदाय नमः २५४ ॐ उद्गुरमाणाय नमः २५५ ॐ अभिघ्नते नमः २५६ ॐ आखिदते नमः २५७ ॐ प्रखिदते नमः २५८ ॐ इषुकृद्भ्यो नमः २५९ ॐ धनुस्कृद्भ्यश्च वो नमः २६० ॐ किरिकेभ्यो नमः २६१ ॐ देवानार्ठं० हृदयेभ्यो नमः २६२ ॐ विचिन्वत्केभ्यो नमः २६३ ॐ देवानार्ठं० हृदयेभ्यो नमः २६४ ॐ विक्षिणत्केभ्यो नमः २६५ ॐ देवानार्ठं० हृदयेभ्यो नमः २६६ ॐ आनिर्हतेभ्यो नमः २६७ ॐ देवानार्ठं० हृदयेभ्यो नमः २६८।

इन नाम मंत्रों का उच्चारण कर शंकरजी पर बिल्वपत्र चढ़ाकर पुनः निम्न मन्त्र के द्वारा दूर्वा चढ़ावे:-

ॐ काण्डात्काण्डात्प्ररोहन्ती परुषः परुषस्परि।

एवानो दूर्वे प्रतनु सहस्त्रेण शतेन च।

श्रीसाम्बसदा शिवाय दूर्वाङ्कुरान् समर्पयामि।

दूर्वा प्रदान करने के पश्चात् निम्न श्लोकानुसार शिवजी को नानापरिमल द्रव्य चढ़ावे-

श्वेतातिरेणुसहितं शुभरक्तचूर्णं सिन्दूरचुर्णविपुलान्वितपीतचूर्णम्।
कर्पूरकेसरसुगन्धिसुवासितं च सौभाग्यचूर्णमुररी कुरु दीनबन्धो॥
श्रीभगवते साम्बसदाशिवाय नानापरिमलद्रव्याणि समर्पयामि।

उपर्युक्त श्लोक का उच्चारण कर शिवजी पर अबीर-बुक्का आदि नानापरिमल द्रव्य चढ़ावें।

अथाङ्गपूजा

तत्पश्चात् कर्ता नीचे लिखे दस नाम मन्त्रों से शिवजी की गन्ध, अक्षत, पुष्प द्वारा पूजा करें–

१. ॐ ईशानाय नमः पादौ पूजयामि
२. ॐ शङ्कराय नमः जङ्घे पूजयामि
३. ॐ शिवाय नमः जानुनी पूजयामि
४. ॐ शूलपाणये नमः गुल्फौ पूजयामि
५. ॐ स्वयम्भुवे नमः गुह्यं पूजयामि
६. ॐ महादेवाय नमः नाभिं पूजयामि
७. ॐ विश्वकर्त्रे नमः उदरं पूजयामि
८. ॐ सर्वतोमुखाय नमः नेत्रयोः पूजयामि
९. ॐ नागभूषणाय नमः शिरसि पूजयामि
१०. ॐ देवाधिदेवाय नमः सर्वाङ्गं पूजयामि।

अंग पूजा के पश्चात् शंकरजी पर निम्न श्लोक एवं मंत्र से इत्रादि सुगन्धित द्रव्य चढ़ावें–

श्रीकेतकीवकुलचम्पकमल्लिकानां संभृत्यसारमुचितं किल गन्धद्रव्यम्।
पात्रे हाटकमये मणिरञ्जितान्मे तूलङ्गृहाण जगदीश सुगन्धियुक्ताम्।

ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिम्पुष्टिवर्द्धनम्।
उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्॥
ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिम्पतिवेदनम्।
उर्वारुकमिव बन्धनादितो मुक्षीय मामुतः॥

श्रीभगवते साम्बसदाशिवाय सुगन्धित द्रव्यं समर्पयामि।

उपरोक्त मन्त्र से सुगन्धित द्रव्यादि समर्पित करने के पश्चात् शिवजी के चरण, नाभी, वक्षस्थल और शिर का निम्न मन्त्र का उच्चारण कर आलभन अर्थात् स्पर्श करें–

ॐ विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतो मुखो विश्वतो बाहुरुत विश्वतस्पात्।
सम्बाहुभ्यान्धमतिसम्पत्रैर्द्यावा भूमीजनयन्देव ऽएक॥

इस वैदिक मन्त्र से पैरं, नाभि, वक्षस्थल तथा सिर का स्पर्श करते हुए प्रत्येक बार इस मन्त्र की पुनरावृत्ति करें।

तत्पश्चात् निम्न श्लोक एवं मन्त्र के द्वारा शिवजी को छत्र समर्पित करें–

छत्रं सुवर्णदृढदण्डविधानचारुमुक्तामणि प्रकरकीर्णकरोज्वलं यत्।
सद्योधिजातमिवशारदशर्वरीशं चीनांसुकीर्णमुररीकुरु दीनबन्धो॥

ॐ बृहस्पते ऽअतियदर्यो ऽ अर्हाद्युमद्विभाति क्रतुमज्जनेषु।
यद्दीदयच्छवस ऽऋतप्रजाततदस्मासु द्रविणन्धेहि चित्रम्॥

श्रीभगवते साम्ब सदाशिवाय छत्रं समर्पयामि।

तत्पश्चात् निम्न श्लोक एवं मन्त्र के द्वारा शिवजी को चामर प्रदान करे:–

रत्नप्रभे कनकदण्डमये सिते द्वे आकाशसिन्धुपतदूर्मिसुफेनिलेव।
श्रीचामरे तु परिपार्श्वचरे भवेतामीशार्पिते करयुगेन गृहाण भक्त्यां॥

ॐ वातो वा मनो वा गन्धर्वा: समविर्ठ० शतिः।
तेऽ अग्ग्रेश्वमयुञ्जँस्ते ऽअस्मिमञ्जवमादधु:॥

ॐ इमारुद्राय तवसे कपर्दिने क्षयद्वीराय प्रभराम हेमती:।
यथा शमसदद्विपदे चतुष्पदे विश्वम्पुष्टङ्ग्रामे ऽअस्मिन्ननातुरम्॥

श्रीभगवते साम्ब सदाशिवाय चामरं समर्पयामि।

चामर प्रदान करने के पश्चात् निम्न श्लोक एवं मन्त्र के द्वारा शिवजी को विविध प्रकार के व्यञ्जन प्रदान करें:–

संवीजने कनकदण्डमणिप्रभोत्थे ये शीतले सततवायुखैकरम्ये।
दत्ते मयाद्य जगदीश्वर ते गृहीत्वा संवीजयन्निजमुखेन कृतार्थयामुम्॥
ॐ वायो ये ते सहस्त्रिणोरथासस्तेभिरागहि। नियुत्त्वान् सोमपीतये॥

श्रीभगवते साम्ब सदाशिवाय व्यजनं समर्पयामि।

तत्पश्चात् शिवजी को निम्न मन्त्र के द्वारा चरणपादुका प्रदान करें:-

ॐ त्रीणिपदा विचक्रमे विष्णुर्गोपा ऽअदाभ्यः। अतो धर्माणि धारयन्।

श्रीभगवते साम्ब सदाशिवाय चरणपादुकां समर्पयामि।

चरण पादुका के पश्चात् निम्न श्लोक एवं मन्त्र के द्वारा शिवजी को दर्पण दीखावें।

केशप्रसारकरणिं किलदर्पणेन दत्तां गृहाण जगदीश्वर विश्वमूर्ते।
चाक्षुष्यमञ्जनमिदं कलधौतपात्रे सम्यङ्निधाय कलधौतशलाकया च॥

ॐ रूपेण वो रूपमभ्यागान्तुथो वो विश्ववेदा विभजतु। ऋतस्य पथाप्रेत चन्द्रदक्षिणा विश्वः पश्यव्यन्तरिक्षं यतस्वसदस्यैः।

श्रीभगवते साम्ब सदाशिवाय आदर्शं दर्शयामि।

तत्पश्चात् निम्न श्लोक एवं मंत्र का उच्चारण करके शिवजी को धूप दिखावें-

कालागुरोश्च घृतमिश्रितगुग्गुलस्य धूपो मया विरचितो भवतः पुरस्तात्।
आघ्राय तं शुचिमनोहरगन्धचूर्णं तूर्णं विनाशय महेश्वर मोहजालम्॥

ॐ विज्यन्धनुः कपर्दिनो विशल्यो बाणवाँ२॥ उत। अनेशन्नस्य याऽ इषवऽ आभुरस्य निषङ्गधिः॥

श्रीभगवते साम्ब सदाशिवाय। तर्जनीमूलरङ्गुष्ठयोगेन धूपमुद्रां प्रदर्श्य धूपमाघ्रापयामि।

धूप प्रदान के समय तर्जनी अंगुली और अंगुठे के योग से धूप मुद्रा दीखाकर शिवजी के समक्ष धूप बत्ती को जलाकर रखें–

तत्पश्चात् निम्न श्लोक एवं मन्त्र से शिवजी को दीपक दीखावें :–

पूर्णे घृतेन गिरिजेश सुवर्णपात्रे कौसुम्भसूत्रदृढवर्तिविराजमानः।
दीपः पुरस्तव मयारचितो य एष शीघ्रं विनाशयतु मे दुरितान्धकारम्॥

ॐ या ते हेतिर्मीढुष्टमहस्ते बभूव ते धनुः।
तयास्मान्विश्वतस्त्वमयक्ष्मया परिभुज॥

श्रीभगवते साम्ब सदाशिवाय मध्यमाङ्गुष्ठयोगेन दीपमुद्रां प्रदर्श्य प्रत्यक्षदीपं दर्शयामि। हस्तप्रक्षालनम्। ततः–

दीपक दर्शयामि में मध्यमा और अंगुष्ठ के योग से दीपमुद्रा प्रदर्शित कर द्रीपक जलाकर रखें, और दीपक स्पर्श के बाद दोनों हाथों पर शुद्ध जल डालकर धो ले। फिर शिवजी के आगे चतुस्त्र मंडल बनाकर उसके मध्य में नैवेद्य और जलपात्र रखकर उसमें बिल्वपत्रादिक छोड़ते हुए निम्न मन्त्र पढ़े–

जिह्वासुधांकनकपात्रविराजमानमन्त्रादिकं मधुरशाकफलावलीढम्।
पञ्चामृतल्पुतमनेकविधं रसौधं सङ्कल्पितं त्वमुररी कुरु दीनबन्धो॥

ॐ परि ते धन्वनो हेतिरस्मान्वृणक्तु विश्वतः।
अथो यऽ इषुधिस्तवारेऽ अस्मन्निधेहि तम्॥

श्रीभगवते साम्बसदा शिवाय नमः नैवेद्यं निवेदयामि।

इस प्रकार उच्चारण कर अनामिका अंगुली का मूल भाग **और** अंगुष्ठ के योग से बनी नैवेद्य मुद्रा दिखाकर ग्रास मुद्रा इस **प्रकार** प्रदर्शित करें।

ॐ प्राणाय स्वाहा कहें

अंगुष्ठ अनामिका और मध्यमा मिलाकर।

ॐ अपानाय स्वाहा कहें

अंगुष्ठ अनामिका और कनिष्ठा मिलाकर।

ॐ व्यानाय स्वाहा कहें

कनिष्ठा तर्जनी और अंगुष्ठ मिलाकर।

ॐ समानाय स्वाहा कहें

अंगुष्ठ और सब अंगुलीयों को मिलाकर।

ॐ उदानाय स्वाहा कहें

फिर गमछे या दुपट्टे से पर्दा करते हुए गोदोहनकालपर्यन्त देवता के स्वरूप का ध्यान करते हुए रौद्रा अध्याय का पाठ करें।

उसके बाद–

मध्ये पानीयं समर्पयामि, उत्तरापोशनं समर्पयामि।

हाथ धोने के लिए जल समर्पित कहकर तीन बार जल छोड़े।

गन्धानुलेपन मंत्रः–

उष्णोदकैः पाणियुगं मुखं च प्रक्षाल्य शम्भो कलधौतपात्रे।
कर्पूरमिश्रेण सकुङ्कुमेन हस्तौ समुद्वर्तय चन्दनेन॥

ॐ अर्ठ० शुनातेऽ अर्ठ० शुः पृच्याम्परुषापरुः।
गन्धस्ते सोममवतु मदाय रसोऽ अच्युतः॥

श्रीभगवते साम्बसदा शिवाय करोद्वर्तनार्थे चन्दनानुलेपनं समर्पयामि।

गन्धानुलेपन के पश्चात् निम्न श्लोक का उच्चारण कर शंकरजी को ऋतु फल चढ़ावें:–

कालोपपन्नविधिवद्विविधं भृतं ते पील्विक्षुखण्डपरिपत्रमहारहूरम्।
सर्वं फलं सुरपते परितोषणाय संभृत्य सम्यगिदमर्पितागृहाण॥

श्रीभगवते साम्बसदा शिवाय ऋतुफलानि समर्पयामि।

तत्पश्चात् निम्न श्लोक एवं मंत्र के द्वारा शिवजी को ताम्बूल एवं पुंगीफल प्रदान करें:-

पूगैलचूर्णखदिरैर्नवजातिपत्रैर्जातीफलत्रुटिलवङ्गघनैः प्रपूर्णः।
ताम्बूलकं तु मनसा वचसा धृतं यत्तत्स्वीकुरुष्व वृषभध्वज दीनबन्धो॥

ॐ अवतत्य धनुष्ट्वठं० सहस्रा क्षतेषुधे।
निशीर्यशल्यानाम्मुखाशिवो नः सुमना भव॥

श्रीभगवते साम्बसदा शिवाय पूगीफलं च समर्पयामि।

निम्न मंत्र का उच्चारण कर शिवजी को दक्षिणा चढ़ावें:-

विभावसोर्बीजमिदं हिरण्यं दिव्यं प्रकाश विधिगर्भसंस्थम्।
गृहाण भूताधिपते महेश मुद्रार्पणं वै मनसार्पितं ते॥

ॐ नमस्तऽ आयुधायानातताय धृष्णवे।
उभाब्भ्यामुत ते नमो बाहुब्भ्यान्तव धन्वने॥

श्रीभगवते साम्बसदा शिवाय दक्षिणा समर्पयामि।

निम्न श्लोक एवं मंत्र का उच्चारण कर शिवजी को कर्पूर नीराजन (आरती) समर्पित करें:-

कर्पूरखण्डपरिकल्पितपञ्चदीपै रानम्रमौलिमुकुटद्युतिसंप्रवृद्धिः।
नीराजितं त्रिजगदेकगुरो मया ते पादाम्बुजं दिशतु वाञ्छितकार्यसिद्धम्॥

ॐ आरात्रिपार्थिवठं० रजः पितुरप्रायिधामभिः।
दिवः सदाठं० सि बृहती वितिष्ठसऽ आत्त्वेषं वर्त्तते तमः॥

श्रीभगवते साम्बसदा शिवाय कर्पूरनीराजनं समर्पयामि।

मंत्र पुष्पाञ्जलि-

ॐ यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्।
तेह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः॥

ॐ राजाधिराजाय प्रसह्य साहिने नमो वयं श्रवणाय कुर्महे।
स मे कामान् कामकामया मह्यं कामेश्वरो वैश्रवणो ददातु॥

कुबेराय वैश्रवणाय महाराजाय नमः।

ॐ स्वस्ति साम्राज्य भौज्यं स्वाराज्यं वैराज्यं पारमेष्ठ्यं राज्यं महाराज्यमाधिपत्यमयं समुद्रपर्यन्तायाऽ एकराडिति तदप्येषश्लोकोभिगीतो मरुतः परिवेष्टारो मरुत्तस्यावसन्गृहे। आवीक्षितस्य कामप्रेर्विश्वेदेवाः सभासद इति।

ॐ विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतो मुखो विश्वतो बाहुरुतविश्वतस्पात्।
सम्बाहुभ्यान्धमतिसम्पत्त्रैर्द्यावाभूमी जनयन्देवऽ एकः॥

ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि। तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्।

श्रीभगवते साम्बसदा शिवाय मन्त्रपुष्पाञ्जलिं समर्पयामि।

मंत्र पुष्पांजलि के तत्पश्चात् निम्न श्लोक एवं मंत्र का उच्चारण कर शिवजी की प्रदक्षिणा करें:-

पापानि यानि विविधानि मया कृतानि प्राक्कोटि जन्मदुरितानि च यानि-यानि।
शम्भो प्रदक्षिण पदेषु-पदेषु नाथ शीघ्रं विनाशय-विनाशय तानि-तानि॥

ॐ मा नो महान्तमुत मानोऽ अर्भकं मानऽ उक्षन्तमुतमानऽ उक्षितम्। मा नो वधीः पितरम्मोतमातरं मानः प्रियास्तन्वो रुद्र रीरिषः॥

श्रीभगवते साम्बसदा शिवाय प्रदक्षिणां समर्पयामि।

प्रदक्षिण कर्म की समाप्ति के पश्चात् निम्न श्लोकानुसार शिवजी को प्रणाम करें:–

ॐ नमः सर्वहितार्थाय जगदाधारहेतवे।
साष्टाङ्गोऽयं प्रणामस्ते प्रयत्नेन मया कृतः॥

स्तुतिः–

इन पौराणिक श्लोकों के द्वारा कर्ता स्तुति करे

त्रिकाण्डवेदा नयनानि यस्य वेदश्चतुर्थश्च शिरः प्रतीतः।
अङ्गानि-चाङ्गानि च यस्य तस्मै वेदस्वरूपाय नमश्शिवाय॥
मोहादिपञ्चकमहारसपञ्चमाय नानाविधात्मगतभेदविभेदकाय।
सङ्केतसूचितपरत्वमहासुखाय तञ्चात्मने परतराय नमश्शिवाय॥
वाक्यप्रधानमथ धर्म निदानयुक्तं यन्मण्डितं विधिनिषेध-परैश्च मन्त्रैः।
भ्राजत्सहस्त्रकिरण प्रतिभाय तस्मै कर्मात्मने सुरवकराय नमश्शिवाय।
यत्षट्पदार्थविततं ध्रुवपीलुकादि यच्चापि षोडशकलं घटपाकवादि।
तस्मै प्रमाणयुतसर्वविचित्रिताय तर्कात्मने परतराय नमश्शिवाय॥
यस्माद्भवन्ति विरमन्ति च यत्र वेदा यो निस्तरङ्गित महोदधितुल्यशोभः।
लीलाकृते विकृतरूपधराय तस्मै शब्दात्मने परतराय नमश्शिवाय॥
चरन्ति चिन्वन्त्यपि तर्कपङ्क्तिस्वरूपतो यं न विदन्ति के चित्।
फलानुमेयं च वदन्ति तस्मै धर्मस्वरूपाय नमश्शिवाय॥
मूर्त्यष्टकं लसति यस्य यमादिरूपं सिद्ध्यष्टकं लसति यस्य विभूतिरेव।
आनन्दिने निखिलशक्तियुताय तस्मै योगात्मने परतराय नमश्शिवाय॥
यत्साधनान्युपरतिश्च विरागिता च नानाव्रतानि शुचिता च जितेन्द्रियत्वम्।
निसङ्गता च परमार्थपदाय तस्मै योगात्मने परतराय नमश्शिवाय॥
श्रीयुक्तहारमणिकुण्डलकङ्कणाय गङ्गाविभूतिगरलेन्दुजटाधराय।
नृत्यत्पिशाचपरिवारशतावृताय संक्रीडते परतराय नमश्शिवाय॥

नमः सोमाय शान्ताय सगुणायादि हेतवे। निवेदयामि चात्मानं त्वं गतिः परमेश्वर॥
नमामि त्वां विरूपाक्ष नीलग्रीव नमोऽस्तु ते। त्रिनेत्राय नमस्तुभ्यमुमादेहार्द्धधारिणे॥
त्रिशूलधारिणे तुभ्यं भूतानां पतये नमः। पिनाकिने नमस्तुभ्यं नमो मीढुष्टमाय च॥
नमामि त्वां महाभूत पतये त्वां नमाम्यहम्। स्वयं भिक्षान्न भोक्ता च भक्तानां राज्यदायक॥
सूर्यरूपं समासाद्य देहिनां देहदायक। यतीनां मुक्तिदस्त्वं च भूतानां चापि मुक्तिदः॥
राजसेन स्वयं ब्रह्मा सात्विकेन स्वयं हरिः। तामसेन स्वयं रुद्रस्त्रितयं त्वयि संस्थितम्॥
त्वं माता त्वं पिता त्वं हि त्वं बन्धुस्त्वं च मे सखा। त्वं विद्या द्रविणस्त्वं वै त्वं च सर्व मम प्रभो॥
नमो विरञ्चि विश्वेश भेदेन परमात्मने। निसर्गस्थितिसंहारव्यापिने परमात्मने॥
न्यूनातिरिक्तं यत्कर्म जपहोमार्चनादिकम्। कृतमज्ञानतो देव तन्मम क्षन्तुमर्हसि॥
विश्वेश्वरविरूपाक्ष विश्वरूप सदाशिव। शरणं भवभूतेश करुणाकरशङ्कर॥
हरशम्भो महादेव विश्वेशामरवल्लभ। शिवशङ्करसर्वात्मन्नीलकण्ठ नमोऽस्तु ते॥
मृत्युञ्जयमहारुद्र सर्वेश शशि शेखर। चन्द्रचूडमहादेव पार्वतीश नमोऽस्तु ते॥
मृत्युञ्जयाय रुद्राय नीलकण्ठाय शम्भवे। अमृतेशाय सर्वाय महादेवाय ते नमः॥
रुद्रहोमो जपो वापि न्यूनो वाप्यधिकोऽपि वा। सम्पूर्णस्त्वत्प्रसादेन भूयाद् भूतिविभूषण॥

इस प्रकार स्तुति कर के निम्न श्लोकों का उच्चारण कर हाथ में चावल पुष्पादि लेकर शिवजी पर छोड़ते हुए विसर्जन करे:-

विसर्जनम्—

ॐ अपराधसहस्राणि क्रियतेऽहर्निशं मया। दासोऽयमिति मां मत्वा क्षमस्व परमेश्वर॥
अपराधसहस्राणां सहस्रमयुतं तथा। अर्बुदं चाप्यसंख्येयं करुणाब्धे क्षमस्व मे॥
यश्चापराधं कृतवान्नज्ञानात्पुरुषोत्तम। भक्तस्य मम देवेश त्वं सर्वं क्षन्तुमर्हसि॥
अन्यथा शरणं नास्ति त्वमेव शरणं मम। तस्मात्कारुण्यभावेन रक्ष त्वं परमेश्वर॥
गतं पापं गतं दुःखं गतं दारिद्रचमेव च। आगता सुखसम्पत्तिः पुण्योऽहं तव दर्शनात्॥
जपच्छिद्रं-तपछिद्रं-यच्छिद्रं शान्तिकर्मणि। सर्वं भवतु मेऽछिद्रं ब्राह्मणानां प्रसादतः॥
काले वर्षतु पर्जन्यः पृथिवी सस्यशालिनी। देशोऽयं क्षोभरहितो ब्राह्मणाः सन्तु निर्भयाः॥
सर्वे च सुखिनः सन्तु सर्वे सन्तुनिरमयाः। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मां कश्चिद् दुःखमाप्नुयात्॥

अज्ञानादल्पशक्तित्वादालस्याद्दुष्टचेतसः। यन्न्यूनमतिरिक्तं वा तत्सर्वं क्षन्तुमर्हसि॥
आवाहनं न जानामि पूजां चोमापते प्रभो। क्षमस्व देवदेवेश मामङ्गीकुरु शङ्कर॥
घोरान्घोरं प्रपन्नापि महाक्लेशं भयानकम्। शिवपूजाप्रभावेण तरिष्यन्ति महाभयम्॥
अज्ञानात् ज्ञानतो वाऽपि जातन्यूनाधिकं च यत्। दासत्य मम दीनस्य क्षन्तव्यं लोकलोचन॥
त्रियम्बकाय शर्वाय शङ्कराय शिवाय च। सर्वलोकप्रधानाय शाश्वताय नमो नमः॥
प्रमादात् कुर्वतां कर्म प्रच्यवेताध्वरेषु यत्। स्मरणादेव तच्छम्भोः सम्पूर्णं स्यादिति श्रुतिः॥
यस्य स्मृत्या च नामोक्त्या तपोयज्ञक्रियादिषु। न्यूनं सम्पूर्णतां याति सद्यो वन्दे तमीश्वरम्॥

उपर्युक्त कर्म की समाप्ति के पश्चात् बारहबार निम्न वाक्य करें– **ॐ नमः शिवायः।**

कर्ता हाथ में जल लेकर कहें:–

अनेन कर्मण श्रीभगवते साम्बसदाशिवः प्रीयताम्।

इस प्रकार कर्ता कह कर जल को भूमि में छोड़ देवे।

॥ इति संक्षिप्त शिवपूजनम्॥

शान्तिसारोक्त पार्थिव पूजनम्[1]

पूजनकर्ता किसी भी शुभदिन में स्नानादि कार्यों से निवृत्त होने के पश्चात् आचमन एवं प्राणयाम कर कम्बलासन पर सपत्नीक पूर्वाभिमुख अथवा उत्तराभिमुख बैठकर अपने ऊपर एवं समस्त पूजन सामग्री के ऊपर इस श्लोक का उच्चारण कर जल छिड़कें–

ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।
यः स्मरेत् पुण्डरीकांक्ष स बाह्याभ्यन्तरः शुचि॥

तीन बार उच्चारण करें :-

ॐ पुण्डरीकाक्षः पुनातु ॐ पुण्डरीकाक्षः पुनातु ॐ पुण्डरीकाक्षः पुनातु

इन श्लोकों का उच्चारण करें–

कर्पूरगौरं करुणावतारं संसारसारं भुजगेन्द्रहारम्।
सदा वसन्तं हृदयारविन्दे भव भवानी सहितं नमामि॥
वन्दे महेशं सुरसिद्धसेवितं भक्तै सदा पूजितपादपद्मम्।
ब्रह्मेन्द्र-विष्णु-प्रमुखैश्च वन्दितं ध्यायेत् सदा कामदुघं प्रसन्नम्॥

पूजनकर्ता प्राङ्मुख होकर यह संकल्प करें–

---

(१) देवीपुराणे मृदाहरण संघट्टप्रतिष्ठाह्वानमेव च। स्नपनं पूजनं चैव विसर्जनमतः परम्॥ हरो महेश्वरश्चैव शूलपाणिः पिनाकधृक्। पशुपतिः शिवश्चेव महादेव इति क्रमः॥

प्राण प्रतिष्ठा का क्रम-अस्य श्री प्राणप्रतिष्ठामन्त्रस्य ब्रह्मविष्णुरुद्रा ऋषयः ऋग्यजुःसामानि छन्दांसि प्राणशक्तिर्देवता आं बीजं ह्रीं शक्तिः कौं कीलकं देवप्राणप्रतिष्ठापने विनियोगः।

ॐ आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं सं स। सोऽहं पार्थिवशिवस्य प्राण इह प्राणाः। ॐ आँ ह्रीं॰ पार्थिवशिवस्य इह स्थितः। ॐ ह्रीं कीं॰ पार्थिवशिवस्य सर्वेन्द्रियाणि वाङ्मनस्त्वक्चक्षुश्रोत्राजिह्वाघ्राणपाणिपादपायूपस्था इहैवागत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु स्वाहा।

अमुककामः पार्थिवपूजां करिष्ये।

ॐ हराय नमः—इति मृदाहरणम्।

ॐ महेश्वराय नमः-इति संघट्टनम्।

ॐ शूलपाणये नमः-प्रतिष्ठापनम्।

ॐ पिनाकिके नमः-आवाहनम्।

इस श्लोक का उच्चारण कर ध्यान करें:-

ध्यायेन्नित्यं महेशं रजतगिरिनिभं चारुचन्द्रावतंसं।
रत्नाकल्पोज्ज्वलाङ्ग परशुमृगवराभीति हस्तं प्रसन्नम्।
पद्मासीनं समन्तात्स्तुममरगणैर्व्याघ्रकृतिं वसानं ।
विश्वाद्यं विश्ववन्द्यं निखिलभयहरं पंच वक्त्रं त्रिनेत्रम्॥

आवाहन के पश्चात्—**ॐ शिवाय नमः** का उच्चारण कर पाद्य, अर्घ्य एवं आचमनीय समर्पित करें।

उपर्युक्त कर्म के पश्चात्—**ॐ पशुपतये नमः** इसका उच्चारण कर स्नान करावें।

स्नाने के पश्चात्—**ॐ शिवाय नमः** इसका उच्चारण कर, वस्त्र—यज्ञोपवित—गन्ध अलंकार—पुष्प—धूप—दीप—नैवेद्य—फल और ताम्बूल चढ़ावें। पश्चात्

१-ॐ क्षितिमूर्तये नमः। **२-ॐ भवाय जलमूर्तये नमः।**

३-ॐ रुद्रायाग्नि मूर्तये नमः। **४-ॐ उग्राय वायुमूर्तये नमः।**

५-ॐ भीमायाकाश मूर्तये नमः। **६-ॐ पशु० नमः ॐ यज० मूर्तये नमः।**

७-ॐ महादेवाय सोममूर्तये नमः। **८-ॐ ईशानाय सोममूर्तये नमः।**

कर्ता यह उच्चारण कर क्षमापनम्[1] करे :– **ॐ महादेवाय नमः।**

॥ इति शान्तिसारोक्त पार्थिव पूजनम्॥

---

१. पुरुषार्थ चिन्तामणि:–

पंचसूत्रविधानं च पार्थिवे न विचारयेत्।
यथा कथञ्चिद्विधिना मणीयं तु कारयेत्॥
पक्वजम्बूफलाकारं सर्वकामफलप्रदं शिवम्।

मृत्तिका परिमाणम्:–

यावतस्यादात्मनः शक्तिर्मृदं तावत् समुद्धरेत्।
तदर्धं वाऽथतस्यार्ध तदर्ध वातदर्धकम्॥
एवं पलद्वयान्नयूनं न तु कुर्यात्कदाचन।
कार्तिके मार्गशिर्षे वा माघे वैशाखसंज्ञके।
श्रावणे बहुले पक्षे व्रतस्याचरणं कुरु॥

विशेष:–

१. उत्पन्नस्य उत्पत्स्यमानस्याखिलारिष्टनिवृत्तये श्रीमृत्युञ्जयप्रसादात् दीर्घायुष्यसततारोग्यावाप्तये श्रीमृत्युञ्जयमन्त्रजपं करिष्ये।

२. अद्येत्यादि ममात्मनः श्रुतिस्मृतिपुराणोक्तफलप्राप्तिद्वारा धर्मार्थ-काममोक्षचतुर्विधसिद्धये आधिदैविकाधिभातिकाध्यात्मिकतापत्रपोप-शान्ततये जन्मकुण्डल्यां वर्षकुण्डल्यां गोचरे च उत्तरोत्तरव्यापारेष्वभिवृध्यर्थं धनागमप्रतिबन्धक ग्रहजन्यसर्वारिष्टनिवृत्तये श्रीसाम्बसदाशिवोपरि एकादश (पञ्च) ब्राह्मणद्वारा (एकदशभिर्दिनैः) रुद्राभिषेक कारयिष्ये।

३. सर्वविधरोगोपशान्तये आयुरारोग्याद्यभिवृद्धये च श्रीमहामृत्युञ्जयप्रीत्यर्थं च ब्राह्मणद्वारा कारितस्य सपादलक्षपरिमित्सय महामृत्युञ्जयमन्त्रजपस्य संसिद्ध्यर्थं तद्दशांशभूतं हवनं तद्दशांशभूतं तर्पणं तद्दशांशभूतं मार्जनं च ब्राह्मणद्वारा कारयिष्ये।

सूर्य पूजनम्

पूजनकर्ता पवित्र अर्थात शुभ दिन में कुशा के आसन पर बैठकर गणेशादि पूजन कर, सर्वतोभद्र की पीठ पर गौरी को तिलककर ब्रह्मादि देवताओं का आवाहन और पूजन कर, मध्य में कलश स्थापितकर वहाँ स्वर्ण–रजत–ताँबे के पत्रपर सूर्य यन्त्र इस प्रकार से लिखें–

सूर्य यन्त्र बनाने का प्रकार :–

अष्टगन्ध या लालचन्दन से यंत्र के मध्य में बिन्दु लगाकर उसके पश्चात् षट्कोण बनावें उसके ऊपर वृत लिखें तथा वृत्तपर अष्टदल बनावें उपरान्त फिर वृत्त का निर्माण करें। उस वृत्त पर द्वादश दल बनावे तथा चतुरस्त्र क्रम से लगा के उसमें बराबर की तीन रेखाएँ सभी दिशाओं में लिखें, फिर पुनः छाया और संज्ञा की प्रतिमा तथा सूर्य भगवान् की सूर्य रथ पर प्रतिमा स्थापित कर के मण्डप का ध्यान कर उसमें नानारत्नरचितमुक्तादि विभूषित सिंहासन का कर्त्ता स्मरण करें।

ततः पूर्वद्वारे–ॐ द्वारश्रियै नमः। ॐ गणपतये नमः

पश्चिम द्वारे–ॐ द्वारश्रियै नमः। ॐ दुर्गायै नमः।

उत्तरद्वारे–ॐ द्वारश्रियै नमः। ॐ महालक्ष्म्यै नमः।

इस प्रकार से द्वारपालों का विधिवत् पूजन करें–

इन न्यासों को करें–

ॐ अकार्य नमः मूर्ध्नि। ॐ रवये नमः ललाटे। ॐ सूर्याय नमः नेत्रयोः। ॐ दिवाकराय नमः कर्णयोः। ॐ भानवे नमः नासिकायाम्। ॐ भास्कराय नमः मुखे। ॐ पर्जन्याय नमः ओंष्ठयोः। ॐ तीक्ष्णाय नमः जिह्वायाम्। ॐ सुवर्णरेतसे नमः कण्ठे। ॐ तिग्मतेजसे नमः स्कन्धयोः। ॐ पूष्णे नमः बाह्वोः।

ॐ मित्राय नमः पृष्ठे। ॐ वरुणाय नमः दक्षिणहस्ते। ॐ त्वष्ट्राय नमः वामहस्ते। ॐ उष्णकराय नमः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः। ॐ भानुमते नमः हृदये। ॐ यमाय नमः उदरे। ॐ आदित्याय नमः नाभौ। ॐ हंसाय नमः कट्याम्। ॐ रुद्राय नमः ऊर्वोः। ॐ गोपतये नमः जान्वोः। ॐ सवित्रे नमः जङ्घयोः। ॐ विवस्वते नमः पादयोः। ॐ प्रभाकराय नमः गुल्फयोः। ॐ तमोध्वंसाय नमः सर्वाङ्गे।

अथ षडङ्गन्यासः—ॐ रत्नादेव्यै अङ्गुष्ठाभ्यः नमः। ॐ छायादेव्यै तर्जनीभ्यां नमः। ॐ संज्ञायै मध्यमाभ्यां नमः। ॐ विश्वधात्र्यै अनामि०। ॐ अश्विन्यै कनिष्ठिका०। ॐ दिव्यदेहायै करतलपृष्ठा०। एवं हृदयादि।

ॐ ह्रां सत्यतेजसे ज्वलज्वालामामालिने मणिकुम्भाय फट् स्वाहा अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। ॐ ह्रीं ब्रह्मतेजसे ज्वलज्वालातर्जनीभ्यां०। ॐ ह्रूँ विष्णुतेजसे० मध्यमा०। ॐ ह्रैं रुद्रतेजसे० अनामिकाभ्यां नमः। ॐ ह्रौं कनिष्ठिकाभ्यां ॐ ह्रः सर्वतेजसे० करतल पृष्ठाभ्यां० एवं हृदयादि। ॐ भूर्भुवः स्वरोमितिदिग्बन्धः। ॐ ह्रां अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। ॐ ह्रीं तर्जनी०। ॐ ह्रं मध्यमा। ॐ ह्रैं अनामि०। ह्रौं कनिष्ठिका०। ॐ ह्रः करतलकरपृष्ठाभ्यां०। एवं हृदयादि। ॐ भूर्भुवः स्वरोमितिदिग्बन्धः। ॐ हं सां अङ्गु०। ॐ हं सी तर्जनीभ्यां०। ॐ हं सूं मध्य०। ॐ हं सैं अनामिका०। ॐ हं सौं कनिष्ठिका०। ॐ हंसः करलतपृष्ट०। एवं हृदयादि। ॐ

भूर्भुवः स्वरोमितिदिग्बन्धः। ॐ भास्कराय नमः शिखायाम्। ॐ सूर्याय ललाटे। ॐ भानवे० भ्रूमध्ये। ॐ जगच्चक्षुसे नमः चक्षुषोः। ॐ त्वष्ट्रे० मुखे। ॐ भानवे कण्ठे। ॐ तिमिरनाशाय० स्तनयोः। ॐ जातवेदसे नमः नाभौ। ॐ कालात्मने नमः कट्याम्। ॐ उग्रवपुषे नमः गुह्ये। ॐ तेजोवपुषे० जङ्घयोः। ॐ प्रभाकराय० पदयोः ॥ इति न्यास॥

अथकलशपूजनम्—कलशमुखे—ॐ विष्णवे नमः विष्णुमा०। ॐ लक्ष्म्यै० लक्ष्मीमा०। कण्ठे—ॐ रुद्राय० रुद्रमा०। ॐ गौर्यै० गौरीमा०। मूले—ब्रह्मविष्णुभ्यां० ब्रह्मविष्णुमा०। ॐ सावित्र्यै० सावित्रीमा०। मध्ये—मातृगणेभ्यो० मातृगणान् आ०। कुक्षौ—ॐ सप्तसागरेभ्यो० सप्तसागराना०। ॐ सप्तद्वीपेभ्यो० सप्तद्वीपानावा०। ॐ वसुन्धरायै० वसुन्धरामा०। ॐ गङ्गायै० गङ्गामा०। ॐ यमुनायै० यमुनामा०। ॐ सरस्वत्यै० सरस्वतीमा०। ॐ ऋग्वेदाय० ऋग्वेदमा०। ॐ यजुर्वेदा० यजुर्वेदमा०। ॐ सामवेदा० सामवेदमा०। ॐ अथर्ववेदा० अथर्ववेद०। ॐ अष्टपर्वतेभ्यो० अष्टपर्वतानावा०। ॐ अष्टदिग्गजेभ्यो० अष्टदिग्गजानावा०। ॐ गायत्र्यै० गायत्रीमा०। ॐ सावित्र्यै० सावित्रिमा०। ॐ शान्त्यै० शान्तिमा०। ॐ पुष्ट्यै० पुष्टिमा०। ॐ तुष्ट्यै० तुष्टिमा०।

कलशस्य० इत्यादि इन श्लोकों को पढ़कर गंध-पुष्प फेकें।

ॐ भूर्भुवः स्वरोमित्यन्तं इसको पढ़कर गायत्री को प्रणव से बारह बार अभिमन्त्रित करें।

ॐ सूर्याय०। ॐ रवे०। ॐ विवस्वते०। ॐ खगाय०। ॐ अरुणाय०। ॐ मित्राय०। ॐ आदित्याय०। ॐ अंशुमते०। ॐ भास्कराय०। ॐ सावित्रै०। ॐ पूष्णे०। ॐ गभस्तये०।

इस प्रकार आवाहन कर पूजा करें।

अथ शंखाराधनम्–किसी पात्र में उदक शंख रखकर गंध-अक्षत, पुष्प उस पर छोड़ें।

ॐ पुरा त्वं सागरोत्पन्नो विष्णुना विधृतः करे।
निर्मितः सर्वदेवानां पाञ्चजन्य नमोऽस्तु ते ॥ १ ॥
गर्भादेवादिनारीणां विशीर्येण तव प्रियः।
तव नादेन पातालां पाञ्चजन्य नमोऽस्तु ते ॥ २ ॥
शंखमध्ये स्थितं तोयं भ्रामितं केशवोपरि।
अङ्गलग्नमनुष्याणां ब्रह्महत्यायुतं दहेत् ॥ ३ ॥
शंखिनी शोधिनी चैव गरुड धेनुमेव च।
शूलिनी चक्रिणी चैव कौमुदी प्रणमोदक ॥ ४ ॥

'देवस्य त्वेति' इस मंत्र से सिर पर तीन बार अभिषेक कर शेष जल से कलश द्रव्य और अपना प्रोक्षण कर पुनः जल भर कर–

ॐ लक्ष्म्यै०। ॐ सरस्वत्यै०। ॐ तुष्टयै०। ॐ पुष्टयै०। ॐ ब्रह्माण्यै०। ॐ अनुमायायै०। ॐ पद्मगर्भायै०। पूजयेत्।

उपरोक्त क्रम से रूई द्वारा बारह तारों की बटी हुई बत्ती से युक्त घृत पूरित एक अखण्ड दीप अथवा बारह अलग-अलग दीप प्रज्वलित कर उसके पश्चात् ही पीठ पूजा इस क्रम से करें–

अथ पीठपूजा—ॐ अधारशक्त्यै नमः। ॐ मूल प्रकृत्यै०। ॐ कूर्माय०। ॐ अनन्ताय०। ॐ वराहाय०। ॐ पृथिव्यै०। ॐ सुवर्णमण्डलाय०। ॐ रत्नसिंहाय०। ॐ धर्माय०। ॐ अधर्माय०। ॐ ज्ञानाय०। ॐ अज्ञानाय०। ॐ वैराग्याय०। ॐ अवैराग्याय०। ॐ ऐश्वर्याय०। ॐ अनैश्वर्याय०। ॐ ऋग्वेदाय०। ॐ यजुर्वेदाय०। ॐ सामवेदाय०। ॐ अथर्ववेदाय०। ॐ कृतयुगाय०। ॐ त्रेतायुगाय०। ॐ द्वापराय०। ॐ कलियुगाय०। ॐ मन्दराय०। ॐ पारिजाताय०। ॐ सन्तानाय०। ॐ कल्पवृक्षाय०। ॐ मूलप्रकृत्यै०। ॐ स्कन्दाय०। ॐ नालाय०। ॐ पत्रेभ्यो०। ॐ पद्मेभ्यो०। ॐ यक्षेभ्यो०। ॐ केसरेभ्यो०। ॐ दलेभ्यो०। ॐ कर्णिकायै०। ॐ सूर्यमण्डलाय०। ॐ सोममण्डलाय०। ॐ वह्निमण्डलाय०। ॐ ब्रह्मणे०। ॐ विष्णवे०। ॐ रुद्राय०। ॐ सत्वाय०। ॐ रजसे०। ॐ तमसे०। ॐ आत्मने०। ॐ अन्तरात्मने०। ॐ परमात्मने०। ॐ चिदात्मकाय०। ॐ भूः पुरुषाय०। ॐ भुवः पुरुषाय०। ॐ स्वः पुरुषाय०। ॐ भुर्भूवः स्व पुरुषाय०। ॐ अरुणाय०।

पश्चात् प्रतिमा को '**ॐ अश्मन्नूर्जम्**' इस अनुवाक्य से सूर्य-सूक्त, विष्णु सूक्त, लक्ष्मी सूक्त से अभिषेक कर देवता को जल से बाहर निकाल कर यन्त्र के ऊपर रख कर प्राणप्रतिष्ठा[1] करें।

१-प्राणप्रतिष्ठा के क्रम के लिए इस पुस्तक में हनुमत् प्रतिष्ठा देखें।

अथाङ्गपूजा—ॐ आदित्याय नमः पादौ पूजयामि। ॐ दिवाकराय० गुल्फौ पू०। ॐ भास्कराय० जङ्घयोः पू०। ॐ प्रभाकराय जानुनि पू०। ॐ सहस्रांशवे नमः उरौ पू०। ॐ त्रैलोकेशाय० कटि पू०। ॐ हरिदश्वाय नाभौ पू०। ॐ रवये० उदरं पू०। ॐ दिवाकराय० हृदयं पू०। ॐ दशात्मकाय० स्कन्धौ पू०। ॐ त्रयीमूर्तये० कण्ठं पू०। ॐ सूर्याय० मुखं पू०। ॐ ब्रह्मरूपाय० कर्णौ पू०। ॐ महेश्वराय० नेत्र पू०। ॐ विष्णवे० ललाटं पू०। ॐ विष्णवे० शिरः पू०। ॐ संज्ञासहसूर्याय० सर्वाङ्गं पू०।

अथारुणपूजा

ततः—ॐ अरुणासनाय नमः। मध्ये-ॐ श्रीपरमसुखायनाय नमः। ॐ दित्यायै०। ॐ सूक्ष्मायै०। ॐ जयायै०। ॐ विजयायै०। ॐ भद्रायै०। ॐ विभूत्यै०। ॐ विमलायै०। ॐ अमोघायै०। ॐ ॐ विद्युतायै०। ॐ सर्वतोमुख्यै०।

सूर्यस्य

अम्भोजिनीदलविलासि करोसि नाथ
पादौ दधासि कमलेषु सुकोमलेषु।
सौजन्यशीलमनुचिन्त्यनमाम्यहं त्वां
सम्प्रार्थये च नव पीठमिहाधिरोढुम् ॥ १ ॥
वृष्टिं तनोषि विदधासि च कं जनेषु
जीवन्ति प्राणिनिकरा स्महसा तवैव।
तस्मात्सभागतवति त्वयि पद्मनाथे
पाद्यं ददामि सहसा पदयोः कमेव ॥ २ ॥

गंगाजलेन यमुनामयजीवनेन पाटीर
चूर्णनिकरेण विनर्मित यत्।
सुस्वादुशीतलमनिन्द्यगुणैः समेतं
दत्तं मयार्धमिदमर्क गृहाण सद्यः ॥ ३ ॥

दुःखौघदैत्यदलनार्जितसुव्रतेन
सौवर्णपात्रनिहितं विमलं करेण।
शुद्धं परागमहितं मधुरं विविक्तं
सूर्य त्वदीयमिदमस्ति गृहाण पेयम् ॥ ४ ॥

देवेशमानपरिरक्षणचिन्तयेव
धात्रामृतन्तु निहितं न तु नाम तस्य।
तत्कीर्त्यै तेऽत्र पय एव वसुन्धरायां
भानो गृहाण मधुरं तदिदं समोदम् ॥ ५ ॥

पीयूषतुल्य रजनीशमित्रं परीतञ्च सितारसेन।
जाड्यापहारस्तव कीर्तनेन स्वीकार्यमेतद्दधि च त्वयैव ॥ ६ ॥

गन्धेन पूर्णं सरसं पवित्रं विनिर्मिलं यन्मधुमाक्षिकाभिः।
तदद्य भानो मददायि रूपं क्षौद्रं निधेहि स्वमुखे पवित्रे ॥ ७ ॥

रसस्त्वया तीव्रकरैर्निपीतस्तथामृतं देवपरस्परासु।
सितानलोके भ्रमताशिता या मयार्पितां तामधुना गृहाण ॥ ८ ॥

आयुष्करं हृद्यमथानवद्यं सद्यः सुखाकारमनिद्य देहम्।
पात्रे घृतं शुभ्रघृतं मदीयं सहस्रभानो स सुखं गृहाण ॥ ९ ॥

विश्वात्मकोऽपि भगवन्करुणाकरोसि
प्रीतिं करोषि बहु जाड्यामया करोषि।
जाने दयालुरसि नाथ तथापि शङ्कां
शीघ्रं जहासि यदि वस्त्रमलङ्करोषि ॥ १० ॥

कौशेयसत्रैः कलितं पवित्रं महार्घमैतद्बहुगन्धयुक्तम्।
तवोपयुक्तं मकरन्दसिक्तं लोकोत्तरं धारय चोत्तरीयम् ॥ ११ ॥
कौशेयसूत्रण विनिर्मितं यत् गङ्गाम्बुजा यच्च कृतं पवित्रम्।
तद्दक्षिणस्कन्धनिवेशनाय समर्पये पूषण यज्ञसूत्रम् ॥ १२ ॥
पाटीरचूर्णपरिमिश्रितवारिपृक्तं कश्मीरजेन कुमुदच्छविनामलेन।
रक्तोत्पलेन च तथा परिपूरितं तं गन्धं- गृहाण दिननाथ महोत्सवेऽस्मिन् ॥ १३ ॥
यथा यथा त्वां भजते प्रवीणस्तथा तथा भाग्यधनं ददासि।
मदीयमप्यक्षतमस्तु पुण्यं तथोपहारी क्रियतेऽक्षतस्ते ॥ १४ ॥
अनन्तसौन्दर्य्यसमर्थनाय कण्ठे त्वदीये रुचिरा भवेद्या।
गन्धांशमन्दीकृतभृङ्गमाला समर्प्यते सा नवपुष्पमाला ॥ १५ ॥

द्रव्यस्य भूरिनिवहं न दध भिभानो
नाप्यस्ति पूजनविधौ विमलामतिर्मे।
आचार्य हनुमानजी की मूर्ति के मुख और नेत्र में स्वर्ण की शलाका के द्वारा सहद व घृत को मिश्रित कर इस आधे वैदिक मंत्र का उच्चारण कर चिह्न करें–

ॐ चित्रं देवानामुदगादनीकं चक्षुर्मित्रस्य वरुण-स्याग्ने:।

आचार्य इस वैदिक मंत्र का उच्चारण कर पायस, भक्ष्य, भोज्य, दर्पण आदि मूर्ति को दिखा देवें-

ॐ आ कृष्णेन रजसा व्वर्त्तमानो निवेशयन्न मृतंमर्त्यं च।
हिरण्येन सविता रथेना देवोयाति भुवनानि पश्यन्॥

उपरान्त किसी तेजस पात्र (धातुपात्र) में मधु भरकर देवता के सामने रखें, मूर्ति के दाहिने ओर बाई ओर तच्चक्षु इस मंत्र से हवन करें-

हवन की समाप्ति के उपरान्त यजमान, आचार्य को नवीन पंचवस्त्र, (अलंकार सामर्थ्य हो तो) तथा द्रव्यादि देवें।

चार प्रकार के अन्नों को देवता के समक्ष रख कर, मण्डप के चारों द्वारों पर विधिवत् कलश की स्थापना करे।

पश्चात् मूर्ति को पंचामृत व शुद्धोदक से स्नान करावें, तथा एकसौआठ कलशों की स्थापना कर, उनमें से बीस-बीस घड़े लेकर मूर्ति को स्नान करावे, उपरान्त पृथक्-पृथक् आठ कलशों के जल द्वारा स्नान करावें।

[१]पुरुषसूक्त, पावमानसूक्त, अस्यवागीयसूक्त, रुद्रसूक्त, महाशांतिसूक्त, सौरसूक्त व वायुसूक्त का पाठ आचार्य सहित प्रतिष्ठा स्थल पर उपस्थित सभी ब्राह्मण स्नान करवाने के समय करें। इसके उपरान्त विधि विधान से हनुमान जी का पूजन आचार्य सहित सभी ब्राह्मण यजमान से करावें।

---

१. पुरुषसूक्त, पावमानसूक्त, अस्यवागीयसूक्त, रुद्रसूक्त, महाशांतिसूक्त, सौरसूक्त व वायुसूक्त के लिए मेरे द्वारा रचित-टीकाकृत, हनुमत्-प्रतिष्ठा-पद्धति में देखें।

हनुमत्-पूजनम्

ध्यानम्—

मनोजवं मारुत-तुल्य वेगं जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्।
वातात्मजं वानरयूथ-मुख्यं श्रीरामदूतं शरण प्रपद्ये॥
ॐ सहस्त्रशीर्षा पुरुषः सहस्त्राक्षः सहस्त्रपात्।
स भूमिर्ठ० सर्व्वतः स्पृत्वात्त्यतिष्ठद्दशाङ्गुलम्॥

आवाहनम्—

ॐ पुरुष एवेदर्ठ० सर्व्वं यद्भूतं यच्च भाव्यम्।
उतामृत्वस्येशानो यदन्नेनातिरोहति॥

आसनम्—

ॐ पुरुषऽएवेदर्ठ० सर्व्वं यद्भूतं यच्चभाव्यम्।
उतामृतत्वस्येशानो यद्दन्ने नातिरोहति॥

पाद्यम्—

सर्वतीर्थसमुद्भूतं पाद्यं गन्धादिभिर्युतम्।
विघ्नराजगृहाणोदं भगवन्भक्त वत्सल॥
ॐ एतवानस्य महिमातो ज्यायाश्च पूरुषः।
पादोस्य विश्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतं दिविः॥

अर्घ्यम्—

ॐ प्रजायतौ त्वा देवताया मुपोदके
लोकेनिदध्यभ्यसौ अयनः शोशुचदधम्॥

पंचामृतम्—

पयोदधि घृतं चैव मधु च शर्करान्वितम्।
पंचामृतं यथाऽऽनीतं स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम् ॥
ॐ पंच नद्यः सरस्वतीमपियन्ति सस्त्रोतसः।
सरस्वती तु पंचधा सो देशो भवत्सरित् ॥

शुद्धोदक—

सुवर्णकलशानीतैर्गङ्गादि- सरिदुद्भवैः।
शुद्धोदकैः कपीश! त्वामभिषांमि मारुते॥
ॐ आपो हि ष्ठा मयोभुवस्ता न ऊर्ज्जे दधातन।
महे रणाय चक्षसे॥

कटिसूत्रम्—

ग्रथिता नवभी रत्नैर्मेखलां त्रिगुणीकृताम्।
मौञ्जंमोञ्जीमयं पीतां गृहाण पवनात्मज!॥

कौपीनम्—

कटिसूत्रं गृहाणेदं कौपीनं ब्रह्मचारिणः।
कौशेयं कपिशार्दूल! हरिद्रक्तं सुमंगलम्॥

उत्तरीयम्—

पीताम्बर-सुवर्णाभमुत्तरीयार्थमेव च।
दास्यामि जानकी प्राण-त्राणकारण! गृह्यताम्॥

वस्त्रोपवस्त्रम्—

ॐ तस्माद्यज्ञातसर्व्वहुतः सम्भृतं पृषदाज्ज्यम्।
पशूँस्ताँश्चके व्वायव्यानारण्या ग्ग्राम्याश्च ये॥

यज्ञोपवीतम्—

नवभिस्तन्तुभिर्युक्तं त्रिगुणं देवतामयम्।
उपवीतं मया दत्तं गृहाण परमेश्वरः॥

यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापतेर्यत्सहजं पुरस्तात्।
आयुष्यमग्यं प्रतिमुञ्चशुभ्रं यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः॥

गन्धम्—

श्री खण्डंचन्दनं दिव्यं गन्धाठ्य सुमनोहरम्।
विलेपनं सुरश्रेष्ठ चन्दनं प्रतिगृह्यताम्॥

ॐ ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्यः कृतः।
उरू तदस्य यद्वैश्यः पद्भ्यार्ठ० शूद्रो ऽअजायतः॥

अक्षतान्—

अक्षताश्च सुरश्रेष्ठा कुङ्कुमाक्ताः सुशोभिताः।
मया निवेदिता भक्त्या गृहाण परमेश्वरः॥

ॐ अक्षन्नमीमदन्त ह्यव प्प्रियऽ ऽअधूषत। अस्तोषत स्वभानवो व्विप्प्रानव्विष्ठया मतीयोजाविन्द्र ते हरी॥

पुष्पाणि—

माल्यादीनि-सुगन्धीनि मालत्यादीनि वै प्रभो।
मयाऽऽहृतानि पुष्पाणि पूजार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

ॐ ओषधीः प्प्रतिमोदध्वं पुष्प्पवतीः प्रसूवरीः। अश्वाऽइव सजि्त्वरीर्व्वीरुधः पारयिष्णवः॥

अबीरम्–

नानापरिमलै द्रव्यैर्निर्मितं चूर्णमुत्तमम्।
अबीर नामकं चूर्ण गन्धं चारु प्रतिगृह्यताम्॥

सिन्दूरम्–

सिन्दूरं शोभनं रक्तं सौभाग्य सुखवर्द्धनम्।
शुभदं कामदं चैव सिन्दूरं प्रतिगृह्यताम्॥

धूपम्–

वनस्पतिरसोद्भूतो गंधाढ्यो गन्ध उत्तमः।
आध्रेयः सर्व देवानां धूपोऽयं प्रतिगृह्यताम्॥
ॐ यत्पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत।
वसन्तोऽस्यासीदाज्यं ग्रीष्म ऽइध्मः शरद्धविः॥

दीपम्–

साज्यं च वर्तिसंयुक्तं वह्निना योजितं मया।
दीपं गृहाण देवेश! त्रैलोक्यतिमिरापहम्॥
ॐ चन्द्रमा मनसो जातश्चक्षोः सूर्यो ऽअजायत।
श्रोत्राद्वायुश्च प्राणश्च मुखादग्निरजायत॥

नैवेद्यम्–

नैवेद्यं गृह्यतां देव! भक्तिं मे ह्यचलां कुरु।
इप्सितं मे वरं देहि परत्र च परां गतिम्॥
शर्कराखण्डखाद्यानि दधि-क्षीर-घृतानि च।
आहारं भक्ष्यभोज्यं च नैवेद्यं प्रतिगृह्यताम्॥

ताम्बूलम्—

पूगीफलं महद्दिव्यं नागवल्लीदलैर्युतम्।
एलादिचूर्णसंयुक्तं ताम्बूलं प्रतिगृह्यताम्॥

ॐ यत्पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्न्वत।
व्वसन्तो ऽस्यासीदाज्ज्यं ग्रीष्म्म ऽइध्मः शरद्धविः॥

दक्षिणाः—

हिरण्यगर्ब्भगर्भस्थं हेमबीजं विभावसोः।
अनन्तपुण्यफलदमतः शान्ति प्रयच्छ मे॥

ॐ हिरण्यगर्ब्भः समवर्त्तताग्ग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्। स दाधार पृथिवीन्द्यामुतेमाङ्कस्यै देवाय हविषा व्विधेम।

आरती—

कदलीगर्भसंम्भूतं कर्पूरं तु प्रदीपितम्।
आरार्तिकमहं कुर्वे पश्य मे वरदो भव॥

ॐ आ रात्रि पार्थिवर्ठ० रजः पितुरप्प्रायि धामभिः दिवः सदार्ठ० सि बृहती व्वितिष्ठसऽआत्त्वे षं वर्त्तते तमः॥

ॐ इदर्ठ० हविः प्रजननं मेऽअस्तु दशवीरर्ठ० सर्व्वगणर्ठ० स्वस्तये। आत्मसनि प्प्रजानि पशूसनि लोक-सन्न्यभयसनि अग्निः प्प्रजां बहुलां मे करोत्त्वन्नम्पयोरेतोऽअस्मासु धत॥

पुष्पांजलिः—

नाना-सुगन्धि-पुष्पाणि यथाकालोद्भवानि च।
पुष्पाञ्जलिर्मया दत्तो गृहाण परमेश्वर!॥

ॐ यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्। ते ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्तिदेवाः॥

प्रदक्षिणाः—

पापोऽहं पापकर्माऽहं पापात्मा-पाप संभवः।
त्राहि मां पुण्डरीकाक्ष! त्वमेव शरणं मम॥
यानि कानि च पापनि जन्मान्तर-कृतानि च।
तानि सर्वाणि नश्यन्तु प्रदक्षिण पदे पदे॥

प्रणाम—

मनोजवं मारुत-तुल्यवेगं जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्।
वातात्मजं वानरयूथ-मुख्यं श्रीरामदूतं शरणं प्रपद्ये॥
नमस्तेऽतु महावीर! नमस्ते वायुनन्दन।
विलोक्यं कृपया नित्यं त्राहि मां भक्तवत्सल!॥

हनुमान जी के पूजन की समाप्ति के उपरान्त इस श्लोक का उच्चारण कर पुनः प्रार्थना करें—

हनुमानञ्जनी सूनु वार्युपुत्रो महाबल।
रामेष्ट फाल्गुनी सखः पिगाक्षोऽमितविक्रमः॥
समुद्रोल्लघनं चैव सीता शोकविनाशनः।
लक्ष्मण प्राणदाता च दशग्रीवस्य दर्पहा॥

ध्यान करें—

मनोजवं मारुत-तुल्य वेगं जितेन्द्रियं बुद्धिमंता वरिष्ठम्।
वातात्मजं वानरयूथ-मुख्यं श्रीरामदूतं शरणं प्रपद्ये॥

अथ कुशकण्डिका

अग्नेर्दक्षिणतो ब्रह्मासनम्। अग्नेरुत्तरतः प्रणीतासनद्वयम्। ब्रह्मासने ब्रह्मोपवेशनम्। यावत्कर्म समाप्यते तावत्त्वं ब्रह्मा भव 'भवामि' इति। पठित्वा तत्रोपवेशनम्। 'भवामि' इति ब्रह्मणः प्रत्युक्तिः। ब्रहा वाग्यतश्च भवेत्। ततः प्रणीतापात्रं सव्यहस्ते धृत्वा दक्षिणहस्तगृहीतेनोदकपात्रेण तत्र जलं सम्पूर्य पश्चादास्तीर्णकुशैषु दक्षिणहस्तेन निधाय (कुशैराच्छाद्य तत्पात्रमालभ्य ब्रम्हणोमुखमवलोक्य ईक्षणमात्रेण ब्रम्हणाऽनुज्ञातः उत्तरत आस्तीर्णेषु कुशेषु निदध्यात्। ततो द्वादशानां परिस्तरण कुशानां चतुरो भागान् वामहस्ते कृत्वा एकैकभागेन आग्नेयादीशानान्तम्, ब्रह्मणोऽग्निपर्यन्तम्, नैर्ऋत्याद्वायव्यान्तम् अग्नितः प्रणीतापर्यन्तम्। इतरथा वृत्तिः। तत उत्तरतः स्तीर्णकुशेषु द्विशः पात्राणि यथासम्भवं न्युब्जानि उदक्संस्थानि प्राक्संस्थानि वा आसादयेत्। पवित्रे

अग्निदेव के दक्षिण दिशा की तरफ ब्रह्म देव के लिए कुशासन रखे। अग्नि के उत्तर दिशा में 'प्रणीता पात्र' के लिये दो आसन रखे।

ब्रह्मा के ही आसन पर ब्रह्मा को बैठा दे और कहे–हे ब्रह्मन् जब तक कर्म की समाप्ति न हो तब तक आप ब्रह्म के पद पर आसीन हो। ब्रह्मा मैं होता हूँ–यो कह कर पूर्व स्थापित आसन पर बैठे, तदनन्तर ब्रह्मा मौन हो जाये, फिर प्रणीता पात्र को बायें हाथ में धारण कर दाहिने हाथ से ग्रहण किये हुए जलपात्र से उस प्रणीता पात्र में जल को भरकर पहले से बिछी हुई कुशाओं पर दाहिने हाथ से रखकर कुशों द्वारा आच्छादन कर उस पात्र को स्पर्श कर ब्रह्मदेव के मुख को देखकर ईक्षण मात्र से ब्रह्मा की आज्ञा लेकर उत्तर दिशा की तरफ बिछी कुशाओं पर रख दे, तदनन्तर बाहर परिस्तरण कुशाओं के चार भागों को बायें हाथ में रखे उसमें से एक–एक भाग से परिस्तरण अग्निकोण से ईशानादि में ही करें। तदनन्तर–पश्चिम दिशा से उत्तर दिशा की ओर बिछी कुशाओं पर दो–दो पात्रों को यथा सम्भव

छेदनकुशाः। प्रोक्षणीपात्रम्। आज्यस्थाली। चरुस्थाली। संमार्जनकुशाः पञ्च। उपयमनकुशाः सप्त। समिधस्तिस्त्रः। स्त्रुवः। आज्यम्। तण्डुला। पूर्णापात्रम्। उपल्पनीयानि द्रव्याणि निधाय तत्तद्ग्रहवस्त्राणि। अधिदेवताद्यर्थं श्वेतानि। तत्तद्ग्रहवर्णाः। तत्तद्ग्रह पुष्पाणि। तत्तद्ग्रहधूपाः तत्तदग्रहनैवेद्यानि। फलानि। दक्षिणाः वितानम्। अर्कादिसमिधिः। सयवतिलाः पूर्णाहुत्यर्थं नारिकेल-स्त्रादि। ततः पवित्रकरणम्। आसादितकुशपत्रद्वयं स्थौल्येन समं मध्यशल्यरहितं वामहस्ते कृत्वा अग्रतः प्रादेशमात्रं परिमाय मूले तयोरुपरि कुशत्रयमुदग्ग्रं निधाय तत्कुशत्रय तयोर्मूलभागेन प्रादक्षिण्येन परिवेष्टय तयोः प्रादेशपरिमणमग्रभागं वामस्ते कृत्वा अवशिष्टं मूलभ्भागंकुशत्रयं च दक्षिणहस्ते धृत्वा दक्षिणहस्तेन त्रोटयेत् परित्यजेच्च। शिष्टं पत्रद्वयं पवित्रम्। तस्मिन्पत्रद्वयेऽविश्लेषाय ग्रथिं कुर्यात्। ततः प्रागग्रं प्रोक्षणीपात्रं

न्युब्ज-उदक् संस्थ या प्राक्संस्थ आसादन करे। दो पवित्र छेदन करने के लिए कुशा, प्रोक्षणीपात्र, आज्यस्थाली, चरुस्थाली, संमार्जनकुशापाँच, उपयनकुशा सात, तीनसमीधा, स्रुव-घृत-चावल पूर्णपात्र आदि रखें, सूर्यादि ग्रहों के अनेक वर्ण के वस्त्र, अधिदेवता, देवता आदि के लिये सफेद वस्त्र, सूर्यादि ग्रहों के लिए अनेक प्रकार के चन्दन, तत्-तत् वर्ण के ग्रहों की धूप, ग्रहों के नैवेद्य-फल-दक्षिणा वितान सूर्यादि की समिधा यव और तिल, पूर्णाहुत्यर्थ नारिकेल और वस्त्र का आसादन करे। तदन्तर पवित्र बनाये जैसे-स्थापित मध्य (बीच कुशा से रहित) शल्य रहित दो कुशपत्रद्वय को आगे से बराबर नापकर बायें हाथ में कर कुशा के अग्रभाग से प्रादेशमात्र नापकर उसके मूल पर उन दोनों कुशा के ऊपर तीन कुशाओं को उद्ग्र रखकर उन कुशाओं को उस दो कुशा के मूल भाग से प्रादक्षिण्यक्रम से वेष्टन कर उन दो कुशपत्रों को प्रादेशमात्र परिमाण के अग्रभाग को बायें हाथ में कर बचे हुए मूल भाग को और तीन कुशाओं को दाहिने हाथ से तोड़ दें फिर उसका त्याग कर दें, शिष्ट पत्रद्वय ही पवित्र है। उस पत्रद्वय में अविश्लेषण के लिए गाँठ दे। तदनन्तर

प्रणीतासन्निधौ निधाय तत्र सपवित्रेण पात्रान्तरेण हस्तेन वा प्रणीतोदकं त्रिरासिच्य प्रोक्षणीपात्रं सव्ये कृत्वा दक्षिणेन वामहस्तधृतमेव कर्णसमुत्थाय नीचैः कृत्वा प्रणीतोदकेन पवित्रानोतेनोत्तानहस्तेन प्रोक्षणीः प्रोक्षयेत्। ततः प्रोक्षणीजलेन आज्यस्थालीं प्रोक्षणम्। चरुस्थालीं प्रोक्षणम्। समार्जनकुशानां प्रोक्षणम्। उपयमनकुशानां प्रोक्षणम्। समिधां प्रोक्षणम्। स्त्रुवस्य प्रोक्षणम्। आज्यस्य प्रोक्षणम्। पूर्णपात्रस्य प्रोक्षणम्। ततस्ते पवित्रे प्रोक्षणीपात्रे संस्थाप्य प्रोक्षणीपात्रमग्निप्रणतयोर्मध्ये निदध्यात्। ततोऽग्नेः पश्चादाज्यस्थालीं निधाय तत्राज्यं प्रक्षिपेत् एवं चरुस्थाली मग्नेः पश्चिमतो निधाय तत्र सपवित्रायां त्रिः प्रक्षालियान् तण्डुलान् प्रक्षिप्य प्रणीतोदकमासिच्योपयुक्तं जलं तत्र निनीय ब्रम्हदक्षिणत आज्यम् आचार्य उत्तरतश्चरुमदग्धमस्त्रावितमण्डमन्तरूष्मपक्वं सुश्रृतं पचेत्। (केवलाज्ये तु उत्तराश्रितामाज्य स्थाली मग्नावारोपयेत्।)

प्रागग्र प्रोक्षणीपात्र को प्रणीता के समीप रख दे वहाँ से सपवित्र पात्रान्तर हाथ से प्रणीता पात्र से जल को तीन बार आसेचन कर प्रोक्षणी पात्र को बायें हाथ में कर दाहिने से बायें हाथ से धारण किये हुए ही कान की तरफ उठाकर नीचे की तरफ कर प्रणीतापात्र के जल से पवित्र द्वारा ग्रहण किये हुए, उत्तानहाथ से प्रोक्षणीपात्र का प्रोक्षण करें। प्रोक्षणी जल से आज्यस्थाली का प्रोक्षण करे। चरुस्थाली का प्रोक्षण करे। संमार्जन कुशाओं का प्रोक्षण करे। उपयमन कुशाओं का, समिधा का, स्रुवका आज्यका और पूर्णपात्रका प्रोक्षण करे। तदन्तर उन दोनों पवित्रों को प्रोक्षणी पत्र में स्थापन कर उस प्रोक्षणी पात्र को अग्नि और प्रणीतापात्र के मध्य में रख दे। फिंर अग्नि के पीछे आज्यस्थाली रख उसमें आज्य का प्रक्षेप करे। इसीप्रकार अग्नि के पश्चिम में चरुस्थाली रख सपवित्रवाली उसमें तीन बार धोये हुए चावलों को छोड़ प्रणीता पात्र के जल से आसेचन कर उपयुक्त जल को उसमें छोड़कर ब्रह्मा के

ततोऽग्नेर्ज्वलदुल्मुकमादाय ईशानादि प्रदक्षिणमीशान पर्यन्तमग्निमाज्यचर्वोः परितं भ्रामयित्वोल्मुकमग्नौ प्रक्षिप्य अप्रदक्षिणं हस्तमीशानकोणपर्यन्तं पर्यावर्तयेत्। अर्द्धश्रिते चरौ स्रुव गृहीत्वाऽधोबिलं सकृत् प्रतप्य संमार्जनकुशाना-ममग्रैरन्तरतः उपरि मूलादारभ्याग्रेपर्यन्तं प्राञ्चं सम्मृज्य कुश - मूलै - र्बहिरधः प्रदेशे अग्रादारभ्य प्रत्यञ्चं समृज्य संमार्जन कुशा नग्नौ प्रक्षिप्य प्रणीतोदकेन स्रुवमभ्युक्ष्य पुनःस्रुवं प्रत्यप्य दक्षिणस्यांदिशि तंतस्थापयेत् तत् शृंतचरु स्रुवेण गृहीतेनाज्येनाभिघार्य आज्यस्थालीं चरोः पूर्वेणानीयोत्तरत उद्वास्याग्नेः पश्चिमतः स्थापयेत्। ततश्चरुमादाय उत्तरत उद्वास्य आज्यस्य पूर्वेणानीय आज्यस्योत्तरतः स्थापयेत्।ततो दक्षिणहस्तस्याङ्-गुष्ठानामिकाभ्यां पवित्रयोर्मूलं सङ्गृह्यवाम-हस्तस्याङ्गुष्ठा-नामिकाभ्यां पवित्रयोर्मूलं संङ्गृह्यवा-महस्तस्याङ्गुष्ठा नामि काभ्यां तयोरग्रं संङ्गृह्य ऊर्ध्वा ग्रनेनम्रीकृत्य धारयन्ने वाज्ये प्रक्षिप्याज्यस्योत्पवनं

दक्षिण तरफ घी को आचार्य उत्तरदिशा से अदग्ध अश्रावित पक्वचरु को पका दे। तदन्तर अग्निकुंड या स्थण्डिल से जलते हुए, उल्मुक को लेकर ईशान कोण आदि से प्रदक्षिण कर ईशानकोण पर्यन्त अग्नि स्थित आज्य और चरु के चारों तरफ घुमकर उस उल्मुक को अग्नि में छोड़े दे। फिर अप्रदक्षिण क्रम से अपने हाथ को ईशान कोण पर्यन्त घुमा दे। चरु के आधे पक जाने पर स्रुव को हाथ में ग्रहण कर उस स्रुव के बिल को नीचे की तरफ कर एक बार अग्नि में तपाकर समार्जन कुशाओं के अग्रभाग से भीतर की तरफ से मूलभाग से आरम्भ कर अग्रभागपर्यन्त पूर्व की तरफ संमार्जन कर कुश मूलों से बाहर और नीचे के हिस्से में अग्रभाग से आरम्भ कर शुद्ध कर सर्माजन कुशाओं को अग्नि में फेककर प्रणीत जल से स्रुव का अभ्युक्षण तथा स्रुव का प्रतपन कर दक्षिणदिशा की तरफ उस स्रुव को रख दे। तदनन्तर पके हुए चरु में स्रुव के द्वारा घी को छोड़ आज्यस्थाली को चरु के पूर्व से लेकर उत्तरदिशा

कुर्यादुच्छालयेत्। तत आज्यमवेक्ष्य सत्यपद्रव्ये तन्निरस्येत्। ततः पूर्ववत्पवित्रे गृहीत्वाप्रोक्षणीनामपामुत्पवनं कुर्यात्। ततो वामहस्ते उपयमनादाय दक्षिणेन प्रादेशमात्रीः पालाशीस्तिस्त्रःसमिधो घृताक्ता द्व्यङ्गुलादूर्ध्वं मध्यमानामिकांगुष्ठैर्मूलभागे धृतास्तर्जन्यग्रवत्स्थूलास्तन्त्रेणाग्नौतूष्णीं प्रक्षिप्य सपवित्रेण प्रोक्षण्युदकेन चुलुकगृहीतेन ईशानादि प्रदक्षिणमीशान कोणपर्यन्तं पर्युक्ष्य अप्रदक्षिणमीशानकोणपर्यन्तं हस्तं पर्यावर्तयेत्। ततः पवित्रे प्रणीतासु निधाय दक्षिणं जान्वाच्य

की तरफ रख फिर अग्नि के पश्चिम दिशा की तरफ स्थापन करें। फिर चरु को लेकर उत्तर दिशा से उतारे हुए घी के पूर्व से ले आकर घी के उत्तर की तरफ स्थापन करे।

तदनन्तर-दाहिने हाथ के अंगूठे और अनामिका से उस दोनों कुशाओं (पवित्र) के अग्रभाग को पकड़कर ऊपर के अग्रभाग को नम्र बनाकर धारण करते हुए ही आज्य(घी) में प्रक्षेप कर आज्य को उत्पवन करे। फिर घी को देख कर उसमें जो अपद्रव्य हो उसे निकाल दे। तदनन्तर फिर पवित्रों को ग्रहण कर प्रोक्षणी स्थित जल का उत्पवन करे फिर बायें हाँथ में उपयमन कुशा को लेकर दाहिने हाथ में प्रादेश प्रमाण की तीन समिधाओं को घी में भिगोकर दो अंगुल ऊपर मध्यमा अनामिका अँगूठे के मूलभाग में धारण की हुई, तर्जनी की तरह मोटी समिधा को एक साथ चुपचाप अग्नि में प्रक्षेप कर सपवित्र वाली प्रोक्षणी पात्र के जल से चुल्लु द्वारा ग्रहण कर ईशान कोण से प्रक्षेप कर फिर ईशान पर्यन्त प्रदक्षिण क्रम से पर्युक्षण कर अप्रदक्षिण क्रम से ईशान कोण पर्यन्त अपने दाहिने हाथ को केवल घुमा दे। तदनन्तर उन पवित्र को प्रणीता पात्र में रख अपने दाहिने जानु को मोड़कर ब्रह्मा से कुशों द्वार अन्वारब्ध (स्पर्श) कर उपयमन कुशा के सहित अपने हाथ की अँगुलियों को फैलाकर उस हाथ को हृदय में लगा दाहिने हाथ से स्रुव के मूल से चार अंगुल छोड़कर शंखमुद्रा से स्रुव को ग्रहण कर प्रदीप्त अग्नि में वायव्यकोण से प्रारम्भ कर अग्निकोण पर्यन्त या पूर्व दिशा की तरफ निरन्तर घी की धारा द्वारा प्रजापति का मन से ध्यान कर स्रुव से चुपचाप शेष के सहित हवन करे, इसमें स्वाहाकार नहीं है। 'इदं प्रजापतये न मम' इस वाक्य का यजमान त्याग करे। होम त्याग के बाद स्रुव स्थित आज्य का सर्वत प्रोक्षणी पात्र में प्रक्षेप करे।

नात्र स्वाहाकारः। इदं प्रजापतये न मम इति यजमानेन त्यागः कर्त्तव्यः।होमत्यागानन्तरं स्रुवा वशिष्टस्याज्यस्य सर्वत्र प्रोक्षणीपात्रे प्रक्षेपः कार्यः। ततो निर्ऋतिकोणा दारभ्येशानकोणपर्यन्तं प्राञ्चं वा-ॐ इन्द्राय स्वाहा इति जुहुयात्। 'इदमिन्द्राय न मम' इति त्यजेत्। तत उत्तरपूर्वार्द्धे - ॐ अग्नये स्वाहा इदमग्नये न ब्रह्मणा कुशैरन्वारब्धः उपयमनकुशसहितं प्रसारितांगुलिहस्तं हृदि निधाय दक्षिणहस्तेन मूले चतुरङ्गुलं त्यक्त्वा शङ्खसन्निभमुद्रया श्रुवं गृहीत्वा समिद्धतमेऽग्नौवायव्य-कोणादारभ्याग्नि-कोणपर्यन्तं प्राञ्चं वा सन्ततघृतधारया मनसा प्रजापतिं ध्यायन् श्रुवेण तूष्णीं सशेषं मौनी जुहुयात्। मम॥ इति हुत्वा दक्षिणपूर्वाधे-ॐ सोमाय स्वाहा-इदं सोमाय न मम इति जुहुयात् ततो यजमानः द्रव्यत्यागं कुर्यात्। तत्र च बहुकर्तृके होम यथाकालं प्रत्याहुतित्यागस्य कर्तुमशकत्वा-त्सर्वंहवनीयं द्रव्यं देवताश्च मनसा ध्यात्वा त्यजेत्। तच्चैवम् इदमुपकल्पितं समित्तिलादिद्व्यं (यथासम्पादितम्) या या यक्ष्यमाणदेवतास्ताभ्यस्ताभ्यो मया परित्यक्तं न ममेति साक्षतजलं भूमौ क्षिपेत्॥ यथा दैवतमस्तु॥

तदनन्तर-निर्ऋतिकोण से आरम्भ कर ईशान कोण पर्यन्त या पूर्व की तरफ 'इन्द्राय स्वाहा' इससे हवन करे। इद्रमिन्द्राय न मम, इससे त्याग करे फिर उत्तर पूर्वार्ध में 'अग्नये स्वाहा' से हवन करें। दक्षिण पूर्वार्ध में 'सोमाय स्वाहा' से हवन करे। तदनन्तर यजमान त्याग करे। क्योंकि बहुकर्तृक हवन में यथा समय प्रति आहुति के बाद प्रोक्षणी पात्र में त्याग करना असम्भव है। अतः सब हवनीय द्रव्य तथा देवताओं को मन से ध्यान कर 'इदमुपकल्पितं समित्तिलादि द्रव्यं या या यक्षणमाण देवतास्ताभ्यस्ताभ्यो मयापरित्यक्तं न मम्' इस वाक्य को पढ़कर जल सहित अक्षत भूमि में प्रक्षेप करे 'यथादैवतमस्तु' यह कहें।

[1]बलिस्येति, इस सूक्त के प्रत्येक मंत्र से हवन करें, इस सूक्त की बत्तीस आवृत्ति से तीस, तथा चावल व घृत से हवन करे। उपरान्त [2]य आत्मदा इस मंत्र का उच्चारण कर एक सौ आठ आहुति प्रदान करें।

हनुमान अंजनीसूनु वार्युपुत्रो महाबल।
रामेष्ट फाल्गुनी सखः पिगाक्षोऽमितविक्रमः।।
समुद्रोल्लंघनं चैव सीता शोक विनाशनः।
लक्ष्मण प्राणदाता च दश ग्रीवस्य दर्पहा।।

उपर्युक्त श्लोक में हनुमानजी के बारह नामों का प्रवेश है। अतः पृथक्-पृथक् नामों का उच्चारण कर आहुति प्रदान करें।

पूर्णाहुतिः

इस संकल्प को करें-**हनुमत् प्रतिष्ठाकर्मणि संपूर्णफल प्राप्त्यर्थं मृडनामाग्नौ पूर्णाहुतिं होष्यामि।**

संकल्प करने के पश्चात् चार अथवा बारह बार घी को यज्ञीयपात्र स्त्रुव के द्वारा स्त्रुचि नामक पात्र में ग्रहण कर शिष्टाचार से उस स्त्रुचि पर सुपारी, पान, पुष्प, रेशमीवस्त्र से वेष्टितकर पुष्पमाला से सुशोभित तथा सुगन्धित द्रव्य, सिन्दूर आदि द्रव्य से सजाकर स्त्रुचि पर रख आचार्य इस वैदिक मन्त्र से पूजन करावें-

ॐ पूण्र्णादर्व्विपरापत सुपूण्र्णा पुनरापत।
व्वस्नेवव्विक्रीणावहाऽइषमूर्ज्जठं॰ शतक्रतो।।

[3]पूर्णाहुति के मंत्रोंका आचार्य सहित सभी ब्राह्मण उच्चारण करें।

---

१. 'बलिस्येतिसूक्त' के लिए यजुर्वेद संहिता देखें।

२. य आत्मदा बलदा यस्य विश्व उपासते प्रशिषं यस्य देवाः। यस्य छायामृतं यस्य मृत्युः कस्मै देवाय हविषा व्विधेम्। (यजुर्वेद सं॰)

३. पूर्णाहुति के मंत्रों को पृष्ठ सं॰ १६६ पर देखें।

अगर मूर्ति की अचल प्रतिष्ठा करनी हो तो मूर्ति के नीचे मणिक्य मोती, मूँगा, प्रवाल इन्द्रनील वैदूर्य (लहसूनिया) ये पंच रत्नादि रखें। 'स्थिरो भव' इस मंत्र का उच्चारण कर मूर्तिकी स्थापना करे।

कृतस्य हनुमत्प्रतिष्ठाहोमकर्मण साङ्गतासिद्धये आवाहित देवानांमुत्तर पूजां करिष्ये॥

संकल्प की समाप्ति के पश्चात् विधिवत् गणपत्यादि देवताओं की पूजा करें। उसके पश्चात् आचार्यदि की दक्षिणा के लिए यजमान यह संकल्प करें–

कृतस्य 'हनुमत्प्रतिष्ठा' कर्मणिः सांगता सिद्धये तत्संपूर्णफल प्राप्त्यर्थं च आचार्यादिभ्यो, ब्राह्मणेभ्यो, सूक्तपाठकेभ्यो, हवनकर्तृभ्योः, अन्येभ्यो देवयजन-यागतेभ्य दक्षिणां दातुमहमुत्सृज्ये।

इसके पश्चात् [1]अभिषेक कर्म को आचार्य करावे, उसके पश्चात् अभिषेक कर्म की फल प्राप्ति के लिए यह संकल्प करें–

कृतस्याभिषेक कर्मणः साङ्गफल प्राप्तये अभिषेक कर्तृभ्यो ब्राह्मणेभ्यो दक्षिणां विभज्य ददे॥

यजमान ब्राह्मण भोजन के निमित्त इस संकल्प को करें–

कृतस्य हनुमत्प्रतिष्ठा कर्मणः साङ्गतासिद्ध्यर्थं ब्राह्मणान् भोजयिष्यामि।

ब्राह्मणभोजन के उपरान्त विधिवत् हनुमानजी की स्तुति कर कर्मापण करें, यजमान परिवार, सम्बन्धि, मित्रगण हनुमानजी के प्रसाद को ग्रहण करें।

१-अभिषेक के लिए इस पुस्तक की पृष्ठ सं० १८६ देखें।

द्वितीय अंश

यज्ञ-प्रकरणम्

लक्ष्मी-याग

सर्वप्रायश्चित्त के दिन या उसके अगले दिन ब्रह्मचर्य, भूशय्या आदि नियमों से युक्त होकर नित्यक्रिया करके सपत्नीक यजमान उपवास एवं मंगलस्नानकरके तिलकादि से अलंकृत होकर शिखा बन्धन करे और प्रशस्त कुशासन बिछाकर उसके नीचे '**ह्रीम्**' बीज लिखे और पूरब या उत्तर की ओर मुँख करके बैठे तथा हाथ धोकर इस श्लोक द्वारा रक्षादीप प्रज्वलित करें-

शुभं करोतु कल्याणमारोग्यं धनसम्पदाम्।
शत्रुबुद्धिविनाशाय दीपज्योतिर्नमोऽस्तु ते॥

रक्षादीप मंत्र का उच्चारण कर पवित्री धारण कर दो बार आचमन करें तथा लक्ष्मीगायत्री से पूजन की सामग्रीका और अपना प्रोक्षण भी करें।

करिष्यामि व्रतं देवि त्वद्भक्तस्त्वत्परायणः।
तदविघ्नेन मे यातु समाप्तिं त्वत्प्रसादतः॥

तत्पश्चात् यजमान के हाथ में रक्तचावल और पुष्प देकर आचार्य सहित सभी ब्राह्मण [1]शान्ति पाठ करें।

शान्तिपाठ के पश्चात् आचार्य जल, अक्षत, पुष्प व द्रव्य यजमान के दाएँ हाथ में देकर यह संकल्प करावें-

ततो देशकालौ सङ्कीर्त्य-मम गृहे सर्वसङ्कटनानाविधरोगादिसर्वोपद्रवशान्तिपूर्वक धनधान्यरजतताम्रहिरण्यमुक्तामणिप्रवाल-ऊर्णादिबहुमूल्योपकल्पित-वस्त्राभरणाद्विपदचतुष्पदपुत्रपौत्राद्यभिवृद्धिपूर्वक-विपुलमहालक्ष्मीप्राप्तिद्वारा-अलक्ष्मीपरिहारपूर्वक

---

१. शान्तिपाठ के लिए इस पुस्तक की पृष्ठ संख्या ७५ देखें।

सकलमनोरथसिध्यर्थम्, समस्तपापक्षयार्थम्, ईश्वरच-रणारविन्दयोरचञ्चलभक्तिलाभसिध्यर्थम्, श्रीव्यास-निर्मिताष्टादशपुराणोपपुराणेषु मन्वादिस्मृतिषु तन्त्रेषु च कथितसमस्तलक्ष्मीपूजनजन्यफलप्राप्त्यथर्मम्, आचन्द्रा-र्कस्ववंशाख्यातकीर्तिसिध्यर्थम्, अस्मद्विरोधिनां दुष्टानां मनोवाक्कायस्तम्भनार्थम्, राजद्वारेषु सर्वानुकूलता-सिध्यर्थम्, सनातनधर्मप्रतिपादकानां वेदप्रभृतीनां पुराणान्तानां धार्मिकग्रन्थानां सर्वाषां विद्यानां च आचन्द्रार्कमभिवृध्यर्थम्, राजद्वारादिष्वप्रतिहतप्रवेश-पूर्वकसत्प्रतिष्ठाप्राप्त्यर्थम्, एकविंशति कुलोद्धरण-पूर्वकसमस्तपितृणां निरतशयानन्दसाश्वतब्रह्मलोक-निवासिसिध्यर्थम्, सालोक्यसामीप्यसान्निध्यसायुज्या-दिमोक्षफलावाप्त्यर्थम्, भारतवर्षवास्तव्यानां नानादिग्देशादागतानां महर्षिकल्पानां विदुषां महात्मनां चाज्ञया उपचीयमानाधर्मनिवृत्तिपुरस्सरं धर्माभि-वृद्ध्यर्थम्, समेषां प्राणिनां सदभावनोत्पादनार्थम्, विश्वकल्याणार्थं च निरन्तराविच्छिन्नलक्ष्मीस्थिरता-सिद्ध्यर्थं च षष्टिसहस्त्रा-धिकैकलक्षसङ्ख्यहोमात्मकं सग्रहमखं लक्ष्मीयागं, विंशत्यधिकलक्षत्रय-संख्याकहोमात्मकं सग्रहमखमति लक्ष्मीयागं करिष्ये। एवं सहस्त्रसंख्याकहोमात्मकम्, अयुतहोमात्मकम्, लक्षहोमात्मकम्, प्रयुतहोमात्मकम् कोटिहोमात्मकम्, शतसंख्याकहोमात्मकम्, दशसंख्याकहो-मात्मकम्, यथाशक्ति परिमितसंख्याकहोमात्मकं सग्रहमखं

लक्ष्मीयागं करिष्ये। तदङ्गत्वेन स्वस्तिपुण्याहवाचनम्, षोडशमातृकापूजनम्, वसोर्द्धारापूजनम्, नान्दीश्राद्धम्, आयुष्य-मंत्र जपम्, आचार्यादिवरणानि च करिष्ये। तत्रादौ निर्विघ्नतासिद्ध्यर्थं गणेशाम्बिकयोः पूजनं करिष्ये।

ऐसा संकल्प करके शेष कर्म ग्रहशान्ति पद्धति के अनुसार करें।

पश्चात् आचार्य मण्डपप्रवेश, वास्तु पूजन, मण्डप पूजन, कुण्डपूजा, पंचभूसंस्कार पूर्वक अग्निस्थापन, ग्रहस्थापन, असख्यात् रुद्रस्थापन, योगिनीपूजा, क्षेत्रपाल पूजा ग्रहशान्ति के द्वारा करें।

सर्वतोभद्रमण्डल के समीप आकर कम्बलादि आसन पर बैठकर स्थापन विधि से सुपारी आदि पर ब्रह्मादि देवताओं का स्थापन कर वेदी के मध्य में सुवर्णादि कलश स्थापित कर उसके ऊपर चाँदी के पात्र में सुवर्ण छत्र चामरादि युक्त सिंहासन स्थापित करके सोना-चाँदी-ताँबा या रेशमी वस्त्र पर लक्ष्मी यन्त्र इस क्रम से लिखे।

लक्ष्मी यन्त्र निर्माण प्रकार—महालक्ष्मी के अष्टगन्ध से या चन्दन से सोने की शलाका से बीच में एक बिन्दू रख कर, षट्कोण बनावे, उसके बाहर अष्टदल बनावे, उसके बाहर चतुरस्र बनावे, उसके चारों ओर तीन रेखायें दिशाओं में युक्त यंत्र बनावे।

इसप्रकार यंत्र लिखकर अपने सामने पीठ इत्यादि पर स्वर्णमयी महालक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर उसमें स्वर्णमय चार द्वारों वाला मंडप बनाकर यजमान के हाथ में अक्षत-पुष्प देकर ध्यान करावें।

ॐ अमृताम्भोनिधये नमः १ ॐ रत्नद्वीपाय नमः २ ॐ नानावृक्षमहोद्यानाय नमः ३ ॐ कल्पवाटिकायै नमः ४ ॐ सन्तानवाटिकायै नमः ५ ॐ हरिश्चन्दनवाटिकायै नमः ६ ॐ मन्दारवाटिकायै नमः ७ ॐ पारिजातवाटिकायै नमः

८ ॐ कदम्बवाटिकायै नमः ९ ॐ पुष्परागरत्नप्राकाराय नमः १० ॐ पद्मरागरत्नप्राकाराय नमः ११ ॐ गमेधकरत्नप्राकाराय नमः १२ ॐ वज्ररत्नप्राकाराय नमः १३ ॐ वैडूर्यरत्नप्राकाराय नमः १४ ॐ इन्द्रनीलरत्नप्राकाराय नमः १५ ॐ मुक्तारत्नप्राकाराय नमः १६ ॐ मरकतरत्नप्राकाराय नमः १७ ॐ विद्रूमरत्नप्राकाराय नमः १८ ॐ माणिक्यमण्डपाय नमः १९ ॐ सहस्त्रस्तंभमण्डपाय नमः २० ॐ अमृतवापिकायै नमः २१ ॐ आनन्दवापिकायै नमः २२ ॐ विमर्शवापिकायै नमः २३ ॐ बालातपोद्नाराय नमः २४ ॐ चन्द्रिकोद्गाराय नमः २५ ॐ महाशृङ्गारपरिधायै नमः २६ ॐ महापद्माटव्यै नमः २७ ॐ चिन्तामणिमयगृहराजाय नमः २८ ॐ पूर्वाम्नायमयपूर्वद्वाराय नमः २९ ॐ दक्षिणम्नायमयदक्षिणद्वाराय नमः ३० ॐ पश्चिमाम्नामयपश्चिम-द्वाराय नमः ३१ ॐ उत्तराम्नाय-मयोत्तरद्वाराय नमः ३२ ॐ रत्नप्रदीपवलयाय नमः ३३ ॐ मणिमयसिंहासनाय नमः ३४ ॐ ब्रह्ममयैकमञ्चपादाय नमः ३५ ॐ विष्णुमयैकमञ्चापादाय नमः ३६ ॐ रुद्रमयैकमञ्चपादा नमः ३७ ॐ ईश्वरमयैकमञ्चपादाय नमः ३८ ॐ सदाशिवमयैक-मञ्चफलकाय नमः ३९ ॐ हंसतूलिकातल्पाय नमः ४० ॐ हंसतूलिकमहोपधाय नमः ४१ ॐ कौसुम्भास्तरणाय नमः ४२ ॐ महावितानकाय नमः ४३ ॐ महामायायवनिकायै नमः ४४ तत्र नानारत्नखचितं मुक्ताद्यखङ्कृतं सिंहासनं स्मरेत्।

ततः पूर्वद्वारे–ॐ गं गणपतये नमः। ॐ क्षं-क्षेत्रपालाय नमः। दक्षिणद्वारे–ॐ श्री लक्ष्यै नमः। ॐ ऐं सरस्वतयै नमः। पश्चिमद्वारे–ॐ वं वटुकाय नमः ओं यं यमुनायै नमः

उत्तरद्वारे–ओं अस्त्राय फट्-इति पूर्वादिदिक्षु द्वारेषु देवान् आवाह्य गन्धाक्षतपुष्पैः पूजयेत्। अशक्तौ तु-ओं द्वारदेवताभ्यो नमः।

इस प्रकार से पूजा करनी चाहिये। हाथ में जल लेकर नीचे लिखे मन्त्रों से विनियोग करें।

'ॐ श्रीम्' इस बीज मंत्र द्वारा व शुद्ध तीर्थ जल से तीन बार कर शुद्धि करें।

अथ विनियोगः–

हिरण्यवर्णामिति पञ्चदशर्चस्य सूक्तस्य, श्रीआनन्दकर्दमचिल्कीदेन्दिरा सुता महर्षयः, श्रीर्देवता आद्यास्त्रिस्त्रोनुष्टुभः, पञ्चमीषष्ठ्यौ त्रिष्टुभौ ततोऽष्टानुष्टुभः, द्वादशी निचृदनुष्टुप् त्रयोदशी-चतुर्दश्यावनुष्टुभौ, अन्त्या आस्तारपंक्तिः, न्यासे विनियोगः।

विनियोग के पश्चात् नीचे लिखे मन्त्रों से ऋष्यादिक न्यास करें।

ॐ आनन्दकर्दमचिक्लीतेन्दिरा सुत ऋषिभ्यो नमः-शिरसि
ॐ अनुबादिछन्दोभ्यो नमः-मुखे। ॐ श्रीर्देवतायै नमः-हृदये।
ॐ हिरण्यवर्णामिति बीजाय-गुह्ये।
ॐ कां सोस्मितामिति शक्तये नमः-पादयोः।
ॐ बिन्दुः कीलकाय नमः-नाभौ।
ॐ ममाभीष्टलक्ष्मीप्राप्त्यर्थे न्यासे विनियोगाय नमः-सर्वाङ्गे।

ऋष्यादिक न्यास के पश्चात् नीचे लिखे मन्त्रों से षडङ्गकरन्यास करें–

ॐ हिरण्यवर्णाम्-अङ्गुष्ठयोः। ॐ हरिणीम्-तर्जन्योः। ॐ सुवर्णरजतस्त्रजाम्-मध्यमयोः। ॐ चन्द्रांहिरण्मयीम्-अनामिकयोः। ॐ लक्ष्मीम्-कनिष्ठिकयोः। ॐ जातवेदो म आवह-करतलकरपृष्ठयोः।

षडङ्गकरन्यास के पश्चात् नीचे लिखे मन्त्रों से हृदयादिषडङ्ग न्यास करें।

ॐ हिरण्यवर्णाम्-हृदयाय नमः। ॐ हरिणीम्-शिरसे स्वाहा। ॐ सुवर्णरजतस्त्रजाम्-शिखायै वषट्। ॐ चन्द्रां हिरणमयीम्-कवचाय हुम्। ॐ लक्ष्मीम्-नेत्रत्रयाय वौषट्। ॐ जातवेदो म आवह-अस्त्राय फट्। ॐ हिरण्यवर्णायै नमः-अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। ॐ सुवर्णायै नमः-तर्जनीभ्यां नमः। ॐ रजतस्त्रजायै नमः-मध्यमाभ्यां नमः। ॐ चन्द्रायै नमः-अनामिकाभ्यां नमः। ॐ हिरणमय्यै नमः-कनिष्ठिभ्यां नमः। ॐ लक्ष्म्यै नमः-करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः। ॐ हिरण मय्यै नमः-हृदयाय नमः। ॐ चन्द्रायै नमः-शिरसे स्वाहा। ॐ रजतस्त्रजायै नमः-शिखायै वषट्। ॐ हिरण्यस्त्रजायै नमः-कवचाय हुम्। ॐ हिरण्याक्षायै नमः-नेत्रत्रयाय वौषट्। ॐ हिरण्यवर्णायै नमः-अस्त्राय फट्।

ॐ श्रियै नमः-शिरसि। ॐ लक्ष्म्यै नमः-नेत्रयोः। ॐ वरदायै नमः-कर्णयोः। ॐ विष्णुपत्न्यै नमः। नासिकयोः। ॐ वसुदायै नमः-मुखे। ॐ हिरण्यवर्णायै नमः-गण्डयोः। ॐ

स्वर्ण-मालिन्यै नमः-कण्ठे। ॐ स्त्रजायै नमः-ओष्ठयोः। ॐ सुवर्णगृहायै नमः-दक्षिणबाहौ। ॐ स्वर्ण प्राकाराय नमः-बामबाहौ। ॐ पद्मवासिन्यै नमः-स्तनयोः। ॐ पद्महस्तायै नमः-दक्षिणहस्ते। ॐ पद्मप्रियायै नमः-वामहस्ते। ॐ मुक्तालङ्कारायै नमः-हृदये। ॐ सूर्यायै नमः-उदरे। ॐ चन्द्रायै नमः-नाभौ। ॐ बिल्वप्रियायै नमः-दक्षिणकरे। ॐ ईश्वर्यै नमः-वामकरे। ॐ भुक्त्यै मुक्त्यै नमः-कुक्षिद्वये। ॐ विभूत्यै वृद्ध्यै नमः-कटिद्वये। ॐ समृध्यै नमः-गुह्ये। ॐ तुष्टचै पुष्ट्यै नमः-उरुद्वये। ॐ गङ्गायै धनेश्वर्यै नमः-जानुद्वये। ॐ शुद्धायं भोगिन्यै नमः-गुल्फद्वये। ॐ भोगदायै धात्र्यै नमः-पादद्वये। ॐ विधात्र्यै नमः-सर्वाङ्गे। उपरिभागे-ॐ साम्राज्यलक्ष्म्यै नमः। पुरतः-ॐ सागरजायै नमः। पृष्ठे-ओं कमलायै नमः। दक्षिणभागे-ओं द्विजराजसहोदर्यै नमः। वामभागे-ओं जयप्रदायै नमः। पाताले-ओं विजयप्रदायै नमः। मध्ये-ओं सर्वसौभाग्यदायै नमः। 'ओं भूर्भुवः स्वरोम्' इति दिग्बन्धनम्।

ॐ श्राम-हृदयाय नमः। ॐ श्रीम्-शिरसे स्वाहा।
ॐ श्रूम-शिखायै वषट्। ॐ श्रैम्-कवचाय हुम्।
ॐ श्रौम-नेत्रत्रयाय वौषट्। ॐ श्रः अस्त्राय फट्।
ॐ ह्राम्-अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। ॐ ह्रीम्-तर्जनीभ्यां नमः।
ॐ ह्रम्-मध्यमाभ्यां नमः। ॐ ह्रैम्-अनामिकाभ्यां नमः।
ॐ ह्रौम्-कनिष्ठिकाभ्यां नमः। ॐ ह्रः-करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।

न्यास का क्रम पूजा समुच्चय के मत से–

(१) ॐ हिरण्यवर्णाम् भगवत्यै महालक्ष्म्यै नमः शिरसि
(२) ॐ तां म ऽ आवह ,, ,, नेत्रयोः
(३) ॐ अश्वपूर्वाम् ,, ,, कर्णयोः
(४) ॐ कांसोस्मिताम् ,, ,, नासिकयोः
(५) ॐ चन्द्रां प्रभासाम् ,, ,, मुखे
(६) ॐ आदित्यवर्णे ,, ,, कण्ठे
(७) ॐ उपैतु माम् ,, ,, बाह्वोः
(८) ॐ क्षुत्पिपासामलाम् ,, ,, हृदये
(९) ॐ गन्धद्वाराम् ,, ,, नाभौ
(१०) ॐ मनसः कामम् ,, ,, गुह्ये
(११) ॐ कर्दमेन प्रजा ,, ,, पादयोः
(१२) ॐ आपः सृजन्तु ,, ,, ऊर्वोः
(१३) ॐ आर्द्रां पुष्करणीम्,, ,, जान्वोः
(१४) ॐ आर्द्रां यष्करणीम्,, ,, जङ्घयोः
(१५) ॐ तां म अवह ,, ,, पादयोः

(१) ॐ कर्दमेन प्रजा भगवत्यै महालक्ष्म्यै नमः हृदयाय नमः।
(२) ॐ आपः सृजन्तु ,, ,, शिरसे स्वाहा
(३) ॐ आर्द्रां पुष्करणीम्,, ,, शिखायै वषट्
(४) ॐ आर्द्रां यष्करणीम् ,, ,, कवचाय हुम्
(५) ॐ तां म आवह ,, ,, नेत्रत्रयाय वौषट्
(६) ॐ यः शुचिः प्रयतो ,, ,, अस्त्राय फट्

तत्पश्चात् कुशों के द्वारा श्रीसूक्त के मन्त्रों से मार्जन करना चाहिए, इस प्रकार समग्रपूर्ण श्रीसूक्त को पढ़कर, पापों का प्रायश्चित करके उस जल को अपने बायीं ओर से डालकर तथा उठकर ऊपर हाथ उठाकर श्रीसूक्त के मंत्र से उपस्थान करना चाहिए, इसके पश्चात् इस श्लोक के द्वारा अपने हृदय में महालक्ष्मी का पूजन करना चाहिए–

या सा पद्मासनस्था विपुलकटितटी पद्मपत्रायताक्षी।
गम्भीरावर्तनाभिस्तनभरनमिताशुभ्रवस्त्रोत्तरीया॥
लक्ष्मीर्दिव्यैर्गजेन्द्रैर्ममणिगणखचितैः स्नापिताहेमकुंभै।
नित्यं सा पद्महस्ता मम वसतु गृहे सर्वमाङ्गल्ययुक्ता॥

अथ पाद्यादिपात्रस्थापनपूजनम्

पूर्व नवकोष्ठात्मिकां भूमिं संपाद पूर्वादितो मध्ये च पाद्यादिपात्राणामुत्तरक्रमेण संस्थाप्य एवं पञ्चपञ्चामृतपात्राणां स्थापनं कृत्वा विदिक्षु सुगन्धित द्रव्याणि निधाय स्थापनक्रमेण नवसु पात्रेषु सद्द्रव्येषु नव देवताः पूजयेत्–

ॐ विद्यायै नमः। ॐ अविद्यायै नमः। ॐ प्रकृत्यै नमः। ॐ मायायै नमः। ॐ तेजस्विन्यै नमः। ॐ प्रबोधिन्यै नमः। ॐ सत्याय नमः। ॐ रजसे नमः। ॐ तमसे नमः। इति संपूज्य गायत्र्याऽभिमृशेत्।

अथ पूजाकलशार्चनम्

अपने वाम भाग में पूजा कलश स्थापित कर "इमं मे वरुणेति" इस मंत्र से वरुणदेव का पूजन कर गायत्री से दस बार मंत्र को अभिमन्त्रित करें।

ॐ गङ्गे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वती।
नर्मदे सिन्धुकावेरि जलेऽस्मिन्सन्निधिं कुरु॥
सर्वे समुद्राः सरितः तीर्थानि जलदा नदाः।
आयान्तु देवपूजार्थं दुरितक्षयकारकाः॥

इसके पश्चात् 'ॐ कलशस्य मुखे वि०' इति विष्णवादीनामावाहयेत्। ॐ विष्णवे नमः। ॐ रुद्राय नमः। ॐ ब्रह्मणे नमः। ॐ मातृगणेभ्यो नमः। ॐ सागरेभ्यो नमः। ॐ सप्तद्वीप-वसुन्धरायै नमः। ॐ ऋग्वेदाय नमः। यजुर्वेदाय नमः। सामवेदाय नमः। ॐ अथर्ववेदाय नमः। ॐ वेदाङ्गेभ्यो नमः। ॐ गायत्र्यै नमः। ॐ सावित्र्यै नमः। ॐ शान्त्यै नमः। ॐ सरस्वत्यै नमः।

इनका आवाहन कर पूजा करें।

अथ पीठपूजा

उपर्युक्त कर्म की समाप्ति के पश्चात् आचार्य पीठपूजा निम्न क्रमानुसार यजमान से करावें–

ॐ मण्डूकाय नमः। ॐ कालाग्निरुद्राय नमः। ॐ मूलप्रकृत्यै नमः। ॐ आधारशक्त्यै नमः। ॐ कूर्माय नमः। ॐ अनन्ताय नमः। ॐ वाराहाय नमः। ॐ पृथिव्यै नमः। ॐ सुधासमुद्राय नमः। ॐ श्वेतद्वीपाय नमः। ॐ स्वर्णपर्वताय नमः। ॐ करुणातोयपरिखायै नमः। ॐ स्वर्णमण्डपाय नमः। पूर्वद्वारे–ॐ द्वारश्रियै नमः। ॐ इन्द्राय नमः। ॐ ब्रह्मणे नमः। ॐ सत्वाय नमः। ॐ ऋग्वेदाय नमः। ॐ आत्मने नमः। ॐ कालतत्वाय नमः। ॐ अम्बिकायै नमः। ॐ इन्द्राण्यै नमः।

ॐ वेदमात्रे नमः। ॐ शैलपुत्र्यै नमः। ॐ ब्रह्मचारिण्यै नमः। ॐ चण्द्रघण्टायै नमः। ॐ स्कन्दमात्रे नमः। ॐ कात्यायन्यै नमः। ॐ गौर्यै नमः।

दक्षिणद्वारे–ॐ द्वारश्रियै नमः। ॐ यमाय नमः। ॐ शान्त्यै नमः। ॐ सिद्धायै नमः। ॐ क्षमायै नमः। ॐ विष्णवे नमः। ॐ यजुर्वेदाय नमः। ॐ रजसे नमः। ॐ विद्यातत्त्वाय नमः। ॐ जगन्मात्रे नमः। ॐ मायायै नमः। ॐ शिवायै नमः। ॐ शान्त्यै नमः। ॐ प्रभायै नः। ॐ ह्रीं कारायै नमः। ॐ क्लीं कारायै नमः। ॐ मायाशक्त्यै नमः। ॐ वीरायै नमः। ॐ अन्तरात्मने नमः। ॐ दण्डधराय नमः।

पश्चिमद्वारे–ॐ द्वारश्रियै नमः। ॐ वरुणाय नमः। ॐ रुद्राय नमः। ॐ सामवेदाय नमः। ॐ तमसे नमः। ॐ आदित्याय नमः। ॐ वारुण्यै नमः। ॐ शंखायुधायै नमः। ॐ हंसवाहिन्यै नमः। ॐ जगज्जीवायै नमः। ॐ जगद्बीजायै नमः। ॐ षोडशकलायै नमः। ॐ पूर्णकलशाय नमः। ॐ चित्रिण्यै नमः। ॐ चित्रभालायै नमः। ॐ चित्रायै नमः। ॐ चामुण्डायै नमः।

उत्तरद्वारे–ॐ द्वारश्रियै नमः। ॐ कपालधारिण्यै नमः। ॐ भक्तवत्सज्योत्स्नायै नमः। ॐ कल्याण्यै नमः। ॐ शर्वाण्यै नमः। ॐ चन्द्रकलायै नमः। ॐ चन्द्रवदनायै नमः। ॐ विभूत्यै नमः। ॐ परमविभूत्यै नमः। ॐ भस्मधारिण्यै नमः। ॐ पावनायै नमः। ॐ गङ्गायै नमः। ॐ भागीरथ्यै नमः। ॐ गोदावर्यै नमः। ॐ प्रवरायै नमः। ॐ प्रणतायै नमः। ॐ क्रां कारायै नमः। ॐ

क्रीं कारायै नमः। ॐ क्रौं कारायै नमः। ॐ सर्वबीजात्मने नमः। ॐ बीजप्रवाहिन्यै नमः।

मध्ये—ॐ रत्नवेदिकायै नमः। ॐ रत्नसिंहासनाय नमः। ॐ धर्माय नमः। ॐ ज्ञानाय नमः। ॐ वैराग्याय नमः। ॐ अनैश्वर्याय नमः। ॐ श्वेतच्छत्राय नमः। ॐ विच्छित्यै नमः ॐ मायाशक्त्यै नमः। ॐ आनन्दकन्दाय नमः। ॐ संविन्नालाय नमः। ॐ प्रकृतिमयपत्रेभ्यो नमः ॐ पञ्चाशद्वर्णबीजाढ्यसर्वेभ्यो नमः। ॐ तत्वरूपायै कर्णिकायै नमः। अं अर्कमण्डलाय नमः। ॐ मं वह्निमण्डलाय नमः। ॐ सं सोममण्डलाय नमः। ॐ सं सत्वाय नमः। ॐ रं राजसे नमः। ॐ तं तमसे नमः। ॐ आं आत्मने नमः। ॐ अं अन्तरात्मने नमः। ॐ पं परमात्मने नमः। ॐ ह्रीं ज्ञानात्मने नमः। ॐ आत्मतत्वाय नमः। ॐ मायातत्वाय नमः। ॐ विद्यातत्वाय नमः। ॐ कालतत्वाय नमः। ॐ परतत्वाय नमः।

केसरेषु पूर्वादिक्रमेण—

ॐ विभूत्यै नमः। ॐ उन्नत्यै नमः। ॐ कान्त्यै नमः।

ॐ हृष्टयै नमः। ॐ कीर्त्यै नमः। ॐ सन्नत्यै नमः। ॐ व्युष्टयै नमः। ॐ उत्कृष्ट्यै नमः। ॐ मत्यै नमः। ॐ ऋध्यै नमः।

ततः—ॐ श्रीं सर्वशक्तिकमलासनाय नमः। ॐ महालक्ष्मीयोगपीठाय नमः।

इसप्रकार समस्त पीठों की पूजा करके कर्णिका में पुष्पांजलि प्रदान करे।

अथाग्न्युत्तारणम्

देवी की प्रतिमा को सुवर्ण के पात्र में रखकर मधु और घृत से धोकर 'ॐ अश्मन्नूर्जम्' इस वाक्य का उच्चारण कर श्री सूक्त से तथा दूध मिश्रित जल से या केवल दूध से अभिषेक करके प्रतिमा को बाहर निकाल कर, स्वच्छ एवं नवीन वस्त्र से पोछ करके उसे यंत्र के ऊपर स्थापित करके प्राण प्रतिष्ठा करनी चाहिए।

प्राणप्रतिष्ठा

लक्ष्मी प्राण प्रतिष्ठा मंत्र के ब्रह्मा-विष्णु-महेश्वर ऋषि हैं। ऋग्यजु, साम छन्द हैं, प्राण शक्ति देवता हैं, आं 'बीज' हैं, 'ह्रीं' शक्ति हैं, 'क्रों' कीलक हैं।

इस प्रकार महालक्ष्मी देवी को प्रसन्न करने के लिए उनके प्रतिष्ठापत्र का यह विनियोग कर्ता को करना चाहिए।

ॐ ब्रह्मविष्णुमहेश्वरेभ्यो ऋषिभ्यो नमः शिरसि।

ॐ ऋग्यजुःसामछन्दोभ्यो नमो मुखे। ॐ प्राणशक्तिदेवतायै नमः-हृदये। ॐ आं बीजाय नमः-गुह्ये। ॐ ह्रीं शक्तये नमः-पादयोः। ॐ क्रों कीलकाय नमः-नाभौ। ॐ प्राणप्रतिष्ठापते विनियोगः-सर्वाङ्गे।

ॐ ह्राम्-अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। ॐ ह्रीम्-तर्जनीभ्यां नमः। ॐ ह्रुं मध्यमाभ्यां नमः। ॐ ह्रैम्-अनामिकाभ्यां नमः। ॐ ह्रीं-कनिष्ठिकाभ्यां नमः। ॐ ह्रः-करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।

ॐ ह्रां हृदयाय नमः। ॐ ह्रीं शिरसे स्वाहा। ॐ ह्रुं शिखायै वषट्। ॐ ह्रैं कवचाय हुम्। ॐ ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्। ॐ ह्रः अस्त्राय फट्।

उपरोक्त कर्म के पश्चात् यजमान से लक्ष्मी देवी का ध्यान इस श्लोक का उच्चारण करके आचार्य करावें-

ध्यायेल्लक्ष्मीं प्रहसितमुखीं राज्यसिंहासनस्थां।
मुद्राशक्तिं सकलविनुतां सर्वसंसेव्यमानाम्॥
अग्नौ पूज्यामखिलजननीं हेमवर्णां हिरण्याम्।
भाग्योपेतां भुवनसुखदां भार्गवीं भूतिधात्रीम्॥

इस प्रकार ध्यान करवाके प्रतिमा के ऊपर आचार्य अपने हस्त (हाथ) को रखकर प्राणप्रतिष्ठा बीज को पढ़ें-

ॐ आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हं क्षं सः श्रीमहालक्ष्मीदेव्याः प्राणा इह प्राणाः। ॐ आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हं क्षं सः जीव इह स्थितः। ॐ आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हं क्षं सः सर्वेन्द्रियाणि वाङ्मनः श्रोत्रत्वक्चक्षुर्जिह्वाघ्राणपादपायूपस्था इहागत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु स्वाहा।

ॐ अस्यै प्राणा प्रतिष्ठन्तु अस्यै प्राणा क्षरन्तु च।
अस्यै दवत्वमर्चायै मामहे तीति कश्च न॥

इसके बाद आचार्य यजमान से प्रणव मंत्र का सोलह बार जप करवाना चाहिये। बाद में एकाग्रचित्त होकर यजमान दाहिने हाथ में सुन्दर पुष्पमाला लेकर खड़े होकर इन श्लोकों द्वारा प्रार्थना करें-

समस्तसंपत्सुखदां महाश्रियं समस्तसौभाग्यकरीं महाश्रियम्।
समस्तकल्याणकरीं महाश्रियं भजाम्यहं ज्ञानकरीं महाश्रियम्॥ १॥
समस्तभूतान्तरसंस्थिता त्वं समस्तभूतेश्वरि विश्वरूपे।
तन्नास्ति यत्त्वद्व्यतिरिक्तवस्तु त्वपादपद्मं प्रणमाम्यहं श्रीः॥ २॥
दारिद्रयदुःखौघतमोपहन्त्री त्वत्पादपद्मं मयि सन्निधत्स्व।
दीनार्तिविच्छेदनहेतुभूतैः कृपाकटाक्षैरभिषिञ्च मां श्रीः॥ ३॥

अम्ब प्रसीद करुणासुधयार्द्रदृष्ट्या मां त्वत्कृ-पाद्रविणगेहिमिमं कुरुष्व।
आलोकनप्रणयिहृद्गत शोकहन्त्रीत्वत्पादपद्मयुगलं प्रणयाम्यहं श्रीः ॥ ४ ॥
शान्त्यै नमोऽस्तु शरणागतरक्षणायै कान्त्यै नमोऽस्तु कमनीयगुणाश्रयायै।
शान्त्यै नमोऽस्तु दुरितक्षयकारणायै धात्र्यै नमोऽस्तु धनधान्यसमृद्धिदायै ॥ ५॥
विज्ञानवृद्धिं हृदये कुरु श्रीः सौभाग्यसिद्धिं कुरु मे करे श्रीः।
दयासुपुष्टिं कुरुतां मयि श्रीः सुवर्णवृद्धिं कुरु मे करे श्रीः ॥ ६ ॥
न मां त्यजेथाः श्रितकल्पवल्लिसद्भक्तिचिन्तामणि कामधेनो।
विश्वस्य मातर्भव सुप्रसन्ना गृहे कलत्रेषु च पुत्रवर्गे ॥ ७ ॥
माता-पिता त्वं गुरुसद्गतिः श्रीस्त्वमेवसञ्जीव-नहेतुभूता।
अन्यं न मन्ये जगदेकनाथे त्वमेव सर्वंमम देवि सत्यम् ॥ ८ ॥
अशेषवाग्जाड्यमलापहारिणीं नवं-नवं स्पष्टसुवा-क्प्रदायिनि।
ममैहि जिह्वाग्रसुरङ्गनर्तकी भव प्रसन्ना वदने च मे श्रीः ॥ ६ ॥
वागर्थसिद्धिं बहुलोकवश्यं वयः स्थिरत्वं ललनासुभोगम्।
पौत्रादिलब्धिं सकलार्थसिद्धिं प्रदेहि मे भार्गवि जन्मजन्मानि ॥ १० ॥
समस्तविघ्नौघविनाशकारिणी समस्तविघ्नोद्धरणे विचक्षण।
अनन्तसौभाग्यसुखप्रदायिनी हिरणमये मे वदने प्रसन्ना ॥ ११ ॥

इसके पश्चात् आचार्य संग्रहित उपचारों से लक्ष्मीजी का विधिवत् पूजन यजमान से करावें। उपरान्त यथा संख्या श्रीसूक्त का पाठ आचार्य सहित सभी ब्राह्मण करें।

संकल्पः

उपर्युक्त कर्म की समाप्ति के पश्चात् निम्न संकल्प यजमान करें-

देशकालौ सङ्कीर्त्य-मम धन-पुत्र-पौत्रादि-समृध्यर्थ नानारोगदूरीकरणार्थं नवग्रहदेवताप्रसन्नार्थं च षोडश-दश-पञ्च-

शतादिसंख्याकान् स्वयं ब्राह्मणद्वारा पाठान् कारयिष्ये

पश्चात्-

ॐ गुह्याति गुह्यगोप्त्री त्वं गृहाणास्मद् कृतं जपम्।
सिद्धिर्भवतु मे देवि त्वत्प्रसादन् महेश्वरि॥

इस श्लोक द्वारा महालक्ष्मी का जप करके और श्रीसूक्त का पाठ करके

'श्रीमहालक्ष्मीः भगवती प्रीतताम्' यह कहकर जल भूमि पर छोड़ें।

ततः-उसी स्थान पर आचार्यादि को दक्षिणा देकर यजमान प्रार्थना करें-

ॐ यत्पादपद्मामृतसेवनेन मूढोऽपि सद्यः प्रकरोति काव्यम्।
साऽनेकदेवादिगणैः संपूज्या समस्तविघ्नक्षयमातनोतु॥

प्रदक्षिणा त्रयं देवि प्रयत्नेन मया कृता।
क्षम्यतां देव देवेशि पापानां क्षालनं कुरु॥
प्रयच्छ पुत्रपौत्राश्च पिष्णुवक्षःस्थलेऽनधे।
श्रियं देहि यशो देहि सर्वान्कामान्प्रयच्छ मे॥
धनं धान्यं धरां धर्म कीर्तिमायुर्यशः श्रियम्।
तुरगान् दन्तिनः पुत्रान् महालक्ष्मि प्रयच्छ मे॥
विष्णोर्वक्षसि पद्मे च शङ्खे चक्रे तथाम्बरे।
लक्ष्मि नित्या यथासि त्वं मयि नित्या तथा भव॥
यन्मया वाञ्छितं देवि तत्सर्वं सफलं कुरु।
न बाध्यन्तां कुकर्माणि सङ्कटान्मे निवारय॥

यावच्चन्द्रश्च सूर्यश्च यावद्देवा वसुन्धरा।
तावन्मय गृहे देवि अचला सुस्थिरा भव॥
यावत्तारागणाकाशे यावदिन्द्रादयोऽमराः।
तावन्मम गृहे देवि अचला सुस्थिरा भव॥
पङ्कजं देवि सन्त्यज्य मम वेश्मनि संविश।
यथा सदारपुत्रोऽहं सुखस्यां त्वत्प्रसादतः।
भूमौ स्खलितपादानां भूमिरेवावलम्बनम्।
त्वयि जातापराधानां त्वमेव शरणं शिवे॥
अपराधो भवत्येव सेवकस्य पदे-पदे।
कोऽपरः क्षमते लोके केवलं मातरं विना॥
साधु वाऽसाधु वा कर्म यद्यदाचरितं मया।
तत्सर्वं कृपया देवि गृहाणाराधनं मम॥
ज्ञानतोऽज्ञानतो वापि यन्मयाचरितं शिवे।
तव कृत्यमिति ज्ञात्वा क्षमस्व परमेश्वरि॥

प्रार्थना के उपरान्त आचार्य को स्वर्ण, अन्न, वस्त्र तथा स्वर्णशृंगादियुत गाय देकर यजमान इस श्लोक का उच्चारण करके देवी के समक्ष अपने दाएं हाथ के जल को भूमि में छोड़ देवें–

करिष्यामि व्रतं देवि त्वद्भक्तस्त्वत्परायणः।
तदविघ्नेन मे यातु समाप्तिं त्वत्प्रसादतः॥

उलूकपूजनम्

इस क्रम से आचार्य उलूक पूजन यजमान से करावे–

ॐ अग्नये कुटरूनालभते वनस्पतिभ्यऽ उलूका-

नग्नीषोमाभ्यांञ्चाषानश्शिवब्भ्यां मयूरान्मित्रावरु-णाभ्याङ्कपोतान्॥

ॐ वर्षाहूर्ऋतूनामाखुः कशो मान्थालस्ते पितृणां बलायाजगरो वसूनां कपिञ्जलः कपोतऽ उलूकः शशस्ते निर्ऋत्यै वरुणायारण्यो मेषः॥

ॐ उलूकाय नः उलूकं पूजयामि।

हस्तिपूजनम्

इस क्रम से आचार्य हस्ति पूजन यजमान से करावें–

ॐ प्रजापतये च वायवे च गोमृगो वरुणायारण्यो मेषो यमाय कृष्णो मनुष्यराजाय मर्कटः शार्दूलाय रोहिदृषभाय गवयी क्षिप्रश्येनाय वर्त्तिका नीलं गोः क्रिमिः समुदाय शिशुमारो हिमवते हस्तो॥

ॐ हस्तिने नमः हस्तिनं पूजयामि।

कामदेवादिऋतुपूजनम्

निम्नक्रम से आचार्य कामदेवादि ऋतु पूजन यजमान से करावें–

उलूकाग्रे कामदेवं तरुणं वर्णं रक्तवस्त्राभरण-माल्यानुलेपनं वामदक्षिणयोरतिप्रीतिभ्यां शोभितं पुष्पवाणेक्षुधर्नुर्धरं वसन्तादिसहितं ध्यायेत्–

ॐ मनसः काममाकूतिं वाचः सत्यमशीय। पशूनाᳬ रूपमन्नस्य रसो यशः श्रीः श्रयतां मयि स्वाहा।

ॐ कामदेवाय नमः कामदेवं पूजयामि। तद्वामेरतिं गौरवर्णां सर्वालङ्कारभूषितां रक्तवस्त्रपरीधानां पद्मद्वयकरां ध्यायेत्–

ॐ इह रतिरिहरमध्वमिहधृतिरिहस्वधृतिः स्वाहा। उपसृजन्धरुणं मात्रे धरुणो मातरन्धयन्। रायस्पोष-मस्मासुदीधरत्स्वाहा॥

ॐ रत्यै नमः रतिं पूजयामि।

कामस्य दक्षिणभागे प्रीतिश्यामवर्णां सर्वाभरणभूषितां रक्त वस्त्रपरीधानां तांबूलकरां ध्यायेत्–

ॐ प्रैषेभिः प्रैषानाप्नोत्याप्रीभिराप्रीर्यज्ञस्य।
प्रयाजेभिरनुयाजान्वषट्कारे-भिराहुतीः।

ॐ प्रीत्यै नमः प्रीतिं पूजयामि।

उपरान्त आचार्य कामदेव के अग्र में वसन्तादिक ऋतुओं का पूजन यजमान से करावें–

ॐ वसन्तेनऽ ऋतुना देवा वसवस्त्रिवृता स्तुताः।
रथन्तरेण तेजसा हविरिन्द्रे वयो दधुः॥
ॐ वसन्तऋतवे नमः वसन्तऋतुं पूजयामि।
ॐ ग्रीष्मेणऽ ऋतुना देवा रुद्राः पञ्चदशे स्तुताः।
बृहता यशसा बलꣳ हविरिन्द्रे वयो दधुः॥
ॐ ग्रीष्मऋतवे नमः ग्रीष्मऋतुं पूजयामि।
ॐ वर्षाभिर्ऋतुना दित्या स्तोमे सप्तदशे स्तुताः।
वैरूपेण विशौजसा हविरिन्द्रे वयो दधुः॥

ॐ वर्षाऋतवे नमः वर्षाऋतुं पूजयामि।

ॐ शारदेनऽ ऋतुना देवाऽ एकविर्ठ० शऽ ऋभवस्तुताः।
वैराजेन श्रिया श्रियर्ठ० हविरिन्द्रे वयो दधुः॥

ॐ शरदऋतवे नमः शरदऋतुं पूजयामि।

ॐ हेमन्तेनऽ ऋतुना देवास्त्रिणवे मरुतस्तुताः।
बलेन शक्वरीः सहो हविरिन्द्रे वयो दधुः॥

ॐ हेमन्तऋतवे नमः हेमन्तऋतुं पूजयामि।

ॐ शैशिरेणऽ ऋतुना देवास्त्रयस्त्रिर्ठ० शे मृतास्तुताः।
सत्येन रेवतीः क्षत्रर्ठ० हविरिन्द्रे वयो दधुः॥

ॐ शिशिरऋतवे नमः शिशिरऋतुं पूजयामि।

आचार्य लब्धोपचारों से पूजन करवाके पुष्पांजलि यजमान से प्रदान करावें–

ॐ वसन्ताय कपिञ्जलानालभते ग्रीष्मय कलविङ्कां- वर्षाभ्यस्तित्तिरीञ्छरदे वर्तिका हेमन्ताय ककराञ्छिशिराय विकरान्।

कामदेव के दिक्षु-विदिक्षु और देवताओं की पूजा करें–

पञ्चवर्णैः चन्दने वा अष्टदलं कृत्वा बहिश्चतुरस्त्रं तद्बहिर्वर्तुलत्रयं तद्बहिर्वृत्तं चतुरस्त्रं कृत्वा ॐ भस्म शरीराय नमः ॐ भस्मशरीरं पूजयामि।

ॐ अनङ्गाय नमः अनङ्गं पूजयामि।

ॐ मन्मथाय नमः मन्मथं पूजयामि।

ॐ वसन्तसखाय नमः वसन्तसखं पूजयामि।

ॐ स्मराय नमः स्मरं पूजयामि।

ॐ इषुचापाय नमः इषुचापं पूजयामि।

ॐ पुष्पास्त्राय नमः पुष्पास्त्रं पूजयामि।

ॐ कन्दर्पाय नमः कन्दर्प पूजयामि।

लब्धोपचारों से पूजन करे के इसका उच्चारण करें–

ॐ कामदेवाय विद्महे पुष्पवाणाय धीमहि। तन्नोऽनङ्गः प्रयोदयात्।

इस श्लोक का उच्चारण करके नमस्कार करें–

नमोऽस्तु पुष्पवाणाय जगदानन्दकारिणे।
मन्मथाय जगन्नेत्रे रतिप्रीतिप्रियाय च॥

कुमारीपूजा के लिए यजमान से इस संकल्प को आचार्य करावें–

अद्य श्रीलक्ष्मीपूजनसाङ्गतासिद्धये कुमारीपूजनं करिष्ये–

तत्पश्चात् निम्न मंत्रों के द्वारा एवं श्लोकों के द्वारा कुमारी पूजा करें–

ॐ नृत्ताय सूतङ्गीताय शैलूषन्धर्माय सभाचरन्नरिष्ठायै भीमलन्नर्माय रेभर्ठ० हसाय कारिमानन्दाय स्त्रीषखम्प्रदे कुमारी पुत्रं मेधायै रथकारन्धैर्याय तक्षाणम्।

ॐ कन्याऽइव वहतुमेतवाऽ उऽ अञ्ज्यञ्जानाऽअभि-चाकशीमि। यत्र सोमः सूयते यत्र यज्ञो घृतस्य धाराऽ अभितत्पवन्ते॥

ॐ मन्त्राक्षरमयीं लक्ष्मीं मातृणां रूपधारिणीम्।
नवदुर्गात्मिकां साक्षात्कन्यामावाहयाम्यहम्॥
ॐ कुमार्यै नमः कुमारीं पूजयामि।

कुमारी पूजा के पश्चात् वटुक पूजा इस क्रम से करें सर्वप्रथम बटुक पूजा के लिए यजमान से यह संकल्प करावें-

अद्य श्रीलक्ष्मीपूजनकर्मणि साङ्गफलप्राप्तये वटुकपूजनं करिष्ये।

ॐ अनुते शुष्मन्तुरयन्तमीयतुः क्षोणी शिशुन्नमातरा।
विश्वास्ते स्पृधः श्नथयन्त मन्यवे वृत्रं यदिन्द्र तूर्वसि॥

ॐ वटुकाय नमः वटुकं पूजयामीत्यावाहना-दिराजोपचारैः संपूजयेत्।

वटुकपूजा के पश्चात् सुवासिनी पूजा इस क्रम से करें-

ॐ अनाधृष्टा पुरस्तादग्नेराधिपत्यः आयुर्मेदाः पुत्रवती दक्षिणत इन्द्रस्याधिपत्ये प्रजां मे दाः। सुखदा पश्चाद्देवस्य सवितुराधिपत्ये चक्षुर्मेदाऽ आश्रुतिरुत्तरतो धातुराधिपत्ये रायस्पोषं मेदाः। विधृतिरुपरिष्टाद् बृहस्पतेराधिपत्यऽ ओजो मेदा विश्वाभ्यो मा नाष्ट्राभ्यस्पाहि मनोरश्वासि।

ॐ या देवि सर्वभूतेषु लक्ष्मीरूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै - नमस्तस्यै - नमस्तस्यै नमो नमः॥

इस प्रकार से पूजा करके-

ॐ बालायै नमः। ॐ कामेश्वर्यै नमः। ॐ गणेश्यै नमः। ॐ दुर्गायै नमः। ॐ लक्ष्म्यै नमः। ॐ सरस्वत्यै नमः। ॐ कलाभ्यो नमः।

इस प्रकार लक्ष्मी देवी के रूप का ध्यान कर वस्त्र एवं अलंकार उन्हें समर्पित कर यह प्रार्थना करें–

ॐ बन्धूकपुष्पसंकाशे त्रिपुरे भयनाशिनी।
भाग्योदयसमुत्पन्ने प्रसन्नवरदेति वै॥
जय देवि जगद्धात्रि त्रिपुरे च त्रिदैवते।
भक्तेभ्यो वरदे देवि महिषघ्नि नमोऽस्तु ते॥
जगत्पूज्ये जगद्वन्द्ये जगन्मोहनविधायिनि।
सर्वविघ्नहरे देवि महालक्ष्मि नमोऽस्तु ते॥

सुवासिनीपूजा के पश्चात् निधि पूजन इस क्रम से करें–

ॐ धन्वनागा धन्वनाजिञ्जयेम धन्वना तीव्राः समदो जयेम। धनुः शत्रोरपकामङ्कृणोति धन्वना सर्वाः प्रदिशो जयेम॥

ॐ रूपेण वो रूपमभ्यागां तुथो वो विश्ववेदा विभजतु। ऋतस्य पथाप्रेत चन्द्रदक्षिणा विस्वः पश्य व्यन्तरिक्षं यतस्व सदस्यैः॥

ॐ स्वर्णधर्मः स्वाहा स्वर्णार्कः स्वाहा स्वर्ण शुक्रः स्वाहा स्वर्ण ज्योतिः स्वाहा स्वर्ण सूर्यः स्वाहा॥

अथवा–ॐ कुबेराय नमः इस नाम मंत्र से पूजन कर यह प्रार्थना करें–

ॐ धनदाय नमस्तुभ्यं निधिपद्माधिपाय च।
भवन्तु त्वत्प्रसादान्मे धनधान्यादिसम्पदः॥

ततः—षोडशसंख्याकान् गोधूमनिर्मितान् सधृतादिसतहितान् अपूपान् षोडशलडडूकान् षोडशऋतुफलानि नानापक्वापक्वसाकादीनि दक्षिणां च श्रीमहालक्ष्मी पूजायाः साद्गुण्यार्थमिद-माचार्याय दास्ये।

इसप्रकार उपर्युक्त संकल्प यजमान करके इस श्लोक का उच्चारण करके ब्राह्मण को दे दें—

ॐ इन्दिराप्रतिगृह्णाति इन्दिरा वै ददाति च।
इन्दिरातारकोभाभ्यामिन्दिरायै नमो नमः॥

पश्चात् उस चरणोदक को लेकर दूसरे पात्र में लेकर इस श्लोक का उच्चारण करके पिये—

ॐ गङ्गापुष्करनर्मदा च यमुनागोदावरीगोमती।
गङ्गाद्वार गया-प्रयाग-बदरी-वाराणसी सिन्धुषु॥
रेवासेतुसरस्वतीप्रभृतिषु ब्रह्माण्डभाण्डोदरे।
तीर्थस्नानसहस्त्रकोटिफलदं श्रीमूर्तिपादो दकम्॥
ॐ महालक्ष्म्यै नमः चरणोदकं पिबामि। ततः—

ॐ तां मऽ आवह जातवेदो लक्ष्मीमनपगामिनीम्।
यस्यां हिरण्यं प्रभूतं गावो दास्योश्वान्विन्देयं पुरुषानहम्॥

इस मंत्र से पूजित पुष्पमाला को सूँघ कर गले में धारण करें।

ततः—'अनेन यथाशक्तअर्चनप्रकारेण श्रीमहालक्ष्मीः प्रीयताम्'

उपर्युक्त वाक्य 'अनेन से प्रियताम्' तक पढ़कर भूमि या दूसरे पात्र जल में छोड़ें। पूजा के पश्चात् चढ़ाये हुए जल पुष्पादि को तुलसी आदि में छोड़ देवें।

यजमान को इन श्लोकों द्वारा ब्राह्मण आशीर्वाद प्रदान करें–

ॐ भद्रमस्तु शिवं चास्तु महालक्ष्मीः प्रसीदतु।
रक्षन्तु त्वां सदा देवाः सम्प्रदः सन्तु सर्वदा॥
स्तुवन्तु ब्राह्मणा नित्यं दारिद्र्यं न च बाधते।
सर्वपापहरालक्ष्मीः सर्वसिद्धिप्रदायिनी॥
श्रीर्वर्चस्वमायुष्यमारोग्यमाविधात्पवमानं महीपते।
धनं धान्यं पशुं बहुपुत्रलाभं शतसंवत्सरं दीर्घमायुः॥

त्रिनयनमभिमुखनिः सृतामिमां य इह पठेत्प्रयतश्च सदा द्विजः।
स भवति धनधान्यपशुपुत्रकीर्तिमानतुलं च सुखं समस्नुते दिवीति दिवीति॥

सम्भव हो तो उस रात्रि में उत्सव पुराण कथा–कीर्तन आदि करके बन्धु–बान्धवों सहित रात्रि जागरण करें, प्रातः काल ब्राह्मण भोजनादि करवायें।

होमादिविसर्जनान्तकर्म

यजमान यथास्थान बैठकर प्राणायाम, शान्ति सूक्त का उच्चारण करके यह संकल्प करें–

देशकालौ-संकीर्त्य गोत्रः, शर्मा अस्मिन् सनवग्रहमखहवनात्मक महालक्ष्मीयागकर्मणि गणेशाम्बिकयोः, वरुणस्य, सगणपानां षोडशमातृणां, सप्तमातृणां, वास्तुपीठस्थदेवानां, मण्डपदेवतानां, सर्वतोभद्रपीठस्थदेवतानां, प्रधानस्य सपरिवारस्य मेखला-देवानामग्नेः शान्तिकलशदेवस्य, नवग्रहाणां सपरिवाराणां, योगिनीनां, क्षेत्रपाला-नामाचार्यादिऋत्विजां च पूजनं करिष्ये।

आचार्य उपरोक्त संकल्प से सम्बन्धित सभी विधि को करके यजमान से गणेश जी का ध्यान करावें-

इस श्लोक से यजमान अपनी शिखा बाधे-

ॐ ऊर्ध्वकेशि विरूपाक्षि मांसशोणितभोजने।
तिष्ठ देवि शिखामध्ये चामुण्डे चापराजिते॥

इस श्लोक का उच्चारण कर प्रार्थना करें-

ॐ सहस्त्राणि सहस्त्रसो बाह्वोस्तव हेतयः।
तासामीसानो भगवः पराचीना मुखा कृधि॥

इस मंत्र से आसन पर स्थापित करें-

ॐ यऽएतावन्तश्चभूयाठं॰सश्च दिशो रुद्रा वितस्थिरे।
तेषांठं॰ सहस्त्रयोजने वधन्वा नितन्मसि॥

ततः-ॐ अवेष्टा दन्दशूकाः प्राचीमारोह गायत्री त्वावतु रथन्तरठं॰ साम त्रिवृत्स्तोमो वसन्तऽ ऋतुर्ब्रह्मद्रविणम्॥ ॐ पूर्वायै नमः॥

ॐ दक्षिणामारोह त्रिष्टुप्त्वावतु बृहत्साम पञ्चदशस्तोमो ग्रीष्मऽ ऋतुः क्षत्रन्द्रविणम्॥ ॐ दक्षिणायै नमः॥

ॐ प्रचीचीमारोह जगती त्वावतु वैरूपठं॰ साम सप्तदशस्तोमो वर्षाऽ ऋतुर्विड्द्रविणम्॥ ॐ पश्चिमायै नमः॥

ॐ उदीचीमारोहा-नुष्टुप्त्वावतु वैराजठं॰ सामैकविंठं॰ शस्तोमः शरद् ऋतुः फलन्द्रविणम्॥ ॐ उत्तरायै नमः॥

इन श्लोकों का उच्चारण कर दिग्बन्धन करें–

ॐ अपसर्पन्तु ये भूता ये भूता भूमिसंस्थिताः।
ये भूता विघ्नकर्तारः ते नश्यन्तु शिवाज्ञया॥
उपक्रामन्तु भूतानि पिशाचा सर्वतोदिशम्।
सर्वषामविरोधेन हवनं च समारभे॥

ॐ ये भूतानामधिपतयो विशिखासः कपर्दिनः। तेषांर्ठ० सहस्त्रयोजने वधन्वा नितन्मसि॥

इस प्रकार से दिग्बन्धन करके ग्रहों का हवन समाप्त करके उस दिन व दूसरे दिन प्रधान न्यास करें उपरान्त इन श्लोकों का उच्चारण कर ध्यान करें–

ॐ त्वं परा प्रकृतिः साक्षाद् ब्रह्मणः परमात्मनः।
त्वत्तो जातं जगत्सर्वं त्वं जगज्जननी शिवे॥
महदाद्यणुपर्यन्तं यदेतत्सचराचरम्।
त्वयैवोत्पादितं भद्रे त्वदधीनमिदं जगत्॥
त्वमाद्या सर्वविद्यानामस्माकमपि जन्मभूः।
त्वं जानासि जगत्सर्वं न त्वां जानासि कश्चन॥
त्वं काली तारिणी दुर्गा षोडशी भुवनेश्वरी।
धूमावती त्वं वगला भैरवी छिन्नमस्तका॥
त्वमन्नपूर्णा वाग्देवी त्वं देवी कमलालया।
सर्वशक्तिस्वरूपा त्वं सर्वदेवमयी तनुः॥
त्वमेव सूक्ष्मा स्थूला त्वं व्यक्ताव्यक्तस्वरूपिणी।
निराकारापि साकारा कस्त्वां देदितुमर्हति॥

उपासकानां कार्यार्थ श्रेयसे जगतामपि।
दानवानां विनाशाय धत्से नानाविधास्तनूः॥
चतुर्भुजा त्वं द्विभुजा षड्भुजाऽष्टभुजा तथा।
तमेव विश्वरक्षार्थं नानाशस्त्रास्त्रधारिणी॥
सर्वमङ्गलमाङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते॥

ततः-ॐ महालक्ष्म्यै नमः-अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। ॐ विष्णुवामाङ्कसंस्थितायै नमः-तर्जनीभ्यां नमः। ॐ सौभाग्यजनन्यै नमः-मध्यमाभ्यां नमः। ॐ सुखदायै नमः-अनामिकाभ्यां नमः। सौभाग्यकर्त्र्यै नमः-कनिष्ठिकाभ्यां नमः। ॐ समस्तभूतान्तर-संस्थितायै नमः-करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः। एवं हृदयादिन्यासः।

इसके पश्चात् श्रीसूक्त के पूर्व न्यासों को पुनः करके इन श्लोकों से यजमान ध्यान करें-

ॐ अरुणकमलसंस्था तद्रजः पुञ्जवर्णा,
कमलधृतेष्टाभीति युग्मांबुजा च।
मणिमुकुटविचित्रालङ्कृतिः पद्ममाला भवतु।
भुवनमाता सन्ततं श्रीः श्रियै नः॥

ततः प्रधानहोमः। आवरणादिस्थापितदेवानां होमः।
सतिसं भवेलक्ष्मीसहस्त्रमन्त्रैनामर्होमः।

निम्न श्लोकों का उच्चारण कर प्रार्थना करें-

ॐ सरसिजनिलये सरोजहस्ते धवलान्तर्गतशुभगन्धमाल्यशोभे।
भगवति हरि वल्लभे मनोज्ञे त्रिभुवनभूतिकरे प्रसीद मह्यम्॥

धनमग्निर्धनं वायुर्धनं सूर्यो धनं वसुः।
धनमिन्द्रो बृहस्पतिर्वरुणं धनमश्विनौ॥
वैनतेय सोमं पिब सोमं पिबतु वृत्रहा।
सोमं धनस्य सोमिनो मह्यं ददातु सोमिनः॥
न क्रोधो न च मात्सर्यं न लोभो नाशुभा मतिः।
भवन्ति कृतपुण्यानां भक्तानां श्रीसूक्तं जपेत्॥
पद्मानने पद्मउरु पद्माक्षीपद्मसम्भवे।
तन्मे भजसि पद्माक्षि येन सौख्यं लभाम्यहम्॥
विष्णुपत्नीं क्षमां देवीं माधवीं माधवप्रियाम्।
विष्णुप्रियसखीं देवीं नमाम्यच्युतवल्लभाम्॥

लक्ष्मी गायत्री—

महालक्ष्म्यै च विद्महे विष्णुपत्न्यै च धीमहि। तन्नो लक्ष्मीः प्रचोदयात्॥

पद्मानने पद्मिनि पद्मपत्रे पद्मप्रिये पद्मदलायताक्षि।
विश्वप्रिये विश्वमनोनुकूले त्वत्पादपद्मं मयि सन्निधत्स्व॥
आनन्दः कर्दमः श्रीदश्चिक्लीत इति विश्रुताः।
ऋषयः श्रियपुत्राश्च मयि श्रीर्देवीदेवता॥
ऋणरोगादिदारिद्र्यं पापञ्च अपमृत्यवः।
भयशोकमनस्तापा नश्यन्तु मम सर्वदा॥

अथोत्तरपूजनम्

उत्तर पूजन के लिए निम्न संकल्प यजमान करें-

ततः-कृतस्य लक्ष्मीयागकर्मणः साङ्गतासिद्धये आवाहित देवानामुत्तरपूजां करिष्ये॥

इसप्रकार संकल्प करके गणपत्यादि देवताओं की पूजा करें-

स्विष्टकृत्-कर्म

आचार्य इस वैदिक मंत्र से यजमान से अग्नि का पूजन करवायें-

ॐ अग्ने नय सुपथा रायेऽ अस्म्मान् विश्श्वानि देवव्वयुनानि व्विद्वान्। युयोद्ध्यस्म्मज्जुहुराणमेनो भूयिष्ठां ते नम ऽउक्तिं व्विधेम।

अग्नि पूजन के उपरान्त आचार्य बड़े पात्र बायें हाथ से शाकल को ग्रहण कर दाहिने हाथ से घी भर कर स्रुव को ले दाहिनेपैर की जांघ को मोड़कर ब्रह्मा से स्पर्श कर इस मन्त्र से स्विष्टकृत संज्ञक आहुति देवें-

ॐ अग्नये स्विष्टकृते स्वाहा। इदमग्नये स्विष्टकृते न मम॥

व्याहृतिहोमकर्म

आचार्य निम्न मन्त्रों का उच्चारण करते हुए नौ व्याहृति आदि की आहुति यजमान से घृत द्वारा प्रदान करवायें-

ॐ भूः स्वाहा-इदमग्नये न मम।

ॐ भुवः स्वाहा-इदं वायवे न मम।

ॐ स्वः स्वाहा-इदं सूर्याय न मम।

ॐ त्वन्नोऽअग्ने व्वरुणस्य व्विद्वान्देवस्य हेडो ऽअवयासिसीष्ठाः। यजिष्ठो व्वह्नितमः शोशुचानो व्विश्वाद्वेषाꣳसि प्रमुमुग्ध्यस्मत् स्वाहा॥ इदमग्नी वरुणाभ्यां न मम॥

ॐ स त्त्वं नो ऽअग्नेऽवमो भवोती ने दिष्ठोऽअस्या-ऽउषसो व्युष्टौ। अवयक्ष्व नो वरुणꣳ रराणोव्वीहि मृडीकꣳ सुहवो न ऽएधि स्वाहा॥ इदं मग्नीवरुणाभ्यां न मम॥

ॐ अयाश्चाग्ने ऽस्यनभिशस्तिपाश्च सत्यमित्त्वम-याऽअसि। अयानो यज्ञं वहास्ययानो धेहि भेषजꣳ स्वाहा॥ इदमग्नये अयसे न मम॥

ॐ ये ते शतं वरुणं ये सहस्रं यज्ञियाः पाशाः वितता महान्तः। ते भिर्न्नोऽअद्य सवितोत विष्णुर्विश्वे मुञ्चन्तु मरुतः स्वर्क्काः स्वाहा॥ इदं वरुणाय सवित्रे विष्णवे विश्वेभ्यो देवेभ्यो मरुद्भ्यः स्वर्केभ्यश्च न मम॥

ॐ उदुत्तमं व्वरुण पाशमस्मदवाधमं व्विमध्यमꣳ श्रथाय। अथाव्वयमादित्य व्व्रते वानागसोऽअदितये स्याम स्वाहा॥ इदं वरुणायादित्यायादितये न मम॥

ॐ प्रजापतये स्वाहा-इदं प्रजापतये न मम॥

॥ इति व्याहृतिहोमकर्म॥

दशदिक्पालबलिकर्म

आचार्य इस मन्त्र का उच्चारण करें-

ॐ त्रातारमिन्द्रमवितारमिन्द्रर्ठ० हवे-हवे सुहवर्ठ० शूर मिन्द्रम्। ह्वयामि शक्रं पुरुहूतमिनोर्ठ० स्वस्ति घमन्द्रवा धात्विन्द्रः॥

षष्ठचोस्त्रिष्टुप्छन्दः, ततोऽष्टानामनुष्टुप्छन्दः अन्त्यायाः प्रस्तारपंक्तिश्छन्दः, श्रीरग्निश्च देवते न्यासे हवने च विनियोगः।

१.	ॐ हिरण्यवर्णाम्०।	वामकरे।
२.	ॐ तां मऽआवह०।	दक्षिणकरे।
३.	ॐ अश्वपूर्वाम्०।	वामपादे।
४.	ॐ कां सोऽस्मिताम्०।	दक्षिणपादे।
५.	ॐ चन्द्रां प्रभासाम्०।	वामजानौ।
६.	ॐ आदित्यवर्णे०	दक्षिणजानौ।
७.	ॐ उपैतु माम्०	वामकट्याम्।
८.	ॐ क्षुत्पिपासामलाम्०	दक्षिणकट्याम।
९.	ॐ गन्धद्वाराम्०	नाभौ।
१०.	ॐ मनसः काममाकूतिम्०	हृदये।
११.	ॐ कर्दमेन प्रजा भूता०	वामबाहौ।
१२.	ॐ आपः सृजन्तु०	दक्षिबाहौ।
१३.	ॐ आर्द्रां पुष्करिणीम्०	कण्ठे।
१४.	ॐ आर्द्रा यष्करिणीम्०	मुखे।
१५.	ॐ तां मऽआवह०	नेत्रयोः।
१६.	ॐ यः शुचिः प्रयतो भूत्वा०	मुर्ध्नि।

पुनः-

१.	कर्दमने प्रजा भूता०	हृदयाय नमः।
२.	आपः सृजन्तु०	शिरसे स्वाहा।
३.	आर्द्रां पुष्करिणीम्०	शिखायै वषट्।
४.	तां म ऽआवह०	कवचाय हुम्।
५.	तां मऽआवह०	नेत्राभ्यां वौषट्।
६.	यः शुचिः प्रयतो भूत्वा०	अस्त्राय फट्।

ध्यानम्-

या सा पद्मासनस्था विपुलकटितटी पद्मपत्रायताक्षी,
गम्भीरावर्त्तनाभिस्तनभरनमिता शुभ्रवस्त्रोत्तरीया।

लक्ष्मीर्दिव्यैर्गन्द्रैर्मणिगणखचितैः स्नापिता हेमकुम्भै-
र्नित्यं सा पद्महस्ता मम वसतु गृहे सर्वमाङ्गल्ययुक्ता॥ १॥

अरुणकमलसंस्था तद्रजःपुञ्जवर्णा
करकमलधृतेष्टाभीतियुग्माम्बुजा च।
मणिमुकुटविचित्राऽलङ्कृताऽऽकल्पजालैः
सकलभुवनमाता सन्ततं श्रीः श्रियै नमः॥ २॥

॥ इति श्रीसूक्तन्यासः॥

गणेशयागमन्त्र न्यास विधिः

गणपतिसूक्तन्यासः

विनियोगः-आ तू न इत्यष्टऋचात्मकस्य गणपतिसूक्तस्य वामदेव-नृमेधकुत्सभरद्वाज - वसिष्ठ - पुरुमीढाजमीढदक्षा ऋषयः, प्रथमा गायत्री, द्वितीयतृतीये पत्थ्याबृहतीसतोबृहत्यौ, चतुर्थी त्रिष्टुप, पञ्चमी जगती, षष्ठी त्रिष्टुप् सप्तम्यष्टम्यौ गायत्र्यौ, आद्यास्तिस्त्र ऐन्द्र्यः, चतुर्थ्यादित्या, पञ्चमी, सावित्री, षष्ठी, वायवी, सप्तमी ऐन्द्री, अष्टमी मैत्रावरुणी, सर्वाषां न्यासे होमे च विनियोगः।

ॐ आ तू न ऽइन्द्र वृत्रहन् शिरसि।
अस्माकमर्द्धमा गहि शिखायाम्।
महान् महीभिरूतिभिः वामभुजे।
त्वमिन्द्र प्रतूर्त्तिषु दक्षिणभुजे।
अभि विश्वा ऽअसि स्पृधः वामनेत्रे।
अशस्तिहा जनिता व्विश्वतूरसि दक्षिणनेत्रे।
त्व तूर्य तरुष्यतः भ्रूमध्ये।
अनु ते शुष्मन्तुरयन्तमीयतुः मुखे।
क्षोणी शिशुन्न मातरा जिह्वायाम्।
व्विश्वास्ते स्पृधः श्नथयन्त मन्यवे ग्रीवायाम्।
व्वृत्रं यदिन्द्र तूर्व्वसि हृदि।

यज्ञो देवानां प्रत्येति सुम्नम् वक्षसि।
आदित्यासो भवता मृडयन्तः वामबाहौ।
आ वोऽर्व्वाची सुमतिर्व्ववृत्यादम् दक्षिणबाहौ।
अंहोश्चिद्या व्वरिवो व्वित्तरासत् उदरे।
अदब्धेभिः सवितः पायुभिष्ट्वम् लिङ्गे।
शिवेभिरद्य परि पाहि नो गयम् वामकट्याम्।
हिण्यजिह्वाः सुविताय नव्यसे दक्षिणकट्याम्।
रक्षा माकिर्न्नो ऽअघशर्ठ० स ऽईशत नितम्बे।
प्रवीरया शुचयो दद्रिरे वाम् गुह्ये।
अध्वर्युभिर्मधुमन्तः सुतासः वामपादे।
व्वह व्वायो नियुतो याह्यच्छा दक्षिणपादे।
पिबा सुतस्यान्धसो मदाय जान्वोः।
गाव ऽउपावतावतम् वामजङ्घायाम्।
मही यज्ञस्य रप्सुदा दक्षिणजङ्घायाम्
उभा कर्ण्णा हिरण्यया नाभौ।
काव्ययोराजानेषु ललाटे।
क्रत्वा दक्षस्य दुरोणे स्तनयोः।
रिशादसा सधस्य ऽआ सर्वाङ्गेषु।

ध्यानम्–

गजाननं भूतगणादिसेवितं
कपित्थजम्बू फलचारुभक्षणम्।
उमासुतं शोक विनाशकारकम्।
नमामि विघ्नेश्वरपादपङ्कजम् ॥ १ ॥
उद्यद्दिनेश्वररुचिं निंजहस्तपद्मे
पाशाङ्कुशाभयवरान् दधतं गजास्यम्।
रक्ताम्बरं सकलदुःखहरं गणेशं
ध्यायेत् प्रसन्नमखिलाभरणाभिरामम् ॥ २ ॥

॥ इति गणपतिसूक्तन्यासः॥

विश्वशान्तियागमन्त्र न्यासः विधिः

विश्वशान्तियज्ञमन्त्र न्यासः

विनियोगः-ऋचं वाचमिति चतुर्विंशतिमन्त्राणां प्रजापतिर्ऋषिः गायत्री छन्द, विष्णुर्देवता, शान्त्यर्थं होमे विनियोगः।

१. ॐ दृते दृंठ० ह मा ज्योक्ते० हृदयाय नमः।
२. ॐ नमस्ते हरसे शोचिषे० शिरसे स्वाहा।
३. ॐ नमस्तेऽअस्तु विद्युते शिखायै वषट्।
४. ॐ यतोयतः० कवचाय हुम्।
५. ॐ सुमित्रिया नः० नेत्रत्रयाय वौषट्।
६. ॐ तच्चक्षुः० अस्त्राय फ़ट्।

ध्यानम्-

शान्ताकारं भुजगशयनं पद्मनाभं सुरेशं
विश्वाधारं गगनसदृशं मेघवर्णं शुभाङ्गम्।
लक्ष्मीकान्तं कमलनयनं योगिभिर्ध्यानगम्यं
वन्दे विष्णुं भवभयहरं सर्वलोकैकनाथम्॥

॥ इति विश्वशान्तियागमन्त्र न्यासः॥

नवग्रहयागमन्त्र न्यास विधिः

[1]नवग्रहयाग मन्त्र न्यासः

विनियोगः-आ कृष्णेनेति हिरण्यस्तूपाङ्गिरस ऋषिस्त्रिष्टुछन्दः सविता देवता, इमन्देवा इति वरुण ऋषिः अत्यष्टिश्छन्दः

---

१. सर्वाविधप्रतिष्ठापद्धतिषु नवग्रह्यणां न्यासस्त्विथं प्रदर्शित :- रविचन्द्राभ्यां-नेत्रयोः, भौमाय-हृदये, बुधाय-स्कन्धे, बृहस्पतये-जिह्वायाम्, शुक्राय-लिङ्गे, शनैश्चराय-ललाटे, राहवे-पादयो-केतवे-केशेषु।

सोमो देवता, अग्निर्मूर्ध्देति विरूपाक्षऋषिर्गायत्री छन्दः भौमो देवता, उद्बुध्यस्वेति परमेष्ठी ऋषिस्त्रिष्टुप्छन्दः बुधो देवता, बृहस्पत गृत्समद ऋषिस्त्रिष्टुप्छन्दः बृहस्पतिर्देवता, अन्नात्परिस्रुत इति प्रजापत्यश्विसरस्वतीन्द्रा ऋषयः अतिजगतीछन्दः शुक्रो देवता, शन्नो देवीरिति दध्यङ्गाथर्वण ऋषि-र्गायत्रीछन्दः शनिर्देवता, कयानश्चित्र इति वामदेवऋषिर्गायत्री छन्दः राहुर्देवता, केतुं कृण्वन्निति मधुच्छन्दा ऋषिगार्यत्रीछन्दः केतुर्देवता, सूर्यादिनवग्रहाणां जपे होमे च विनियोगः।

१.	ॐ आ कृष्णेन०	हृदये।
२.	ॐ इमन्देवाः०	उदरे।
३.	ॐ अग्निर्मूर्द्धा दिवः०	नाभौ।
४.	ॐ उद्बुध्यस्वाग्ने०	कट्याम्।
५.	ॐ बृहस्पते०	ऊर्वोः।
६.	ॐ अन्नात्परिस्रुतः०	जान्वोः।
७.	ॐ शन्नो देवीः०	जङ्घयोः।
८.	ॐ कया नश्चित्रः०	पादयोः।
९.	ॐ केतुं कृण्वन्०	सर्वाङ्गेषु।

पुनः-

१.	ॐ उद्बुध्यस्वाग्ने०	हृदयाय नमः
२.	ॐ बृहस्पते ऽअति०	शिरसे स्वाहा।
३.	ॐ अन्नात्परिस्रुतः०	शिखायै वषट्।
४.	ॐ शन्नो देवी०	कवचाय हुम्।
५.	ॐ कया नश्चित्रः०	नेत्रत्रयाय वौषट्।
६.	ॐ केतुं कृण्वन्०	अस्त्राय फट्।

ध्यानम्-

ब्रह्मा मुरारिस्त्रिपुरान्तकारी भानुः शशी भूमिसुतो बुधश्च।
गुरुश्च शुक्रः शनिराहुकेतवः सर्वे ग्रहाः शान्तिकरा भवन्तु॥

॥ इति नवग्रहयागमन्त्र न्यासः॥

तृतीय अंश

कुण्ड व ग्रहकुण्डों का निर्माण

कुण्डनिर्माण में आवश्यक बातें

कुण्ड-मण्डप बनाने वाले की परीक्षा आवश्यक-

परशुराम मत से मण्डप और कुण्ड बनानेवाले से सतिसंभव में निम्नलिखित बातों की जानकारी कर लेनी चाहिये। सत्य बोलनेवाला हो। सदाचारी हो। विवेक से कार्य करने में अति कुशल हो। स्थिर, साहसी हो। कुंण्ड मण्डप आदि शास्त्र के तत्व को जानने वाला हो। देवी-देवताओं में श्रद्धा हो। इन्द्रियों में विकार की भावना से परे हो। मैले कपड़े धारण करनेवाला न हो। रोगी न हो। बेकार के आडम्बरों को करनेवाला न हो। बहुत बोलने वाला न हो। किसी अन्य मतों पर कलह करनेवाला न हो।

मण्डपभूमि विभाग विचार

तीन हाथ से सात हाथ के मण्डप का विभाग नहीं होता है। आठ हाथ से अठारह हाथ तक तीन भाग करे। बीस हाथ से अट्ठाइस हाथ तक पाँच भाग करे। तीस हाथ से पचहत्तर हाथ तक सात भाग करे। सौ हाथ मण्डप में दस भाग करे।

मण्डप में स्तम्भ विचार

सात हाथ के मण्डप में चार स्तम्भ लगते हैं। आठ हाथ मण्डप से लेकर अट्ठारह हाथ तक के मण्डप में सोलह स्तंभ लगते हैं। तीस हाथ मण्डप से लेकर पचहत्तर हाथ के मण्डप में चौसठ स्तंभ लगते हैं। सौ हाथ के मण्डप में एक सौ इक्कीस स्तंभ लगते हैं।

मण्डप भूमि का नाम कथन

सात हाथ के मण्डप को 'एकभू' कहते हैं। आठ हाथ मण्डप से लेकर अट्ठारह हाथ के मण्डप को 'द्विभू' कहते हैं। बीस हाथ से अट्ठाइस हाथ के मण्डपको 'त्रिभू' कहते हैं। तीस हाथ से पच़हत्तर हाथ के मण्डप को 'चतुंर्भू' कहते हैं। सौ हाथ के मण्डप को 'दशभू' कहते हैं। उसमें भी मध्यकोष्टचतुष्टय का एकीकरण से 'पञ्चभू' कहा जा सकता है।

अंगुलादि ज्ञान

आठ परमाणु का–एक त्रसरेणु आठत्रसरेणु का एक रथरेणु–आठ रथरेणु का–एक बालाग्र आठबालाग्रका–एक लिक्षा आठ लिक्षा का–एक यूका, आठयूका का–एक यव आठ यव का–एक अंगुल, चौबीस अंगुलका–एक हाथ और पांच हाथ का–एक पुरुष होता है।

यज्ञीयभूमि का विचार

अग्निकोण प्लवाभूमि–विद्वेष मरण और व्याधिको देती है। किसी के मत से पुत्र, आयु और धन का नाश करती है। दक्षिणप्लवाभूमि निश्चय ही मृत्यु को देती है। नैर्ऋत्यप्लवाभूमि घर का नाश करती है। पश्चिमप्लवाभूमि धन का नाश करती है। वायुकोणप्लवाभूमि उद्वेगको करनेवाली होती है। ईशानकोणप्ल–वाभूमि शीघ्र ही लक्ष्मी को देनेवाली होती है। पूर्वप्लवाभूमि कार्यो को सिद्ध करती है। उत्तरप्लवाभूमि वरदायिनी होती है। पूर्वोत्तरप्लवा भूमि सब कार्यो की सिद्धि करनेवाली होती है।

परकीयादि भूमि में मण्डप का विचार

मण्डप बनाने के लिए अपनी भूमि ही अति उत्तम होती है। पर–कीय भूमि में स्वामी की आज्ञा बिना मण्डप बनाकर जो कार्य किया जाता है–वह निष्फल हो जाता है। अपने निजी घर में मण्डप और कुण्ड बना सकते हैं। नदीतीरादि में मण्डप और कुण्ड बनाने पर परकीयत्व दोष नहीं होता है। जहाँ मण्डप बनाना उचित समझते हों–उस भूमि में बारह अंगुल लम्बा एक गढ़ा खोदकर (प्रयोगसार)।

विशेष–

दानमयूखमतसे आठ यव का एक अंगुल उत्तम कहा है।
मध्य–सात यव और अधम ६ यवका एक अंगुल होता है।
कुण्डार्कादौ–सूत्रस्याधौ विलीयन्ते यूकालिक्षादयस्तया।
मरीचिकायाम्–यवादून प्रमाणं तु मण्डपादौ न चिन्तयेत्।

घर में मण्डप बनावे तो घर की पूर्वदिशा को ही मण्डपादि में ग्रहण करें।

यज्ञीयस्थल का विचार

भस्म निकलने से यजमान का नाश होता है। जहाँ यज्ञ हो वहाँ चूँटी आदि के निकलने से उस गाँव का नाश होता है। गिली मिट्टी बालू आदि निकलने से राष्ट्र का नाश होता है। केश के निकलने से स्त्री की मृत्यु होती है। मुष के निकलने से पुत्र की मृत्यु होती है। कपाल के निकलने से ऋत्विक को भय होता है। ईटों के टुकड़े निकलने से बन्धु बान्धवों से वियोग होता है। तृण के निकलने से कर्म का क्षय होता है। आद्रसिकता निकलने से विद्याभय होता है।

दिक्साधन विचार अत्यावश्यक

दिक्साधन बिना कुण्डों को बनाने से मृत्यु होती है। कुण्ड दर्पण दिशाओं की जानकारी में मूर्ख हो तो कुल का नाश होता है—यह वृद्धनारद का मत है। दिशा के अज्ञान में धन का नाश होता है, (कुरुते दिङ्मूढमर्थक्षयम्) कुण्डप्रदीप दिशाओं की भ्रान्ति-भ्रांतिमान होता है—विधानमाला। पर्वतपर नदी के किनारे पर विशेषकर घर आदि में तथा रुद्रायतन भूमि में दिक्साधन नहीं होता है।

मण्डपारम्भ में विचार

तीन तरह के अधम, मध्यम और उत्तम मण्डप में ऋत्विक् सदस्य तथा समाज के लोग अच्छी तरह से बैठ जाँय ऐसा मण्डप बनावे। विद्यार्णवतन्त्र। मण्डप के निर्माण के समय में 'धूप' आदि

विशेष—

'प्रारभात्पूर्ववत: कुर्यात्यखननं कर्मसिद्धये।
जलान्तं प्रस्तरान्तं वा पुरुषान्तमथापि वा॥
पुन: संपूरयेत् खातं तत्र कर्म समारभेत्।
गृहेकुण्डे हस्तमितं खात्वा श्वभ्रं प्रपूनितम्।'

(कुण्डमरीचिकायाम्)

निकलने की व्यवस्था का विचार अवश्य करे–कुण्डनारदपञ्चरात्र। पवित्र–शुद्ध और चौकोर भूमिमें मण्डप बनाना चाहिये ।

कुण्डों में नाभि विचार

नाभि के न रहने से बन्धुओं की मृत्यु होती है। नाभि के नाप की कमीऔर अधिकता होनेपर स्वयं यजमान का नाश होता है। 'नाभिहीने स्थाननाश'–विधानमाला मत से नाभि के न रहने से स्थान का नाश होता है। नाभि कुण्ड के उदर में रहती है। नाभि अष्टदला- कार या कुण्ड के अनुरूप होती है।

मेखला विचार

मेखलाओं के छिन्न–भिन्न होने पर यजमान का मरण होता है। 'मरणं हीनमेखले'। 'विधानमाला'। मेखला के अधिक या न्यूनाधिक में व्याधि उत्पन्न होती है और धन का नाश होता है। मेखला कुण्ड के आकार की बनानी चाहिये। 'मेरुतन्त्रमत से' मेखला के जर्जर तथा शृङ्गार हीनता पर यजमान का नाश करती है–

शृंगार रहितं यच्च कुण्डं जर्जरमेखलम्।
यजमानविनाशाय प्रोद्धातः स्फुटिते भवेत्॥
हारीतः मरणं यजमानस्य जायते छिन्न–मेखले।
शोकस्तु मेखलोछ्राये मानाधिकरो भवत्॥

एक, दो, तीन, नौ, सात और दस मेखला का हवन कुण्ड में विधान है। 'शक्तिसंगमतन्त्र' दो, चार, तीन और एक मेखला का विधान है। 'ईश्वर संहिता और बृहद्ब्रह्मसंहिता' एकमेखला का विधान संक्षेप हवन कर्म में है। 'जयाख्यसंहिता' तीन मेखला का विधान है। बड़े हवन में हैं। 'बृहन्नालतन्त्र' दो मेखला शूद्रों के लिए और एक मेखला संकर जातियों के लिये है। मेरुतन्त्र। पाँचमेखला पक्ष में मनोनुकूल रंग लगावे। एक मेखला पक्ष में–

मेखला के नीचे छिद्र होता है। दो मेखला पक्ष में–दूसरी मेखला में छिद्र होती है। तीन मेखला पक्ष में मध्य मेखला में छिद्र होता है और पाँच मेखला में चौथी मेखला में छिद्र होता है। ('कोटिहोमपद्धति')

कुण्ड-विचार

कुण्ड में कण्ठ और ओठ न रहने से पुत्रों का नाश होता है– यह एक मत है। कुण्ड में कण्ठ न रखने में किसी की भी मृत्यु होती है। यह भी एक होम है। कुण्ड में कण्ठ न रहने से स्त्री का नाश होता है–यह भी एक मत है। कुण्ड में कंठ न रखने से किसी की भी मृत्यु होती है। यह भी एक मत है। कंठाधिक्ये भवेनाशः–इस हारीत वचन से कण्ठाधिक्य में भी नाश होता है।

बहिरेकांगलो कंठो द्व्यङ्गुलः कश्चिदागमः
तेनाद्यः प्रथम पक्ष एव श्रेयान् बहुसंमतत्वात्।
'सांप्रदायिकास्तु प्रथम पक्षमेव मन्यन्ते बहुतन्त्रसंमतत्वात्'

[शारदातिलके]

भोक्तुर्भुक्तिः कंठकोऽधः सुखाय चोर्ध्वं तस्मात्सैव दुखं प्रयच्छेत्।
होम्यं तद्वत्कंठतोऽधः सुखाय तस्मादूर्ध्व दुःखदं स्यात्पवन्हे।

कंठ के नीचे तक कुण्ड में शाकल्य की आहुति सुख देनेवाली है और कंठ के ऊपर जो आहुतियाँ कुण्ड में पड़ती है। वह दुःख को देनेवाली होती है।

मण्डपाच्छादन-विचार

जनता की सुविधा के लिए बाँस आदि द्वारा निर्मित जाली से दरवाजों को छोड़कर मण्डप को ढकना चाहिये। कुत्ते, बिल्ली, मूंसा, गो, बकरी, बैल, पागल, शत्रु, भयंकर रोगी, विष देनेवाला, अग्नि लगाने वाला, लड़ाई करनेवाला, नास्तिक दम्भी, वेश्यागामी

आदि का मण्डप में प्रवेश न हो—ऐसा मण्डपाच्छादन करे। मण्डप की हर समय रक्षा होनी चाहिये। रात को आदमी मण्डप के चारों तरफ घूमता रहे जिससे चोर आदि द्वारा मण्डप की सामग्री व मण्डप के नष्ट होने का भय तथा मूर्ति की चोरी का भय न हो।

आचार्य कुण्ड निर्णय

नवग्रह के नौ कुण्ड पक्ष में सूर्य के प्रधान हो जाने से आचार्यकुण्ड मध्य का ही होता है। इन कुण्डों की योनि का स्थान विभक्त, द्विमुख में मध्य गत दो कुण्डों में दक्षिणवाला कुण्ड आचार्य कुण्ड होता है। इनकी योनि पूर्व होती है। शतमुख में विशेष वचन से नैर्ऋत्यकोण का ही कुण्ड आचार्य कुण्ड होता है। इन कुण्डों की योनि पूर्व ही होती है। दशमुख में नैर्ऋत्यकोण का ही कुण्ड आचार्य कुण्ड होता है। इनकी योनि पूर्व में होती है। विष्णु, रुद्र आदि की प्रतिष्ठा मात्र में नौ कुण्डी पक्ष में ईशानकोण और पूर्वदिशा के मध्य वाला कुण्ड आचार्य कुण्ड होता है। पञ्चकुण्डी पक्ष में तो ईशानकोण का ही आचार्य कुण्ड होता है। रामवाजपेयी ने पञ्चकुण्डी पक्ष में भी ईशान और पूर्वदिशा का कुण्ड आचार्य-कुण्ड माना है, पर इसमें कोई मूल नहीं मिलता है। ये कुण्ड–चतुरस्र योनि, अर्धचन्द्र, त्रिकोण, वृत आदि भेद से ही बनते हैं या सब वृत चतुरस्र या पद्म बन सकते हैं। यदि सब एक प्रकार के बने तो भी 'कुण्डत्रयी दक्षिणा योनिः' यह वचन वहाँ भी लगेगा। ऐसा मालूम होता है। प्रतिष्ठा में जहाँ एक कुण्ड का विधान वहाँ ईशान, पूर्व, पश्चिम, उत्तर आदि का कुण्ड आचार्य कुण्ड होता है। प्रतिष्ठा में यदि चार कुण्ड पक्ष को स्वीकार करेंगे तो संभवतः पूर्वदिशा का कुण्ड आचार्य कुण्ड होता है। प्रतिष्ठा में सातकुण्ड पक्ष को ग्रहण करने पर आचार्य कुण्ड पूर्व दिशा का ही निर्विवाद होगा।

त्रयोदशात्र कुण्डानि परितः कारयेद् बुधः। उक्तलक्षणयुक्तानि प्रधानं त्वग्निकोण के अत्र मण्डपे वेद्या परितः दिक्षुद्वे विदिक्षु

चैकेकम् प्रधानं च त्रयोदश कुण्डानि। आदौ पूर्वादि चतुर्दिक्षु एकैककुण्डं कोण चैकं प्रधानकुण्डं पंचकुण्डेभ्यो: बहि: परित अष्ट दक्षु एकैककुण्डम् एवं त्रयोदश कुंडानि मनु-अग्निकोणे एकस्य कुण्डस्य विद्यमानत्वात् कथमत्र प्रधान कुण्डकार्यमाह-अग्निकोणगात् कुंडात् हस्तमात्रमनरत: व्यवस्थाने अग्निकोण एव साक्षात् मुख्यं प्रधानकुंड कारयेत्। [तंत्रसार]

जहाँ हवन प्रधान होगा वहाँ पंचकुंडी और पंचकुंडीपक्ष में मध्य का ही कुंड आचार्य शास्त्रीय मत से होता है। क्योंकि मत्स्यपुराण शारदा तिलक आदि 'आचार्यकुंड मध्ये स्यात् गौरीपतिमहेन्द्रयो:' इत्यादि पञ्चदीक्षा और प्रतिष्ठा आदि को लेकर ही लिखा है। यह बात वहाँ के प्रकरण को देखने से निर्णीत हो जाती है।

कुण्ड विषयक विचार

कुण्ड को परिमाण से हीन बनाने पर व्याधि होती है। कुण्ड को नाप से अधिक बनाने पर शत्रु बढ़ते हैं। कुण्ड निर्माण करने पर पत्थर निकले तो अपमृत्यु होती है। 'विधानमाला मत' से अनेक प्रकार का भय, धन तथा आयु की हानि होती है। कुण्ड बनाने पर हड्डी, केश और अँगार निकले तो धन का नाश होता है। अँगारों के टुकड़े निकलने पर रोग तथा पाषाण के टुकड़ों को देखने पर सौख्य होता है। 'विधानमाला।' शव निकले तो कुल का नाश होता है। कुण्ड के बनाते समय राख निकले तो भय उत्पन्न होता है। कुण्ड के निर्माण समय में तुष निकले तो दरिद्री होता है। कुण्ड में नाप से अधिक खात होने पर धन नाश होता है। कुण्ड के टेढ़ापन होने से दु:ख होता है। कुण्ड के न्यून या अधिक होने से यजमान का स्वयं नाश होता है। कुण्डादिक के अधिक या न्यून होने पर यजमान का स्वयं नाश होता है। कुण्डादिक के अधिक या न्यून होने पर यज्ञाचार्य का मरण होता है। कुण्ड के नाप में कमी रखने

पर दरिद्रता होती है। विशेषज्ञों द्वारा कुण्ड न बनाने पर कुण्ड और मण्डपादि निष्फल होता है। कुण्ड आयु, कलत्र पुत्र और सुख को देनेवाला कहा गया है, कुण्ड को खोदते समय सर्प, वृश्चिक देखने में रोग, मृत्यु तथा भय प्राप्त होता है। 'विधानमाला'। अंगार में स्वामी का नाश, खर्पर में स्त्री और धनक्षय, भस्म में–सन्ततिविच्छेद, सिकताओं में धनक्षय, गजास्थि में स्वामी का मरण, तुरगास्थि में धन मनुष्यों का नाश और पश्वास्थि में पशुओं का मरण होता है। कुण्ड के विस्तार रहित में यजमान का जीवन अल्प समय का हो जाता है। कुण्ड के टेढ़ेपन में और मानहानि में जठराग्नि मन्द हो जाती है। कुण्ड के आधिक्य में सन्ताप होता है। कुण्ड के बिना हवन करने से ऋत्विजों द्वारा मन्त्रों की सिद्धि देनेवाला नहीं होता है। अतः सौत्र या जंगम स्थिर कुण्ड करे, 'जयाख्यसंहिता।' जिस ग्रन्थ से चतुरस्त्र कुण्ड बनावे उसी ग्रन्थ से अन्य पद्म आदि कुण्ड बनावें, ऐसा कोई नियम या विधान नहीं मिलता है।

चतुरस्त्रादि कुण्ड से कामनापरक फल

चतुरस्त्रकुण्ड–शान्ति, विजय, लक्ष्मी, सिद्धि और सम्पूर्ण कार्यो को करनेवाला है। मुमुक्षार्थी वैष्णवों के लिए चतुरस्त्र कुण्ड का विधान है जो विष्णुयागादियज्ञों में आचार्य कुण्ड मंडप के मध्य में प्रधान वेदी तथा दिशाओं में कुण्डों को बनाकर यज्ञ कराते हैं। उनका यह मध्य में मत अशास्त्रीय ही प्रतीत होता है। गृहवास्तु और प्रसादवास्तु में वास्तुवेदी ईशानकोण में होती है, उसके दक्षिण ग्रहवेदी होती है। महारुद्रादि यज्ञों में प्रधानवेदी ईशानकोण में उसके दक्षिण ग्रहवेदी होती है। विष्णुयागादि में प्रधानवेदी दक्षिणदिशा में होती है। साधारण मत से पूर्व में भी प्राप्त होती है। विष्णु आदि प्रतिष्ठा में प्रधानवेदी मध्यम बनती है। शतमुख, द्विमुख, और एकमुख में प्रधानवेदी पूर्वदिशा में बनती है। कोटिहोमात्मक विष्णुयाग में ईशानकोण में ग्रहवेदी उसके दक्षिण प्रधानवेदी होती है।

विविध प्रकार के कुण्डों का निर्माण

चतुरस्त्र कुण्ड बनाने का प्रकार–

द्विघ्नव्यासं तुर्यचिह्न संपाशं सूत्रं शङ्कौ पश्चिमे पूर्वगेऽपि।
दत्वा कर्षेत्कोणयोः पाशतुर्ये स्यादेव वा वेदकोणं समानम्॥

चौबीस अङ्गुल का गज लेकर चारों तरफ (पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और उत्तर) एक सा नाप द्वारा नापने से मय लेपन द्वारा चतुरस्त्र कुण्ड एक हाथ का तैयार होता है।

योनिकुण्ड बनाने के प्रकार–

क्षेत्रे जिनांशे पुरतः शरांशान् सम्बर्ध्य च रवीयरदांशमुक्तान्।
कर्णाङ्घ्रिमानेन लिखेन्दुखण्डे प्रत्यक् पुरोऽङ्कादगुणतो भगाभम्॥

चौबीस अङ्गुल का चतुरस्त्र बनाकर उस चतुरस्त्र में दक्षिणोत्तर आधे पर एक लम्बी रेखा दे। तदनन्तर पश्चिम भाग के आधे भाग का दो हिस्सा पूर्व और पश्चिम की तरफ करे। फिर उसके आधे में अर्थात् कोने से एक रेखा दे जो टेढ़ी दूसरी कोने में जाकर मिले। इस तरह फिर दूसरे कौने से रेखा दे। इस प्रकार दोनों आधों में चार रेखा टेढ़ी होगी। फिर उस पूर्व निर्मित चतुरस्त्र के ठीक पूर्व दिशा की तरफ मध्य से पाँच अङ्गुल, एक यव और दो यूका बढ़ा दें। फिर चतुरस्त्र के किये हुए ठीक मध्य से अर्थात् दक्षिण दिशा से सटी एक रेखा टेढ़ी दे जो पूर्व के ठीक मध्य में बढ़ी हुई पाँच अङ्गुल एक यव और यूका वाली रेखा के ऊपरी हिस्से में मिल जाय। इसी तरह उत्तर दिशा से एक रेखा दे। अर्थात्–दक्षिणोत्तर रेखा बढ़े हुए पाँच अङ्गुल एक यव और दो यूका की रेखा में मिला दे। तदनन्तर नीचे प्रकाल को दक्षिण की तरफ और उत्तर की तरफ बने हुए दोनों हिस्सों के ठीक मध्य से अर्थात्–अलग–अलग घुमाकर पश्चिम भाग के ठीक मध्य की तरफ मिला दे। इसी तरह उत्तर की तरफ

से प्रकाल द्वारा रेखा पश्चिम दिशा के ठीक मध्य में मिलाने से योनि कुण्ड तैयार हो जाता है।

अर्धचन्द्र कुण्ड बनाने का प्रकार

स्वशतांयुतेषु भागहीनस्वधरिश्रीमितकर्कटेन मध्यात्।
कृतवृत्तदलेऽग्रतश्च जीवां विदधात्विन्दुदलस्य साधु सिद्ध्यैः॥

चौबीस अङ्गुल का चतुरस्र बनाकर उस चतुरस्र के पूर्व दिशा से अढ़ाई अङ्गुल हटाकर (पञ्चकुण्डी पक्ष में उत्तर दिशा के ठीक मध्य की तरफ से अढ़ाई अङ्गुल हटाकर) दक्षिणोत्तर एक रेखा लम्बी दे। उसी रेखा के मध्य से उन्नीस अङ्गुल, एक यव, एक यूका, पाँच लिक्षा और सात बालाग्र (१६ अङ्गुल, १ यव, १ यूका, ५ लिक्षा, ७ बालाग्र) प्रकाल से नाप कर अर्थात् साढ़े उन्नीस अङ्गुल को प्राकल से नाप कर टेढ़ी रेखा देने से अर्धचन्द्र कुण्ड बनता है।

त्रिकोण कुण्ड बनाने का प्रकार

वह्न्यशं पुरतो निधाय च पुनः श्रोण्योश्यतुर्थांशकम्।
चिह्नेषु त्रिषु सूत्रदानत इदं स्यात्यस्त्रिकष्टोज्जितम्॥

चौबीस अङ्गुल के चतुरस्र के बाहर पश्चिम की तरफ से वायव्यकोण और नैर्ऋत्यकोण की तरफ छः छः अङ्गुल और बढ़ा दे। अर्थात् छः अङ्गुल वायव्यकोण में और छः अङ्गुल नैर्ऋत्यकोण में बढ़ा दें। तदनन्तर निर्मित उस चतुरस्र के ठीक पूर्वदिशा के मध्य से आठ अङ्गुल लम्बी रेखा सीधी पूर्व दिशा की तरफ बढ़ा दे। फिर वायव्यकोण में बढ़ी हुई रेखा के अन्तिम हिस्से से एक रेखा टेढ़ी दे, जो पूर्वदिशा में बढ़ी हुई रेखा में मिले। उसी प्रकार नैर्ऋत्यकोण से रेखा देने से त्रिकोण कुण्ड तैयार होता है।

वृत्तकुण्ड बनाने का प्रकार

विश्वांशैः स्वजिनांशकेन सहितै क्षेत्रे जिनांशे कृते।
व्यासार्धेन मितेन मण्डलमिदं स्याद् वृत्तसंज्ञं शुभम्॥

चौबीस अङ्गुल के चतुरस्र के ठीक मध्य से साढ़े तेरह अंगुल (तेरह अङ्गुल, चार यव, दो यूका, पाँच लिक्षा और तीन बालाग्र) का प्रकाल लेकर गोलाकार घुमाने से वृत्तकुण्ड का निर्माण हो जाता है।

विषम षडस्त्रकुण्ड बनाने का सरलप्रकार—

भक्तेक्षेत्र जिनांशैर्घृतिमितलवकैः स्वाक्षिशैलांशयुक्तै,
र्व्यासादर्घान् मण्डले तन्मितघृतगुणके कर्कटे चेन्दुदिक्तः।
षट्चिह्नेषु प्रदद्याद्रसमितगुणकानेकमोकन्तु हित्वा नाशे।
सन्ध्यत्तु दोषामपि च वृतिकृतेर्नेत्ररम्यं षडस्त्रम्॥

चौबीस अङ्गुल का चतुरस्र बनाकर उस चतुरस्र के ऊपर अठारह अंगुल और दो यव का एक गोलाकार वृत्त बनाकर उस वृत्त में छः निशान बराबर-बराबर के लगा दे। तदनन्तर उन निशानों पर रेखा देने से विषमषडस्त्र कुण्ड बन जायगा।

तात्पर्य यह है कि—एक रेखा टेढ़ी उत्तर दिशा से पूर्वदिशा के समीप दक्षांस में मिला दे। फिर एक टेढ़ी रेखा उत्तर दिशा की पहली रेखा समीप सटी से पश्चिम दिशा के समीप पुच्छ में मिला दे। फिर दक्षिण से एक रेखा टेढ़ी पूर्वदिशा के समीप मुख में मिला दे। फिर एक रेखा टेढ़ी दक्षिण दिशा से पश्चिम दिशा के समीप वाम श्रोणी में मिला देने से विषम षडस्त्र कुण्ड तैयार हो जाता है।

समषडस्त्र कुण्ड बनाने का प्रकार—

अथवा जिनभक्तकुण्डमानत्तिथिभागैः स्वखभूपभागहीनैः।
मितकर्कटोद्भवेतु वृते बिधुदितः समषड्भुजैः षडस्त्रम्॥

चौबीस अंगुल का चतुरस्र बनाकर उस चतुरस्र के ऊपर चौदह अंगुल सात यव और यूका का एक गोलाकार वृत्त बना दे। तदनन्तर

उस वृत्त में बराबर-बराबर के छः चिह्न कर देने से समषडस्रकुण्ड बन जाता है।

स्पष्टीकरण यह है-उत्तर दिशा से टेढ़ी रेखा मुख पर मिला दे, मुख से एक रेखा दक्षांस में मिला दे। दक्षांस से एक रेखा दक्षिण दिशा में दे। दक्षिण दिशा से एक रेखा टेढ़ी पुच्छ में दे। पुच्छ से एक रेखा वामश्रोणी में दे। वामश्रोणी से एक रेखा और दिशा में मिला दे।

पद्मकुण्ड बनाने का सुगमप्रकार-

अष्टांशाच्च यतश्च वृत्तशरके यादिमं कर्णिका
युग्मे षोडशकेशराणि चरमे स्वाष्टत्रिभागोनिते।
भक्ते षोडशधा शरान्तरधृते स्युः कर्कटेऽष्टौ छदाः।
सर्वास्तान्खनकर्णिकां त्यज निजायामोच्चकां स्यात्कजम्॥

चौबीस अङ्गुल का चतुरस्र बनाकर उस चतुरस्र के ठीक मध्य से एक गोलाकार प्रकाल द्वारा तीन अङ्गुल का वृत्त बनावे। तदनन्तर छः अङ्गुल का गोलाकार दूसरा वृत्त उसी के ऊपर बनावे। फिर नव अङ्गुल का वृत्त गोलाकार तीसरा और बारह अङ्गुल का गोलाकार वृत्त चतुर्थ उसी पर बनाने पर चौदह अङ्गुल, सात यव और तीन यूका अर्थात् साढ़े चौदह अङ्गुल का वृत्त गोल पाँचवाँ उसी पर बना दे। तदनन्तर दो वृत्त को छोड़कर अर्थात् प्रारम्भ के दो वृत्त तीन और छः का छोड़कर पश्चिम दक्षिण और उत्तर दिशा में एक एक चिह्न करे। फिर नैर्ऋत्य, वायव्य, ईशान और अग्निकोण में एक-एक चिह्न करे। इस तरह आठ चिह्न वृत्त में हुए-ऐसा निश्चय हो जाने पर उन दिशा और विदिशाओं के मध्य-मध्य में फिर एक-एक चिह्न दे। ये चिह्न सोलह बराबर-बराबर के होंगे। इस तरह सोलह चिह्न (रेखा) हो जाने पर उत्तर दिशा से एक चिह्न रेखा को

छोड़ता हुआ पद्माकार रेखा देने से पद्म कुण्ड का निर्माण हो जाता है। तात्पर्य यह है कि–कुल आठ रेखा (चिह्न) छूटने से पद्म कुण्ड बनने में जरा भी कठिनाई नहीं होगी।

विषम अष्टास्त्र कुण्ड बनाने का प्रकार–

क्षेत्रे जिनांशे गजचन्द्रभागैः स्वाष्टाक्षिभागेन युतैस्तु वृत्ते।
विदिग्दिशोरन्तरतो ऽष्टसूत्रैस्तृतीययुक्तैरिदमष्टकोणम्॥

चौबीस अङ्गुल के चतुरस्त्र के ठीक मध्य से अठारह अङ्गुल, पाँच यव और एक यूका अर्थात् साढ़े अट्ठारह अङ्गुल का एक गोलाकार वृत्त बनाकर उस निर्मित गोलाकार वृत्त में सोलह चिह्न बराबर करे। तदनन्तर दिशा ओर विदिशा के मध्य की रेखा से। (अर्थात् दिशाओं की और विदिशाओं की रेखाओं को छोड़कर) बनाने से विषम अष्टास्त्र कुण्ड बन जाता है।

तात्पर्य यह है कि–पूर्वदिशा के समीप दक्षांस अंश से एक रेखा सीधी पश्चिम की तरफ पुच्छ अंश में मिला दे। फिर पूर्वदिशा और ईशान के मध्य अर्थात् पूर्वदिशा के समीप मुख अंश से एक रेखा पश्चिम दिशा के समीप वामश्रोणी में मिला दे। उत्तर के वामांश अंश से एक रेखा सीधी दक्षिण दिशा के दक्षवार्श्व में मिला दे। फिर वामपार्व से एक रेखा सीधी दक्षिण दिशा के समीप दक्षश्रेणी में मिला दे। पूर्वस्थित दक्षांस से एक टेढ़ी रेखा वामपार्श्व में मिला दे। फिर ईशान और पूर्व के मध्य मुख से एक रेखा टेढ़ी दक्षश्रोणी में मिला दे। पश्चिम दिशा स्थित पुच्छ से एक रेखा टेढ़ी दक्ष पार्श्व में मिला देने से विषम अष्टास्त्र कुण्ड बन जाता है।

समअष्टास्त्र कुण्ड बनाने का प्रकार–

मध्ये गुणे वेदयभैर्विभक्ते शक्रैर्निजर्ष्यब्धिलवेन युक्तैः।
वृत्ते कृते दिग्विदिशान्तराले गजैर्भुजैः स्यादथवाष्टकोणम्॥

चौबीस अङ्गुल का चतुरस्र बनाकर उस चतुरस्र पर चौदह अङ्गुल, दो यव और तीन यूका का गोलाकार एक वृत्त बनाकर उसमें बराबर-बराबर के आठ चिह्न कर दें। यह ध्यान रखना आवश्यक है कि-ये चिह्न दिशा और विदिशा में नहीं होने चाहिये। यदि ये चिह्न दिशा और विदिशा में पड़े तो कुण्ड निर्माण में विघ्न आ सकता है। एक रेखा टेढ़ी (क) उसका प्रकार यह है-मुख से प्रारम्भ कर वामांश में मिलावे। (ख) वामां से सीधी रेखा प्रारम्भ कर वामपार्श्व में मिला दे। (ग) वामपार्श्व से एक टेढ़ी रेखा प्रारम्भ कर वाम श्रोणी में मिला दे। (घ) वाम श्रोणी से एक सीधी रेखा पुच्छ में मिला दे। (ङ) पुच्छ से एक टेढ़ी रेखा दक्षश्रोणी में मिला दे। (च) दक्षश्रोणी से एक सीधी रेखा दक्ष पार्श्व में मिला दे। (छ) दक्ष पार्श्व से एक टेढ़ी रेखा दक्षांश में मिला दे। (ज) दक्षांस से एक सीधी रेखा सीधी मुख में मिला दे। इस तरह आठ चिह्न वाला समअष्टास्र कुण्ड तैय्यार हो जाएगा।

नव कुण्डों पर कोटिहोमपद्धति का मत-

ननु एतानि शारदातिलके वेदमुक्त्वा प्रागादिदिक्षु दीक्षाङ्गत्वेनोक्तानि।

अष्टास्वांशासु कुण्डानि रम्याकाराण्यनुक्रमात्। चतुरस्त्रं योनिमर्द्धचन्द्रं त्र्यस्र सुवर्तुलम्। षडस्त्रं पङ्कजाकारमष्टास्त्रं तानि नामतः॥ इति।

तत् एतेषामेव सर्वसिद्धिकरं कुण्डं चतुरस्रमित्यादिना क्रमेण फलानि श्रुतानि। तेनाङ्गभूतानामेव तेषां कुण्डानायैक्त्य तूभयत्वे संयोगपृथकत्वमितिन्यायेन फलार्थत्वमपीत्येवं सति तत्र दीक्षाप्रकरणोक्तानामेषां काम्यानां कथमत्र प्राप्तिः। यदा हि विकृतावपि प्राकृतः काम्यो गुणो न गच्छतीतिन्यायस्तत्राविकृतिभूतेऽत्र

सुतरामप्राप्तिः। किञ्च–वेदेरत्रासत्वात्प्रागादिदिक्षु–उक्तान्यत्र कथं प्राप्नुयुः। कथञ्चित्प्राप्तौ त्वष्टकुण्डी प्राप्नुयात्।

अत्र ब्रूमः–

शारदायां मण्डपं वेदि चोक्त्वा दीक्षाङ्गभूतानि कुण्डान्युक्तानि। तदेत् सर्वसाधारणं न तु दीक्षामात्रविषयम्॥

तदग्रे–अथ दीक्षां प्रवक्ष्यामि इति दीक्षोपक्रमेण। प्राक् तत् प्रकरणाभावात्। होमादेश्चानुपस्थितत्वात्। एवं सति क्रियाविशेषानुपस्थितौ किमाश्रितानां कुण्डानां तत्तत्फलसाधनता बोध्येत्। वाक्येनेव दीक्षाद्याश्रयदाने वाक्यभेदापत्तिः प्रकृतकुण्डामामुपस्थितध्वात्तदाश्रितानां चतुरस्रत्वादीनां फलसम्बन्धे उच्यमानेऽपि कुण्डानामव्यापररूपाणामाश्रयत्वोयोग्यत्वात्तद्योग्याश्च क्रियाया अनुपस्थितत्वात्मागुक्तदोषाननिवृत्तिः। दीक्षादीनामत्रानुपस्थितौ कथमत्रत्य कुण्डमण्डप सम्बन्ध इति चेत्। तत्तत्वकरणस्यवाक्यैरिति ब्रूमाः। दीक्षातुलापुरुषदिप्रकरणे हिं मण्डपाष्टकुण्डद्याद्यङ्गत्वेन श्रुतम्। तत्प्रकारस्त्वयमनारभ्याधीतः सर्वसाधारणः पलाशत्वमिवेष्ट्याग्निहोत्रादिप्रकृतिभावनापन्नहोमसाधनीभूतजुह्वाम्। एतेनात्राप्यष्टकुण्डीप्राप्नुयादिप्यप्यपास्तम्। तदङ्गबोधकप्राकरणिकवाक्याभावात्।

न च दीक्षाया एव तत्र वक्ष्यमाणत्वात्तन्मात्रविषयत्वमस्य न तु साधारणमितिवाच्यम्। साधारणस्यैव स्वयं वक्ष्यमाणदीक्षार्थत्वेनात्र संग्रहमात्रातन्मात्रविषयत्वे मानाभावात्। अत एव हेमाद्र्याादिभिरेतान्येव वाक्यानि तुलापुरुषाद्यङ्गाष्टकुण्डाप्रदर्शनार्थमुदाहृतानि। तस्मात्प्रकरणाभावादाश्रया भावेन गुणफलसम्बन्धासंभवात्। तुलापुरुषादावष्टकुण्ड्या अङ्गत्मेव न तूभयार्थत्वम्। तेन सर्वसिद्धिकरं कुण्डमित्त्यादि सर्वकर्मसाधारण्येनैव व्याख्येयम्। सर्वसिद्धिकरं कर्मणि चतुरस्र कुण्डमिति।

अत एवाग्रे स्पष्टमुक्त वर्तुलं शान्तिकर्मणीतिविज्ञानललिते च। अभिचारोपशान्त्यर्थे होमे इति। कामिके च शान्तिके पौष्टिके इति। सर्वसिद्धिकरं कुण्डमित्यादिसामानाधिकरण्यं च प्रधानद्वारोपपाद-नीयम्। यथा यो वृष्टिकाम इत्यादि वृष्ट्याश्चर्थसौभरे एव हीषिति वृष्टिकामाय निधनं कुथदित्यादिना वृष्टिकामाय यत्सौभरं तत्र हीषिति विशेषविधिर्भवति। एवमिहापि।

विशिष्टोद्देशेऽपि न वाक्यभेदः। उद्देश्यापर्यवसानात् अन्यथा यत्र कापि चतुरस्रादिविकल्प प्रसंगादित्यादिविस्तरभयान्नेहोच्यते। तस्मादेतैर्वाक्यैः साधारण्येन तत्तत्फलविशेषार्थहोमादौ कुण्डविशेष-विधीयन्तेइत्ययुतहोमादौ शान्तिकत्वादिरूपेणानुष्ठीयमानेऽस्त्येषां कुण्डानां प्राप्तिरितिसिद्धम्।

तत्र त्वेतावान् विशेषः। तुलापुरुषादेरपि शान्त्याद्यर्थत्वेन तत्र प्राप्नुवन्त्येतानि कुण्डानि दिग्विशेवेष्वेव भवन्ति। ऐन्द्र्यां स्तंभे चतुःकोणमित्यादिकामिकादिवाक्यैस्तंभाद्यर्थकर्मसु प्राप्तचतुः कोणादिकुण्डेषु वेदितः पूर्वादिनियमात्प्राप्नुवन्ति।

अयुतहोमादौ तु मण्डपमध्यभाग एव भवन्ति। तस्यैव कुण्ड-देशत्वसाधनादित्यलम्।

तुलापुरुषाम्नातस्यापि मण्डपस्थप्राप्तिरत्रौपपादिता। तत्र तुला-रोहणादेः प्रधानवेद्यां कर्तव्यत्वेन वेदैः प्रधानदेशत्वात्तस्याश्च मध्यकार्य त्वोक्त्या मण्डपमध्यदेशस्य प्रधानदेशत्वं गम्यते एवं चात्र तस्मिन् मण्डपे प्रप्ते मध्देशस्य प्रधानदेशत्वमवगतं न त्यक्तुं नाय्यम्। अत्र च प्रधानहोमोऽयुतहोमादिसमाख्यावशात्। तेनापि मण्डपमध्यभागे कुण्डम्।

किञ्च भविष्योत्तरे–अयुतलक्षहोमायुक्त्वा कोटिहमं वदन् मण्डपमध्यभागे कुण्डमाह–मध्ये तु मण्डपस्यापि कुण्डं कुर्यात् विचक्षणं। अष्टहस्तप्रमाणेन आयामेन तथैव च।

तत्र तत्र विशेषविधिबलादेव भविष्यतीति वाच्यम्। लक्षहोमादेव कुंडस्य प्राप्तत्वात्ततविन्न विधेयं येन विशिष्टविधिः स्यात् एवं सति तदनुवादेन मध्यदेशविधानेऽष्टहस्तप्रमाणविधाने च वाक्यभेदः स्यात्। अतोऽस्मदुक्तमार्गेण मध्यदेशप्राप्तकुण्डानुवादेन तत्प्रमाणान्तर-विधिर्लाधवात्। विकृतिगतानुवादेन च प्रकृतावनवगतविशेष-सिद्धिर्न्यार्य्या। यथा सत्रेऽर्धित्वाद्यनुवादेनज्योतिष्टोमे दक्षिणावैषम्यसिद्धिः। तस्मादपि मण्डपमध्यभागे कुण्डम्।

वसिष्ठसंहितायां तु स्पष्टमुक्तम्—मण्डपं प्रकृत्य कुण्डं तन्मध्यभागे तु कारयेच्चतुरस्त्रकम्। वितस्तिद्वयखातं तत्कुण्डं स चतुरङ्गुलम्॥ इति॥

नव कुण्डों पर कुण्डकल्पलता का मत—

कुण्डकल्पतायाम्—अथ वक्ष्यमाणानि कुण्डानि तडोत्सर्गादौ अष्टचतुरत्रादिनानाप्रकाराण्यष्टौ तदसम्भवे चतुरस्राणि वर्तुलानि वा कृत्वा नवममाचार्यकुण्डं वृत्तं चतुरस्त्रं वा पूर्वशानयोर्मध्ये कुर्यात्। तदुक्तं शारदायाम्—

अष्टास्वाशासु कुण्डानि रम्याकाराण्यनुक्रमात्।
चतुरस्त्रं योनिमर्द्धचन्द्रं त्र्यस्त्रं सुवर्तुलम्॥
षडस्त्रं पङ्कजाकारमष्टास्त्रं तानि नामतः।
आचार्यकुण्डं मध्ये स्याद् गौरीपतिमहेन्द्रयो॥

आम्नायरहस्ये—

नवकुण्डविधानेन दिक्षु कुंडाष्टके स्थिते।
नवमं कारयेत्कुण्ड पूर्वेशानदिगन्तरे॥
कुंडानि चतुरस्त्राणि वृत्तनानाकृतानि च।

सोमशंभूः–

शस्तानि तानि वृत्तानि चतुरस्त्राणि वाद सदा।

अन्यत्रापि–

वेदास्त्राण्येव तानि स्युर्वर्तुलाण्यथवा क्वचित्।

पञ्चकुण्डीपक्षे–

कुर्यात्कुंडानि चत्वारि चतुर्दिक्षु विचक्षणः।
पञ्चमं कारयेत्कुंडमीशदिग्गोचरे द्विज॥

स्त्रीणां तु लिङ्गे विशेषः–स्त्रीणां कुंडानि विप्रेन्द्र योग्याकाराणि कारयेत्। अत्र च दर्शपौर्णमासयोः पञ्चदशसामिधेनीरनुब्रूयात् सप्तदश–वैश्यस्यैति। वैश्यकर्तृके सामिधेनीसादृश्यवत्स्त्री–कर्तृकतुलाकुण्डानां यौन्याकारेत्व नयमादाकारान्तरनिवृत्तिः।

यद्यपि लैङ्गे–नवकुण्डीप्रक्रमात् कुडानीति बहुवचने यथा प्राप्तानुवादान्नवकुण्डीपक्षे एव योन्याकारत्वमितिप्रतिभाति। तथाप्यु–द्देश्यगतसंख्याया ग्रहेकत्ववदविवक्षितत्वान्मत्स्यपुराणोक्ते।

चतुःकुण्डीपक्षेऽपि–स्त्रीणां योन्याकारतैव भवति। तथा ब्रह्माण्डादौ तुलापुरुषविकारे एवमेवकुण्ड तस्यामि स्त्रीकर्तृकत्वे योन्यांकारेति।

नव पञ्चाय वैकं वा कर्तव्यं लक्षणान्वितम्–न चात्र वाक्ये पक्षात्रयस्यापि समविकल्पियत्वे नवपञ्चकुंडीपक्षयोरनुष्ठानापतेः। तस्मात्तत् फलस्य कर्मनिष्पत्तेः तेषां लोकवत्परिमाणतः फलविशेषः स्यान्नवपञ्चककुण्डपक्षाणां फलतारतभ्यमेव कल्प्यम्। तानि सर्वाणि दीक्षासु स्थापनादिषु कर्मसु। हस्तमात्राणि चतुरस्त्राणि कार्याणीत्यर्थः।

पुराणोक्ततुलादानादौ तु नवकुंडीपक्षः श्रेष्ठः, पञ्चकुंडीपक्षः मध्यमः, एककुंडीपक्षः कनिष्ठः। रुद्रानुष्ठानायुतहोमलक्षहोमेष्वेकमेव कुण्डमित्युक्तम्॥ इति॥

प्रतिष्ठादि में–मण्डप सोलह हाथ या चौदह हाथ होगा। उसमें स्तंभ बाहर के बारह सात हाथ के होंगे और भीतर मण्डप के चार स्तम्भ साढ़े आठ हाथ के होंगे। इन स्तम्भों का पंचमाश भूमि के भीतर में रहेगा। मध्यवेदी–एक हाथ ऊँची सवा पाँच हाथ आठ अंगुल लम्बी–चौड़ी सोलह हाथ के मण्डप में होगी। चौदह हाथ के मण्डप में चार पाथ सोलह अंगुल की होगी। ऊँची एक हाथ होगी। कुण्ड चौतीस अंगुल का होगा। उसका प्रकार यह है कि–चौतीस अंगुल का जो गज रहेगा उस चौतीस अंगुल के गज में चौतीस अंगुल का चौबीस अंगुल ही बनना चाहिये। उस हिसाब से दो अंगुल की नीचे की पहली मेखला दूसरी तीन अंगुल की मेखला और तीसरी ऊपर की मेखला चार अंगुल की होगी। इनकी लंबाई नव अंगुल की होगी। चौड़ाई प्रथम दो अंगुल और दो अंगुल लंबाई, दूसरी तीन अंगुल चौड़ाई तीन अंगुल लम्बाई और तीसरी चार अंगुल चौड़ाई योनि उसी पूर्व वाले गज से बारह अंगुल लम्बी पश्चिम दिशा के ठीक मध्य से होगी। इसमें एक अंगुल कुण्ड के भीतर, एक अंगुल कण्ठ और दस अंगुल बाहर रहेगी। इनकी चौड़ाई आठ अंगुल होगी। ऊपर और पीछे की तरफ बारह अंगुल ऊँची और कुण्ड के भीतर ग्यारह अंगुल ऊँची होगी। मध्य मेखला में परिन्तरण छिद्र होगा। नाभी दो अंगुल चौड़ी चार अंगुल लम्बी होगी। ध्वजा–दो हाथ चौड़ी पाँच हाथ लम्बी वाहन के साथ होगी। पताका–सात हाथ लम्बी एक हाथ चौड़ी शस्त्र सहित होगी। इनमें गेरु आदि से शस्त्र और वाहन बनेंगे।

शतमुखकुण्डका बनाने का प्रकार द्वैतनिर्णय सिद्धान्त संग्रह के मत से–

शतमुख में अर्थात् सौ हाथ के समचतुरस्त्र मण्डप के तीन भाग पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और उत्तर दिशा से करे। फ्री भाग (हिस्सा)

तैतीस हाथ आठ अंगुल करे। इस तरह हो जानेपर मण्डप के मध्य नवमांश में दक्षिणोत्तर लम्बी तैतीस हाथ आठ अंगुल की चार रेखा बराबर की दे। प्रत्येक रेखा में पाँच-पाँच कुण्ड निर्मित होंगे। प्रत्येक कुंड का अन्तराल (मध्य) साढ़े चार हाथ सात अंगुल होगा। अर्थात् एक कुण्ड के बन जाने के बाद दूसरा कुण्ड साढ़े चार हाथ सात अंगुल जमीन छोड़कर बनेगा। इस तरह चार दक्षिणोत्तर लम्बी रेखा में सब बीस कुंड बनेगें। उन रेखाओं का अन्तराल सात हाथ आठ अंगुल होगा। सारांश यह है कि-एक रेखा दक्षिणोत्तर लम्बी देने पर दूसरी रेखा देते समय सात हाथ आठ अंगुल जमीन छोड़कर रेखा दे। इस तरह तीन और चार रेखा में व्यवस्था कर लेनी चाहिये।

अब बचे हुए अस्सी कुंडों का अवशिष्ट आठ नवमांशों में विभक्त करें। उसका प्रकार यह है कि प्रत्येक नवमांश में दो-दो कुंड बनेंगे। इस तरह आठ नवमांशों में कुल सोलह कुंड हुए। फिर उन्हीं आठ नवमांशों में क्रम से दिशा और विदिशा में आठ-आठ कुंड बन जाने से सौ कुंडों का निर्माण सुगमतया से हो जायेगा।

(क) कुछ लोग प्रधान वेदी ईशान देश में मानते हैं, पर बहुमत से पूर्वदिशा में ही प्रधान वेदी करना ही उचित है।

(ख) इस मण्डप में स्तंभ मध्य के पचास हाथ के चार होंगे। द्वितीय श्रेणी में-तैतीस हाथ आठ अंगुल के होंगे। तृतीय श्रेणी में-पच्चीस हाथ के स्तंभ होंगे।

(ग) पूजन सोलह ही, स्तम्भ का विशेष चिह्न से चिह्नित करना चाहिये, यही विधान है। बाकी का कोई विधान तथ्य शास्त्रों में न मिलता है न देखने में ही आया है।

(घ) सौ कुण्ड पचीस हाथ के मण्डप में न बनकर पचास हाथ के मण्डप में बन सकते हैं। लेकिन हजारों ब्राह्मण बैठकर इन कुण्डों में हवन नहीं कर सकते।

-पं. दौलतराम गौड़ वेदाचार्य

(क) कुण्डस्य रूपं जानीयात्परमं प्रकृतेर्वपुः।
उदरं कुण्डमित्युक्तं योनिः पादौ तु पश्चिमे॥
(ख) कुण्ड तन्त्रोक्तमार्गेण निर्मायाथ सलक्षणम्।
रक्तमृच्छालिपिष्टाभ्यां भूषयदृक्प्रियं यथा॥
(ग) विधानमालायाम्–
आयुर्वृद्धौ तथा शान्त्यै कोटिहोम चरेन्नृप।
कोटिहोमात्परं नास्ति कर्मारिष्टविनाशने॥
न ततुल्य तथा राज्ञां महोत्पातविनाशनम्।
कोटिहोमे यथाशक्तिर्लक्षे वाऽप्ययुते तथा॥
प्रतिवर्ष प्रकर्तव्यं हवनं पुष्टिवर्धनम्॥

किसी के मत से दूसरा प्रकार–

मध्य नवमांश में दक्षिणोत्तर लम्बी क्रम से चार रेखा दे। इन चार रेखाओं में क्रम से सात कुण्ड बनेंगे। कुल अट्ठाइस कुण्ड होंगे। इनमें प्रत्येक कुण्ड का अन्तराल (मध्य) दो हाथ छः अंगुल का होगा।

अब अवशिष्ठ बहत्तर कुण्डों को आठ नवमांशों में विभक्त करे–

उसका प्रकार यह है कि–आठ नवमांशों में अलग–अलग दो-दो कुण्ड बनाने से सोलह कुण्डों के बाहर परिधि रूप से तीन-तीन कुण्ड फिर बन जाने से चौबीस कुण्ड हो जायेगें। इसी तरह पुनः उसी आठ नवमांशों के परिधि रूप से चार–चार कुण्ड बनने से बत्तीस कुण्डों की व्यवस्था से गिनती में सौ कुण्ड हो जाते है।

इन कुण्डों का अन्तराल दो हाथ छः अंगुल ही होगा। ऐसी परिस्थिति में कुण्डों के समीप बैठने से उन कुण्डों की ज्वाला आदि द्वारा महान् क्लेश होगा। अतः यह पक्ष हेय ही है।

(१) इन कुण्डों में अग्निस्थापन नैर्ऋत्य कुण्ड में सर्वप्रथम करे। वही आचार्य कुण्ड होगा। क्योंकि कोई भी कुण्ड अत्यन्त मध्य स्थित न होने के कारण प्रागुदपवर्ग प्रचारानुरोध से नैर्ऋत्य कुण्ड ही आचार्य कुण्ड स्वीकृत न्यान्य प्राप्त है। यह शान्तिमयूख आदि निबन्धों का जोरदार मत है। प्रयोगपारिजातकार तो किसी तरह मध्य कुण्ड मानकर उसी को आचार्य कुण्ड कह उसी में सर्वप्रथम अग्नि स्थापन करना चाहते है। यह ठीक नहीं। अतः नैऋत्यकुण्ड से ही सर्वप्रथम अग्नि प्रणयन करे।

(२) कुछ आधुनिकों का मत है कि-

कुर्यात्कुण्डानि चत्वारि प्राच्यादिषु विचक्षणः।
पञ्चमं कारयेत्कुण्डमीशानदिग्गोचरे॥

'आचार्य कुण्ड़ मध्ये स्याद् गौरीपतिमहेन्द्रयोः'। इन वचनों से ईशान आदि दिशा का कुण्ड आचार्य कुण्ड हो सकता है। क्योंकि इन वचनों का कोई बाधक वचन नहीं है।

पर यह कहना ठीक नही है। क्योंकि मत्स्यपुराणादि में प्रतिष्ठा आदि प्रकरण में पठित होने से वहाँ ही चरितार्थ होंगे।

शान्तिमयूखोक्त प्रकार से शतमुख कुण्ड निर्माण-

सौ हाथ समचतुरस्त्र मण्डप का त्रिभाग होजाने पर उस त्रिभाग के मध्य नवमांश में पूर्व दिया में-दक्षिण दिशा से उत्तर दिशा में(उदक् संस्थ) पाँच कुण्डों की एक पंक्ति लॅम्बी बनावे। इसी तरह पश्चिम दिशा में उद्क संस्थ-(दक्षिण से उत्तर) तीन पंक्ती और हो जाने पर उनमें भी पाँच-पाँच कुण्ड बनेगें। उस तरह बीस कुण्डों की व्यवस्था हो जायगी।

इन पंक्तियों का अन्तराल आठ हाथ सात अंगुल होगा और प्रत्येक कुण्ड का अन्तराल साढ़े सात हाथ सात अंगुत होगा।

अब अवशिष्ट अस्सी कुण्डोंकी व्यवस्था बतलाते हैं-

उस मण्डप में बचे आठ नवमांशों के फ्री मध्य में दो दो कुण्ड और बनने से सोलह कुण्ड होंगे। फिर उन्ही आठ नवमांशो में बने दो-दो कुंडों के बाहर दिशा और विदिशा में आठ-आठ कुंड और तय्यार हो जाने से अस्सी कुण्डों की सुगमतया व्यवस्था हो जाती है। इस तरह सौ कुंड गिनती में आ जाते हैं।

(१) गौतमः-

कोटिहोमेषु नियमा बहवः सन्ति पार्थिव।
मौनं पद्मासनं ध्यानं हविष्यान्नं च भक्षणम्॥
स्थण्डिले शयनं गन्धताम्बूलादीनि वर्जयेत्।
मन्त्रान्तमुच्चरन् हुत्वा हविरुत्तानपाणिना॥
सन्त्यज्य विविधानेतान् ऋत्विजो वर्तयन्सदा।
दोषाद्क्रियासन्त्यागान् न होमफलमश्नुते॥

(२) कोटिहोमे त्वाचार्य प्रार्थने विशेषः-

त्वं मे यतः पिता माता त्वं गतिस्त्वं परायणः।
त्वत्प्रसादेन विप्रर्षे सर्वं में स्थान्मनोगतम्।
आपद्धिमोक्षाय च मे कुरु यज्ञमनुत्तमम्।
कोटिहोमाख्यमतुलं शान्त्यर्थं सर्वकालिकम्॥

दशमुख में पद्धति मत और किसी निबन्ध का मत-

पचास हाथ के समचतुरस्त्र मण्डप के नव भाग हो जाने पर उन नव भागों में क्रम से-कुंडों का निर्माण होगा। जैसे-मण्डप के निर्ऋतिदेश में-प्रथम कुंड, दूसरा-कुंडपश्चिम देश में, तीसरा कुंड-वायुकोण में, चतुर्थ कुंड-दक्षिण दिशा में, पाचवाँ कुंड-

मध्य के दक्षिण भाग के आधे हिस्से में और छठवाँ कुंड-मध्य के उत्तरार्ध भाग में होगा।

यहाँ यह बात आवश्यक बतला देना चाहिये कि-कुछ भाग पूर्वदिशा से और कुछ भाग पश्चिम दिशा से लेकर ही कुंड द्वय बनवाना चाहिये। अन्यथा कुंड बनने में बाधा पड़ सकती है।

सातवाँ कुंड-उत्तर दिशा में, आठवाँ कुंड-अग्निदिशा में नवमाँ कुंड-पूर्वदिशा में और दशवाँ कुंड ईशानकोण में होगा। इन कुण्डों में आचार्य कुंड नैर्ऋत्य दिशा का ही प्रागुदपवर्गप्रचारानुरोध से होगा। जिसे प्रथम कुंड शब्द से कहा गया है। नवग्रहयाग में तो सर्वप्रधान सूर्य के होने से मध्य का ही कुंड आचार्य कुण्ड होगा, यह शान्तिमयूखोक्ति ठीक है।

दशमुख शान्तिमयूख के मत में-

पचीस हाथ या पचास हाथ के समचतुरस्त्र मण्डप के नवभाग बराबर-बराबर के कर लेने पर पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और उत्तर दिशा का ज्ञान मात्र हो ऐसे मध्य नवमांश से बिल्कुल सटे चार कुंडों को बनावे। तात्पर्य यह है कि ये दिशाओं के कुंड मध्य नवमांश में ही अधिक रहेंगे और उनके बनाने की व्यवस्था ऐसी हो जिससे ब्राह्मण भी सुख से बैठ जाँय। और पूर्वदिशा के नवमांश में प्रधान वेदी होगी। बाकी बचे ७ नवमांशों में से छः में क्रम से छः कुण्ड बनवा दे। एक नवमांश बिल्कुल ही छोड़ दे। इस तरह दस कुण्डों की व्यवस्था होगी। इसी पक्ष को द्वैतनिर्णयसिद्धान्त संग्रह आदि निबन्धों ने भी लिखा है।

शतमुख मण्डप का निर्माण प्रकार-

सौ हाथ समचतुरस्त्र-पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और उत्तर दिशा से तैय्यार हो जाने पर उस मण्डप के चारों दिशाओं से सूत्रों द्वारा दस विभाग करने से प्रत्येक दस-दस हाथ परिमित सौ कोष्ठ होंगे। यह कुण्डरत्नावली और शान्तिसार का पक्ष है।

(१) प्राचीसूत्रमुदकसूत्र च दशधा विभज्य दश दश प्रागग्राणि दद्यात्। तेन दशहस्ताः शतं कोष्ठयः सम्पद्यन्ते। तेषां च मध्यं प्रसाध्य द्विहस्तकुण्डानि कुर्यात्। तानि चैकैकस्यां वीथ्यां दश दशेत्येव दशवीथी कुर्यादिति [लिखितकोटिहोमपद्धतौ]।

द्विमुख मण्डप और कुण्ड–

पचीस हाथ के समचतुरस्त्र मंडप का प्री भाग आठ हाथ आठ अंगुल करे। इस प्रकार नवभाग करने पर मध्य नवमांश में–पूर्व दिशा से और पश्चिम दिशा से कुछ हिस्सा लेकर उसके मध्य नवमांश में मिलाकर उसमें दो कुंड दक्षिणोत्तर बना देने से द्विमुख कुंड तैयार हो जायेंगे। इसमें आचार्य कुंड दक्षिण दिशा वाला होगा। वही प्रधान कुंड कहा जायेगा।

(१) क्रियासारे–

नारिकेलदलैर्वापि पल्लवैर्वाथ वेणुभिः।
आच्छाद्या मंडपः सर्वे द्वारवजे तु सर्वतः॥ शारदातिलके
वितानदर्भमाद्यैरलं कुर्वीत मंडपम्।
पुष्पमालाविदानाद्यं सर्वाश्चर्य मनोहरम्॥ गौतमीतन्त्रे
कृतपल्लव मालाद्यं वितानैरुपशोभितम्।
विचित्रवस्त्रसंछन्नं गुल्यस्तंभविभूषितम्॥ सिद्धान्तशेखरे
फलैर्नानाविधैर्भक्ष्यैर्दर्णेश्चारैरपि।
भूषितं मण्डप कुर्याद्रत्नपुष्पसमुज्वलम्॥

(१) मण्डपस्तं भविष्ये–

कालोत्तरेवस्त्रचन्दनपुष्पाद्यं वस्त्रचन्दनभूषिताः।
हयशीर्षपञ्चरात्रेदर्पणैश्चामरैघण्टेः स्तभान् वस्त्रैविभूषयेत्॥

(२) कुंडकल्पलतायाम्—

कोटिहोमं प्रकृत्यहस्तैश्चतुर्भिस्तन्मध्ये कुण्डं कार्य समन्ततः। तस्य चाकारविशेषानुक्तेः।

श्रौत और कर्मों में कुंड तथा मंडप मुख्य हैं या गौण स्मातादि—

श्रौत—स्मार्त और तान्त्रिक ये तीन प्रकार के कर्म हैं। पौराणिक कर्म तान्त्रिक में ही अन्तर्भूत हैं। पौराणिक कर्म को पृथक् मानने वाले चार प्रकार के कर्म मानते हैं।

श्रौत और स्मार्त कर्म के प्रतिपादक आश्वलायन आदि श्रौत सूत्र गृह्यसूत्र मनु आदि स्मृति और गौतमादि धर्मसूत्र भी हैं। इनमें कुंड-मंडप की परिभाषा देखने में नहीं आती है। परन्तु मंडप का यज्ञशाला शब्द से और कुंड का वेदी शब्द से व्यवहार होता है।

वेदं कृत्वा वेदिं करोति वेद्यामिव हुताशनः।
अमी वेदिं परितः क्लृप्तधिष्ण्याः॥

इत्यादि स्थलों में वेदी शब्द से कुंड का ग्रहण है। और यज्ञशाला, पत्नीशाला स्थलों में मंडप के लक्षण से यज्ञशाला आदि का लक्षण भिन्न है। तान्त्रिक तो समचतुरस्र चारद्वार, चारउपद्वार और मध्य में ऊँचा मंडप कहते हैं। वैदिक तो एक द्वार, पताका आदि रहित तथा मध्येन्नति रहित मंडप बनाते हैं। योनी गर्त आदि सहित कुंड तान्त्रिकों को अभिमत है। वैदिको को कुंड में योनि गर्तादि अभिमत नहीं है।

कुण्डमण्डप की आवश्यकता

नित्यं नैमित्तकं हित्वा सर्वमन्यत्समंडपम्—

कोटिहोमपद्धति और मत्स्योक्त वचन से काम्यकर्म में मंडप आवश्यक है। नित्य तथा नैमित्तिक कर्म में ऐच्छिक है। नित्यं नैमित्तिकं होम स्थण्डिले वा समाचरेत्। शारदातिलक मत से नित्य

और नैमित्तिक कर्म स्थण्डिल या कुंड में करें, परन्तु काम्यकर्म को कुंड में ही करें।

कर्मभेद उनके उदाहरण विभिन्न मतों से–

कर्म तीन प्रकार के हैं, नित्य नैमित्तिक और काम्य। अहरहः सन्ध्यामुपासीत पञ्चयत्रान्न हापयेत्। यावज्जीवमग्रिहोत्रं सुहयात्। दर्शपूर्णमासाभ्यां यजेत् इत्यादि नित्यकर्म हैं। षण्णवतिश्राद्धादि नैमित्तवश किये जाते हैं। नित्य और नैमित्तिक कर्म न करने से प्रत्यवाय होता है। जिस कर्म को न करने से प्रत्ययाय न हो और करने से वृद्धि हो उसे काम्य कहते हैं। जैसे–तीर्थयात्रा, व्रत, दान, यज्ञ, शान्तिके तथा पौष्टिक–यह मीमांसक मतानुसारिकर्मकाण्डियों का सिद्धान्त है।

यज्ञो दान तपश्चैव पावनानि मनीषिणाम्।
एतान्यपि तु कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा फलानि च॥
कर्तव्यानीति मे पार्थ निश्चितं मतमुत्तमम् (भ. गी. अ. १८)

इत्यादि वचन से सिद्ध है कि फलाभिलाषी न होकर क्रियमाण काम्यकर्म भी निष्काम कर्म होते हैं। यह वेदान्तियों का सिद्धान्त है।

कुण्डमण्डप का प्रयोजन–

तीन प्रकार के कर्म होते हैं–दृष्टफल, अदृष्टफल और दृष्टफलक। वृष्टिाकामः करीयां यजेत इत्यादिश्रुतिसे विहित कारोरेष्ट्यादि वृष्टिरूप ऐहिक फल का जनक होने के कारण दृष्टफलक कर्म है। यावज्जीवमग्निहोत्रं जुहुयात्। इत्यादि विधिबोधित अग्निहोत्रादि अदृष्टफलक कर्म है। दध्नेन्द्रियकामस्य जुहुयात् इत्यादि इन्द्रियकामना के लिये अग्निहोत्रविधि दृष्टादृष्टफलक है। अग्निहोत्रविधि स्वत्वरूप से अदृष्टफल को दधिरूप गुणांश से दृष्ट इन्द्रियफल को भी उत्पन्न करता है। प्रश्न–प्रतियोगी और अभाव

का विरोध होने के कारण दृष्ट और अदृष्ट का एकत्र समावेश कैसे होगा। उत्तर–हम दृष्टादृष्ट का एकत्र समावेश नहीं कहते हैं किन्तु दध्नेन्द्रियकामस्य जुहुयात् यह गुणाविधि दृष्टादृष्टफलक है। इतना ही कहते हैं, यह विरुद्ध नहीं है। घट और घृध्वंश दोनों का कारण जैसा दण्ड है। इसी प्रकार कुण्ड और अदृष्ट उभय फलक हैं। वप्र–र्गतादि अंश से हवि का सम्यक् पाक होता है और होताओं को ज्वाला आदि सम्बन्ध नहीं होता। इसलिये कुण्ड दृष्टफलक है और नहीं भी योनी, कण्ठ आदि अंश से अदृष्टफलक भी है वहाँ दृष्टफल सम्भव नहीं है। विधिबलात् नाभ्यादि निर्माण होता है। अतः स्वर्गादि अदृष्टफल की वहाँ कल्पना की जाती है। स स्वर्गः सर्वान् प्रत्यविष्टत्वात् इत्यादिशास्त्र से अश्रुतफल में स्वर्गफल माना जाता है एवं मण्डप भी आतप वर्षादि का निवारक होने से दृष्टफलक है और स्तम्भपरिमाण, स्तम्भनिवेश का प्रकार विशेष इतर दारु का सन्निवेशप्रकारविशेष इत्यादि नियमांश से अदृष्टफलक भी है। जैसे–ब्रीहीनवहन्ति यहाँ पर अवहनन विधि तण्डुलनिष्पादक होने के कारण दृष्टफलक है और अवहनन से ही निष्पादक करना नखविदलनादिना नहीं करना इत्यादि नियमांश से अदृष्टफल भी है।

मण्डप का लक्षण–

मण्डपोऽस्त्री जनाश्रयः–अमर०। यद्यपि मण्डपशब्द सामान्य जनाश्रयवाची है। तदनुसार उत्सार्थ गृहमण्डपानम्। लतामण्डपः। सभामण्डपः। इत्यादि प्रयोग भी मिलते हैं। तथापि प्रकृतोपयोगी तान्त्रिक परिभाषा सिद्ध मण्डप लक्षण कहते हैं–पञ्चरात्राद्युक्तरचनावत् यज्ञायनत्व मण्डपस्य लक्षणम्। पञ्चरात्राद्युक्त रचनावाला यज्ञ का आयतन मण्डप होता है। विशेषण न कहें तो वैदिक–यज्ञशालादि में अव्याप्ति होगी और विशेष न कहें तो देव प्रसादादि में अतिव्याप्ति है, इसलिये दोनों आवश्यक है।

मण्डप का स्वरूप–

मण्डप दो प्रकार का है–स्थिरस्वास्तुरूप और चलवास्तुरूप। प्रतिष्ठाद्यै कैककर्मोपयुक्तोऽस्थिरद्रव्यनिर्मितश्चलः। शिलेष्टकादिनिर्मितः पर्यायेण बहुकर्मोपयुक्तः स्थिरमण्डप इत्युच्यते। अस्थिर द्रव्य निर्मित चल और स्थिर द्रव्य निर्मित अचल मण्डप होता है। गर्भागारस्य पुरतः सुजनासीति मण्डपः। तत्र नन्दी तु संस्थाप्यो देवस्याभिमुखः स्थितः। तदग्रे नवरङ्गाख्ये मण्डपं रचयेत्सुधीः। तत्पुरो बलिपीठं च तदग्रे ध्वजदण्डकम्। तत ईशानदिग्भागे यागमण्डपमारचेत्। स्थिरतास्तुविधानेन शिवयागादिसिद्धये। नात्र दार्वादिनियमो भविता द्वारमेकमुदीरितम्। तदा-तदा ग्रागकाले तोरणं स्यात् पृथक्-पृथक्। यद् द्रव्यं देवसदनं तद्द्रव्येणैव कारयेत्। नात्रोपयुक्तत्वदोषो भवितात्र स्वतः क्वचित्। तत्तत्कर्मसु पार्थक्याद्-द्वास्तुहोमादिकं चरेत्। (क्रियासार)

मण्डप प्रकार–

तत्तत्कर्मोपयुक्तद्वादशहस्तादि विस्तारवान् प्रान्ते द्वादशभिर्मध्ये चतुर्भिश्चस्तम्भैर्विधृतः मध्योच्छ्रितश्चतुर्दिक्षु क्रमावतीर्णपटलश्चतुरस्यचतुर्दिक्षु द्वार-तोरणवान् यथोक्तदारुसन्निवेशवान् किञ्चिदुच्छ्रितभूत भूमिकस्तान्त्रिकाभिमतो मण्डपः।

कुण्ड स्वरूप–

तत्तत्कर्मानुरूपपरिमाण्वन् मेखला-गर्त-कण्ठ-योनि-नाभिमत् अग्नायतनं तान्त्रिकाभिमतं कुण्डमुच्यते।

स्थण्डिलस्वरूप–

हवनकर्मपर्यासो वालुकादिद्रव्यैरास्तृतश्चतुरेकाद्यङ्गुलोत्सेधो भूभागः स्थण्डिलम्। इसमें कुण्डधर्म मेखलादि कोई मानते हैं कोई नहीं मानते हैं। अतः मेखलादि कृताकृत हैं।

न्यूनाधिकप्रमाण में भी कुण्ड और मण्डप कर्मोपयोगी होते हैं या नहीं–

शास्त्र में कुण्ड का प्रमाण होमसंख्या के अनुसार विहित है। उसमें भी मुष्टि मात्रकितं कुण्ड शतार्धे सम्प्रचक्षते (शारदा०) एकहस्तमिदं कुण्ड शतार्धे सम्प्रचक्षते (शारदा०) यह दो प्रकार विहित है। सिद्धान्तशेखर में त्रिकरं व्यवस्था कोटिहोमपद्धतिकार ने की है–एतत् शीघ्रदाहिघृतादिद्रव्यहोमविषयम्। तिलयवादि-स्थूलद्रव्यहोमे तु होमसंख्याविशेषाम्नातमेव कुण्ड ग्राह्यम्। घृतादि होमद्रव्यमे अल्पपरिमाण और स्थूलद्रव्य में अधिक परिमाण का कुण्ड होता है। यह व्यवस्था विकल्प जहाँ दो वचन का तुल्यवलविरोध हो वहाँ माना जाता है। तुल्यबल विरोध विकल्पः यह शास्त्रसिद्धान्त है। वह विकल्प दो प्रकार का है व्यवस्थि-विकल्प और तुल्यविकल्प। जहाँ व्यवस्थापक कोई हो उसको व्यवस्थित कहते हैं। जहाँ व्यवस्थापक न हो उसको तुल्य कहते हैं। उदिते जुहोति अनुदिते जुहोति। यह दो वाक्य हैं। प्रथमश्रुति से सूर्योदयानन्तर अग्निहोत्र विहित है और द्वितीयश्रुति से सूर्योदयात् प्राक् सिद्ध है। ये दोनों श्रुतियाँ अग्निहोत्र विधायक नहीं है। अग्निहोत्र तो यावज्जीवमग्निहोत्रं जुहुयात्–इसी से सिद्ध है, किन्तु अग्निहोत्र का अनुवाद करके तनङ्गभूत काल विधायक ये श्रुति हैं। इसीलिये इनको गृणविधि कहते हैं। यद्यपि यहाँ विधिवाचक लिङ्गादि नहीं है। तथापि लट्का लिङ्गत्वेन विपरिणाम होता है इन दोनों श्रुतियों का परस्परविरोध होने पर दोनों तुल्यबल हैं, अतः विकल्प का आश्रयण होता है। वह भी जिनके सूत्र में उदितहोम विहित है उनको उदित होमी होना चाहिये और जिनके सूत्र में अनुदिनहोम विहित है। उनको अनुदित होम करना चाहिये। यह व्यवस्थित विकल्प है। आतरात्रे षोडशिनं गृह्णाति। नातिरात्रे षोडशिनं गृह्णाति। इत्यादि में व्यवस्थापक न होने से तुल्यविकल्प है। अतः अतिरात्रयाग में षोडशिग्रह ग्रहण ऐच्छिक है। प्रकृति में

कुण्ड के विषय में न्यूनाधिक व्यवस्थित परिमाण प्रतिपादक वाक्यों में व्यवस्थापक गुरुलघुद्रव्यादि हैं अतः विकल्प माना जाता है। इस प्रकार यावत्संख्याक होम में यावत्परिमाण कुण्ड विहित है वहाँ उससे न्यूनाधिक परिमाणवाला कुण्ड कहा जाता है। एतादृश न्यूनाधिक परिमाण कुण्ड का भी कहीं कहीं उपयोग होता है। न्यून संख्योदिते कुण्डेऽधिको होमो विधीयते। अनुक्तकुण्डे न्यूनस्तु नाधिके शस्यते क्वचित् (कोटिहोमपद्धतिः) न्यूनसंख्यावाले कुण्ड में अधिक हवन होता है। अधिक संख्यावाले कुण्ड में न्यून हवन नहीं होता है। इस वचन से न्यूनकुण्ड में अधिक होम शास्त्रकारों को अभिमत है यह सिद्ध है। इसी प्रकार अधिक कुण्ड में न्यूनहोम भी कहीं अभिमत है कोटिहोमपद्धति में-

न्यूनसंख्येऽपि स्थूलद्रव्यपरिमाणाधिक्यादावधिकसंख्योक्तमपि कुण्ड भवति। अर्थात्परिमाणम्-इति कात्यायनोक्तेः। न्यूनसंख्याहोम में भी अधिक-होमसंख्यावाला कुण्ड होता है। यह लिखा है। कुण्डरत्नावली में भी आहुति तारतम्य से कुण्डविस्तार कहकर अन्त में कहा है कि-कुण्ड व्यवस्था द्रव्य के स्थूल और सूक्ष्ममान से अपनी बुद्धि से विद्वानों को करनी चाहिये। इससे सिद्ध होता है कि-चर्वादिगुरुद्रव्यहोम में अधिक प्रमाण भी कुण्ड ग्राह्य है। शतोर्धेरत्नि स्यात्-इत्यादि वचन से शताधशत सहस्रादि हवन में कुण्ड परिमाण कितना-कितना हो इस शंका को दूर करने के लिये 'न्यूनसंख्योदिते' यह वचन है। इसलिये नवशत अष्टशतादि अनुक्त कुण्डहोम सहस्रहोमोदित कुण्ड में नहीं करना किन्तु पूर्वकथित-शतसंख्याकहोमकुण्ड में ही करना यह सिद्ध होता है। इस प्रकार 'न्यूनसंख्योदिते' यह वचन अनुक्त कुण्डक आन्तरालिक होम में न्यून कुण्ड का विधायक हुआ। तब यही वचन अधिक कुण्ड में गुरुद्रव्यक न्यून होम का निषेध नहीं कर सकता है। क्योंकि दो कार्य का विधान करने से वाक्य भेद दोष होता है। पूर्वार्द्ध से न्यून कुण्ड

में अधिक होमविधान और उत्तरार्द्ध से अधिक कुण्ड में न्यून होम का निषेध। विधानद्वय करने में अनुक्त कुण्डों न्यूनस्तु यह अनुक्त कुण्ड स्वरूप जो होम का विशेषण है, यह बाधित होता है। कदाचित् कहें कि–

न्यूनानिधिकं न कर्तव्यं कुण्ड कुर्याद्धिनाशनम् परशुरा०) इस वचनान्तर के रहते अधिक कुण्ड उपादेय नहीं हो सकता है, तो इसका उत्तर यह है कि यह वचन भी प्रकृतार्थ साधक नहीं है। किन्तु इस वचन का हो नाधिकाङ्ग लक्षण रहित कुण्ड निषेध में ही तात्पर्य है। इस वचन के पूर्व–

'आयामखातविस्तारायथातथं तथातर्थम्' यह वचन है और 'खातेऽधिके भवेद्रोगी ही ने धेनुधनक्षय' यह उत्तर वचन है। इस प्रकार पूर्वापरपर्यालोचनया अलक्षण कुण्ड का निषेधक ही परशुराम वचन है, कि अधिक कुण्ड में अल्पाहुति का नहीं यह स्पष्ट है।

कोई विद्वान्–अनुक्त कुण्डो न्यूनस्तु नाधिके शस्यते क्वचित्। यहाँ क्वचित् शब्द से अधिक कुण्डमात्र में न्यूनहोम का निषेध करते हैं परन्तु यह भी ठीक नहीं है, क्योंकि चार हाथ के कुण्ड में जिसमें दो–दो हाथ के चार भुजमान हैं वहाँ पर 'खातं क्षेत्र समं प्राहुः' इत्यादि शास्त्र से दो हाथ के खात करने पर कुण्डावकाशरूप क्षेत्रफल आठ हाथ का होता है, एवं द्वित्रिहस्तादि कुण्ड में सर्वत्र क्षेत्रफल के आधिक्य होने पर भी द्विहस्त त्रिहस्त चतुर्हस्त कुण्ड यही व्यवहार प्रामाणिक कहते हैं, विचार करने पर तत्तद्धोम के प्रति ये भी अधिक कुण्ड हैं। तो क्वचित् शब्द से यदि अधिक कुण्डत्वावच्छिन्न में न्यूनहोमसामान्य निषेध माना जाय तो इन कुण्डों का भी निषेध हो जायेगा। कोटिहोमपद्धति में स्पष्ट कहा है कि–यद्यपि द्विहस्तत्रिहस्तादिकुण्डेषु हस्तमात्रमेव खातं युक्तं अन्यथा क्षेत्रफलाधिक्यात्। तथापि वचनादधिकमपि खातं न दोषाय, आगे चलकर लिखा है–

एतेन कुण्डभूतलमेव क्षेत्रफलमितिवदन्तः परास्ता। गर्तस्य न्यूनाधिक्येऽपि भूतले प्रमाणाधिक्यन्यूनत्वाद्य संभवात्। सिद्धस्य भूतलस्य फलत्वायोगाच्च साध्य। स्त्ववकाशः फलत्वेनाभ्युपगन्तुं युक्तम्॥ न च ज्योतिष्टोमेन स्वर्गकामो यजेतेत्यादौ सिद्धस्यम्। स्वर्गस्य कथं फलत्याभ्युपगम इत्याशङ्कनीयम्॥ तत्रापि साध्यस्य कर्तृस्वर्गसम्बन्धस्यैव फलत्वमिति सन्तोष्टव्यम्।

कुण्डभूतल ही क्षेत्रफल है, यह भी ठीक नहीं है। जिस प्रकार द्वित्रि हस्तादि कुण्ड में क्षेत्रफल के आधिक्य होने पर भी न्यूनहोम वचनबल से होता है। इसी प्रकार चर्वादिगुरुद्रव्यहोम में भी अधिक कुंड ग्रहण शास्त्रकारों को अभिप्रेत है। इससे सिद्ध हुआ कि न्यूनाधिक कुण्ड भी वचनबल से कहीं कर्मोपयोगी होता है।

एवं न्यूनाधिक मण्डप भी कर्मोपयोगी होता है। विशुद्धस्तप्रमाणेन मण्डपंकूटमेव वा (कोटिहोमप०) लक्षणरहित मण्डप को कूटमण्डप कहते हैं। यह कूटमण्डप स्वलक्षण मण्डप के अभाव में है।

सलक्षण मण्डपासम्भवे छायामात्रं कर्तव्यम्। तत्र अपूर्वप्रयुक्तत्वाद्धर्माणां यवेष्विव व्रीहिधर्माः मण्डपपूजादयोऽप्यत्र भवन्ति।

(कोटिहोम प०)।

अलक्षण मण्डप में भी यवों में व्रीहीधर्म के सदृश मण्डप पूजादि होते हैं। तात्पर्य यह है कि–दर्शपूर्णमासयाग में पुरोडाश के

